दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 35 | जयपुर | शनिवार, 07 दिसम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष षष्टी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan

# पहले की सरकारों ने नॉर्थ-ईस्ट को वोटों से तौला : मोदी

## कहा : हमारे मंत्री 10 साल में 700 बार नॉर्थ-ईस्ट गए, निवेश बढ़ाया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पहले की सरकारों ने नॉर्थईस्ट के विकास पर ध्यान नहीं दिया, क्योंकि नॉर्थईस्ट के पास वोट कम थे और यहां सीटें कम थीं। अटल जी की सरकार के दौरान नार्थईस्ट के विकास के लिए अलग मंत्रालय बनाया गया था।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों ने पिछले दशक में पूर्वोत्तर की 700 यात्राएं कीं। हम पूर्वोत्तर को इमोशन, इकॉनमी और इकोलॉजी की त्रिमूर्ति से जोड़ रहे हैं। पिछले 10 सालों के दौरान हमने पूर्वोत्तर के साथ दिल्ली और दिल के अंतर की भावना को कम करने की कोशिश की है। पीएम मोदी ने ये बातें दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजन तीन दिन के अष्टलक्ष्मी महोत्सव के उद्घाटन पर कहीं। इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर राज्यों सांस्कृतिक विरासत दिखाई जाएगी। पीएम ने कहा कि अष्टलक्ष्मी महोत्सव अपनी तरह का पहला और अनोखा आयोजन आयोजन है। आज इतने बड़े स्तर पर नॉर्थईस्ट में निवेश के द्वार खुल रहे हैं, ये नॉर्थईस्ट के किसानों, कारीगरों और शिल्पकारों के साथ-साथ दुनियाभर के निवेशकों के लिए भी बेहतरीन मौका है।





### पीएम मोदी के संबोधन मुख्य बातें...

हमने बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई जैसे बड़े शहरों को उभरते देखा है। आने वाले दशकों में हम अगरतला, गुवाहाटी, गंगटोक, आइजोल, शिलांग, ईटानगर, कोहिमा जैसे शहरों की शक्ति देखेंगे। इसमें अष्टलक्ष्मी जैसे आयोजनों की बहुत बड़ी भूमिका होगी।

नॉर्थ ईस्ट में अनेक ऐतिहासिक शांति समझौते हुए हैं। राज्यों के बीच भी जो सीमा विवाद थे, उनमें भी काफी सौहार्दपूर्ण ढंग से प्रगति हुई हैं। नॉर्थईस्ट में हिंसा के मामले में कमी आई हैं। अनेक जिलों से AFSPA को हटाया जा चुका है। हमें मिलकर अष्टलक्ष्मी का नया भविष्य लिखना है, इसके लिए सरकार हर कदम उठा रही है। पूर्वोत्तर भारत में नेचुरल रिसोर्सेस बहुत हैं। पूर्वोत्तर में खनिज, तेल और जैव विविधता का अद्भुत संगम है। यहां रिन्यूएबल एनर्जी की अपार संभावनाएं हैं। पूर्वोत्तर प्राकृतिक खेती और बाजरे के लिए प्रसिद्ध है। हमें गर्व है कि सिक्किम पहला ऐसा राज्य है जो जैविक खेती करता है। क्या है अष्टलक्ष्मी महोत्सव असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम ऐसे राज्य हैं जिन्हें अष्टलक्ष्मी या समृद्धि के 8 रूप कहा जाता है। ये भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अष्टलक्ष्मी महोत्सव में नॉर्थईस्ट के पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि उत्पाद और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने का कॉन्सेप्ट रखा गया है। तीन दिन के इस महोत्सव में कई तरह के कार्यक्रम होंगे। कारीगरों की प्रदर्शनियां, ग्रामीण हाट, राज्य-विशिष्ट मंडप और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए अहम क्षेत्रों पर टेक्निकल सेशन भी होंगे।

## देश में 85 केंद्रीय और 28 नवोदय विद्यालय खोले जाएंगे

### केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दिल्ली मेट्रो के रिठाला-कुंडली कॉरिडोर को भी मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की शुक्रवार को दिल्ली में बैठक हुई। इसमें 85 केंद्रीय विद्यालय, 28 नवोदय विद्यालय और दिल्ली मेट्रो के रिठाला-कुंडली कॉरिडोर के कंस्ट्रक्शन को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- देश में 85 नए केंद्रीय विद्यालय और 28 नवोदय विद्यालय बनाए जाएंगे। नवोदय विद्यालय उन जिलों में बनेंगे, जो अभी तक नवोदय विद्यालय स्कीम में नहीं थे। वैष्णव ने कहा- नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए पीएम श्री स्कूल योजना लाई गई है। सभी केंद्रीय विद्यालयों (केवी) और नवोदय विद्यालयों को पीएम श्री स्कूल के तौर पर तैयार किया गया है। जिससे इन्हें दूसरे स्कूलों के लिए मॉडल स्कूल बनाया जा सके।

उन्होंने कहा इन स्कूलों को बनाने के लिए 8232 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। केवी के लिए 5,872 करोड़ रुपए और एनवी के लिए 2,360 करोड़ रुपए हैं। नए केवी से 82 हजार 560 छात्रों को एनवी से 15 हजार 680 छात्रों फायदा होगा। इन स्कूलों के कारण 6700 जॉब जनरेट होंगी। केवी में 5388 रेगूलर ओपनिंग और एनवी में 1316 ओपनिंग जनरेट होंगीं।

## किसान नेता बोले- केंद्र आज बातचीत करे : नहीं तो 8 दिसंबर को जत्था दिल्ली कूच करेगा

बढ़ता राजस्थान

**पटियाला/जींद।** हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से किसान शुक्रवार (6 दिसंबर) को दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन मार्च शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद किसान पीछे हट गए। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हरियाणा पुलिस की तरफ से दागे गए आंसू गैस के गोलों के कारण हमारे काफी नेता घायल हुए हैं। इसके बाद हमने जत्थे को वापस बुला लिया। पंधेर ने कहा कि हरियाणा पुलिस से हमारी बातचीत हुई। उन्होंने हमसे मांग पत्र मांगा। इसके बाद हमने उन्हें मांग पत्र सौंपा। जिसमें केंद्र सरकार से वार्ता की बात कही है। कल का दिन केंद्र सरकार से बातचीत के लिए रखा गया है। उन्होंने कहा है कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, इसलिए हम कल तक इंतजार करेंगे। हम सरकार से टकराव नहीं चाहते। हमसे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान बात करें। पंधेर ने कहा कि केंद्र वार्ता करेगा तो ठीक, नहीं तो रविवार यानी 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच करेगा। पिछले 9 महीने से कैंप लगाकर बैठे किसानों ने दोपहर एक बजे 101 किसानों का जत्था दिल्ली रवाना किया था।

## दिल्ली में नहीं हो पा रही फ्लाइट्स की लैंडिंग : दुबई और कोलकाता से फ्लाइट डायवर्ट होकर पहुंची जयपुर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सर्दी बढ़ने के साथ ही मौसम परिवर्तन का सिलसिला शुरू हो गया है। इसका सबसे ज्यादा असर एयर ट्रैफिक पर नजर आ रहा है। कोहरे की वजह से दिल्ली में फ्लाइट लैंड नहीं कर पा रही है। जिन्हें अब ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम द्वारा जयपुर एयरपोर्ट पर डाइवर्ट किया जा रहा है।

शुक्रवार को दुबई और कोलकाता से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की दो फ्लाइट को जयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। दोनों ही फ्लाइट अलग-अलग वक्त पर दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड होने वाली थी। कोहरे की वजह से रनवे पर कम दृश्यता के चलते फ्लाइट लैंड नहीं कर पाई। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम से संपर्क कर जयपुर एयरपोर्ट पर प्लेन को डाइवर्ट कर सफल लैंडिंग की। वहीं जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट डाइवर्ट होने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।


## लोन महंगा नहीं, न ईएमआई बढ़ेगी

### आरबीआई ने रेपो रेट 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा

#### लेकिन महंगाई बढ़ने की आशंका; इससे इकोनॉमिक ग्रोथ घट सकती है

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** आपके मौजूदा लोन महंगे नहीं होंगे, न ही आपकी ईएमआई बढ़ेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ब्याज दरों को 6.5% पर बरकरार रखा है। सेंट्रल बैंक ने लगातार 11वीं बार दरें नहीं बदली हैं। आखिरी बार फरवरी 2023 में ब्याज दर 0.25% बढ़ाकर 6.5% की गई थी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। यह मीटिंग हर दो महीने में होती है। आरबीआई ने महंगाई बढ़ने की आशंका भी जताई है, जिससे इकोनॉमिक ग्रोथ पर निगेटिव असर पड़ सकता है। इसीलिए अगले फाइनेंशियल इयर में तृष्क्ष ग्रोथ अनुमान 7.2% से घटाकर 6.6% कर दिया गया है।



### आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग में आम आदमी को क्या मिला

**1. लोन ग्राहकों के लिए:** आरबीआई ने ब्याज दरों को 6.5% पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और मौजूदा लोन की ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25% बढ़ाकर 6.5% की थीं।

**2. किसानों के लिए:** कोलेटरल फ्री एग्रीकल्चरल लोन यानी कोई सामान गिरवी रखे बिना कर्ज देने की सीमा 1.6 लाख रुपए प्रति उधारकर्ता से बढ़ाकर 2 लाख रुपए प्रति उधारकर्ता करने का फैसला लिया गया है। एग्रीकल्चरल इनपुट कॉस्ट और ओवरऑल इन्फ्लेशन में बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है। आखिरी बार इसमें 2019 में बदलाव किया गया था।

**3. यूपीआई ग्राहकों के लिए:** यूपीआई पर क्रेडिट लाइन यानी अकाउंट में पैसा न होने पर भी भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने की इजाजत अब स्मॉल फाइनेंस बैंकों को भी दी गई है। इसकी शुरुआत सितंबर 2023 में हुई थी। तब इसे शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक्स जैसे एसबीआई, एसडीएफसी, आईसीआईसीआई और ऐसे ही दूसरे बड़े बैंक्स के जरिए उपलब्ध कराया गया था।

**4. बैंकों के लिए:** कमेटी ने बैंकों के लिए अनिवार्य कैश रिजर्व रेश्यो यानी सीआरआर को 4.50% से घटाकर 4% कर दिया है। इससे बैंकों के पास नकदी बढ़ेगी, जिसका इस्तेमाल वे लोन बांटने के लिए कर सकते हैं। बैंकों को अपने पास जमा राशि का एक न्यूनतम प्रतिशत आरबीआई के पास रिजर्व के तौर पर रखना होता है। इसे ही सीआरआर कहा जाता है। इसका इस्तेमाल आरबीआई इकोनॉमी में मनी फ्लो को कंट्रोल करने के लिए करती है। इससे लिक्विडिटी यानी बाजार में नकदी की उपलब्धता नियंत्रित रहती है।

**5. इकोनोमिक ग्रोथ पर:** आरबीआई गवर्नर ने देश की अर्थव्यवस्था के बेहतर रहने की उम्मीद जताई, लेकिन कुछ चुनौतियों का जिक्र भी किया, जो इस पर असर डाल सकती हैं।

खरीफ की अच्छी पैदावार, बांधों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी से एग्रीकल्चरल ग्रोथ को सपोर्ट मिला है। खनन और बिजली के भी सामान्य होने की उम्मीद है।

## सुप्रीम कोर्ट का ड्रग्स के आरोपी को जमानत से इनकार

### नार्कोस-ब्रेकिंग बैड वेब सीरीज का हवाला दिया, कहा- ड्रग्स सिंडिकेट युवाओं को मार रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ड्रग्स के मामले के आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया। इसके लिए जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने नार्कोस और ब्रेकिंग बैड वेब सीरीज का हवाला दिया। सुनवाई के दौरान आरोपी के वकील ने बेंच से कहा- नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्स्टांसेस एक्ट के मामले में गिरफ्तार व्यक्ति समाज के लिए कोई बड़ा खतरा नहीं है, उसकी गिरफ्तारी गलत है। इस पर बेंच ने कहा- इस तरह के ड्रग्स सिंडिकेट देश के युवाओं को मार रहे हैं। जस्टिस शर्मा ने कहा, मैं आपसे (आरोपी के वकील) पूछता हूं, आपने नार्कोस देखी होगी बहुत मजबूत सिंडिकेट, शायद ही कभी पकड़ा जाता है। एक और फिल्म जो जरूर देखनी चाहिए, वो ब्रेकिंग बैड। आप इन लोगों से नहीं लड़ सकते जो सचमुच इस देश के युवाओं को मार रहे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 4 अक्टूबर के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ की गई अपील पर सुनवाई की। जिसमें हाईकोर्ट ने आरोपी को जमानत देने से इनकार किया था।






## राहुल की नागरिकता केस, हाईकोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा : सुब्रमण्यम स्वामी की अर्जी में कांग्रेस नेता की सिटीजनशिप रद्द करने की मांग, 13 जनवरी को सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग वाली अर्जी पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिका पर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार का रुख पूछा है। यह याचिका भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने दायर की है। कार्यवाहक चीफ जस्टिस विभु बाखरू और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने सरकार के वकील से जवाब मिलने तक आगे के निर्देशों को स्थगित कर दिया है। अदालत ने स्वामी की याचिका पर औपचारिक नोटिस जारी नहीं किया। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए प्रॉक्सी वकील ने कोर्ट को सूचित किया कि मामले पर केंद्र सरकार की तरफ से पेश होने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया गया है। नए वकील को मामला समझने के लिए समय चाहिए। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई 13 जनवरी 2025 को तय कर दी।

पिछली सुनवाई पर 6 नवंबर को हाईकोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दाखिल करने वाले विग्नेश शिशिर को दो हफ्ते में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था।



दरअसल, शिशिर ने दावा किया है कि राहुल के पास 'लाल रंग' का पासपोर्ट है, जिस पर ब्रिटिश सरकार की मुहर लगी है। भारत में नागरिकता कानून के तहत कोई भी व्यक्ति दोहरी नागरिकता नहीं ले सकता है। शिशिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए लखनऊ बेंच ने गृह मंत्रालय से 19 दिसंबर तक बताने को कहा है कि क्या राहुल गांधी के पास दो देशों की नागरिकता है?

दिल्ली हाईकोर्ट में बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने याचिका दाखिल की थी। उन्होंने राहुल की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग की है। पिछली सुनवाई के दौरान सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि मैंने कई लेटर लिखे हैं। तब कोर्ट ने कहा कि लखनऊ हाईकोर्ट में दायर कार्यवाही के बारे में क्या जानकारी है? सुब्रमण्यम स्वामी ने जवाब दिया कि इसका हमसे कोई लेना-देना नहीं है।

**दिल्ली और लखनऊ हाईकोर्ट में एक जैसी याचिका**

सुब्रमण्यम ने कहा, मुझे बस अपनी शिकायत से मतलब है। प्रक्रिया के बारे में गृह मंत्रालय से जवाब चाहिए। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि लखनऊ हाईकोर्ट में दाखिल याचिका काफी व्यापक लगती है। हम नहीं चाहते कि दो हाईकोर्ट में एक जैसी दो याचिकाएं लंबित रहें। सुब्रमण्यम ने कहा कि लेकिन हमें इसकी बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि लखनऊ हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता पर पहले से ही जांच चल रही है। स्वामी ने कहा कि इससे हमारा क्या लेना-देना है? कोर्ट ने कहा कि लखनऊ हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले लोग हमारे सामने आएं और हलफनामा दाखिल करें। स्वामी ने कहा कि मैं आपराधिक या सिविल कार्यवाही की मांग नहीं कर रहा हूं। मैं केवल उनकी नागरिकता पर सवाल उठा रहा हूं। हम बस इतना कह रहे हैं कि आप 2 देशों के नागरिक नहीं हो सकते।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# उज्जैन के सीजेएम ने महाकाल प्रतिमा भेट कर किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/उज्जैन।** महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा जयपुर के गलता गेट से आए गुरु गोविंद नारायण का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उज्जैन के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) राजेंद्र श्रृंगार ने महाकाल मंदिर प्रबंधन की ओर से महाकाल प्रतिमा भेंट की। इस कार्यक्रम में सुशीला, अभिषेक गुप्ता और माधव जांगिड भी उपस्थित रहे।

महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से यह आयोजन विशेष रूप से गुरु गोविंद नारायण के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करने के लिए किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने महाकाल के आशीर्वाद की कामना की और इस मौके को ऐतिहासिक बताया।

# यूनियन बैंक के सीनियर मैनेजर रमेश चंद्र कुमावत को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** यूनियन बैंक के सीनियर मैनेजर रमेश चंद्र कुमावत को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया । जयपुर रीजन की 77 ब्रांचों में रिटेल पैरामीटर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ग्रामीण व बैंक स्टाफ द्वारा माला पहनकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सुखराम यादव, परितोष श्रीमाल, मुकेश मीणा, रामकरण चौधरी, अर्जुन सोनी, हरि नारायण, गिरधर, राजेश जाजोरा, नान्चीलाल कुमावत, राधाकृष्ण, कैलाश चंद्र गैदर, गोवर्धन पुरी, सुरेंद्र पारीक, सत्यनारायण पुरी, छीतरमल जांगिड़, अतहर अली आदि लोग मौजूद रहे।

## 11 जोड़ों का विवाह हुआ सम्पन्न

# सोलहवें सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति द्वारा जनकल्याणकारी दैनिक गतिविधियों के अतिरिक्त कन्यादान महादान की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए जरूरतमंद परिवारों की विवाह योग्य 11 कन्याओं का सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन (सोलहवां) का भव्य आयोजन शुक्रवार को दिनांक 06 दिसम्बर 2024 को कटेवा नगर, गुर्जर की थड़ी स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में विद्वान पंडितों के द्वारा विधि विधान पूर्वक सम्पन्न करवाया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों एवम् सहयोगियों द्वारा नव विवाहित दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया एवम् दीर्घकालीन सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की तथा उपहार भेंट किए गये। समारोह के समापन के अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक आर के अग्रवाल एवम् अध्यक्ष श्याम विजय द्वारा कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ अनिल जैन, समिति के समस्त पदाधिकारियों एवम् सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया एवम् सभी का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने हेतु प्रेरित किया।





## गृह रक्षा बल का 62वां स्थापना दिवस समारोह हर्षो उल्लास से मनाया

# 31 अधिकारी व कार्मिक एवं एक स्वयंसेवक आश्रित डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल से सम्मानित


## कमांडेंट स्वाति शर्मा को महानिदेशक गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा रजत पदक व प्रशस्ति पत्र की घोषणा


बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बेगस के फतेहपुरा गांव स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में गृह रक्षा बल का 62वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को मुख्य अतिथि महानिदेशक एवं महासमादेष्टा राजेश निर्वाण की अध्यक्षता में हर्षो उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर 31 अधिकारी एवं कार्मिकों एवं मरणोपरांत एक स्वयंसेवक के परिजन को डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि निर्वाण द्वारा झंडारोहण किया गया। नवनियुक्त आरक्षियों की चार टुकडियों द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। इसके पश्चात निदेशक, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा बिजेन्द्र सिंह द्वारा भारत सरकार से प्राप्त राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, गृह सचिव गोविंद मोहन, महानिदेशक अग्निशमन एवं नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक विवेक श्रीवास्तव एवं राज्य सरकार से प्राप्त राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी तथा आनन्द कुमार व अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग राजस्थान द्वारा प्रसारित संदेशों का पठन किया गया।

**31 अधिकारी व कार्मिक एवं मरणोपरांत एक स्वयंसेवक का आश्रित डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल से सम्मानित :** इस अवसर पर मुख्य अतिथि निर्वाण द्वारा गत वर्ष गृह मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एवं प्रशस्ति डिस्क तथा उनके कार्यालय द्वारा वर्ष 2023 एवं 2024 में प्रदत्त महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एव प्रशस्ति डिस्क से 06 अधिकारियों , 14 कार्मिकों, 11 स्वयं सेवकों तथा मरणोपरांत 01 स्वयं सेवक के आश्रित को प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस पी. राम जी, महानिरीक्षक पुलिस संदीप सिंह चौहान एवं मुख्यालय एवं केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण व गृह रक्षा के नव नियुक्त आरक्षी एवं स्वयं सेवक सम्मिलित

**कमांडेंट स्वाति शर्मा को रजत पदक एवं पांच कार्मिकों को कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र की घोषणा :** गृह मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा गृह रक्षा के 62वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान की एक अधिकारी कमाण्डेन्ट स्वाति शर्मा को महानिदेशक, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा 'रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र' व कार्मिक कम्पनी कमाण्डर चन्द्रशेखर शर्मा, प्लाटून कमाण्डर सत्यनारायण सिंह, सीनियर असिस्टेंट मुकेश कुमार कुमावत व स्वयं सेवक विजेन्द्र शर्मा एवं नागेन्द्र मोहन शर्मा को कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाने की घोषणा की गयी। यह पदक अगले वर्ष गृह रक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदान किये जायेंगे।





# एस्टीरिया एयरोस्पेस ने सेना को एटी-15 वीटोल ड्रोन सौंपे

## जियो प्लेटफ़ॉर्म्स की इकाई है एस्टीरिया एयरोस्पेस



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/बेंगलुरु ।** एस्टीरिया एयरोस्पेस ने भारतीय सेना को एटी-15 वर्टिकल टेकऑफ़ और लैंडिंग (वीटोल) ड्रोन की डिलिवरी पूरी कर दी है। यह अब तक का सबसे बड़ा स्वदेशी ड्रोन कॉन्ट्रैक्ट है, जो भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रहा है। एटी-15 ड्रोन दुश्मन की गतिविधियों पर नज़र रखने और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। यह 6,000 मीटर की ऊंचाई पर तेज़ हवाओं में भी काम करने में सक्षम है। 120 मिनट की उड़ान क्षमता और 20 किमी की रेंज वाला यह ड्रोन दिन-रात उच्च-गुणवत्ता वाली निगरानी कर सकता है। एस्टीरिया के निदेशक नील मेहता ने कहा, 'हम रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' बेंगलुरु स्थित कंपनी की अत्याधुनिक रिसर्च लैब भविष्य की तकनीकों पर काम कर रही है। एटी-15 भारतीय सीमाओं की सुरक्षा में अहम साबित होगा।

# राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर पुलिस : प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

## जेईसीसी परिसन बना छावनी, हर गतिविधि पर रखी जा रही है नजर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 9 दिसंबर से राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे । प्रधानमंत्री के जयपुर दौरे और समिट की सुरक्षा को लेकर जेईसीसी परिसर को छावनी में तब्दील किया गया है । पुलिस — प्रशासन की ओर से शहर में चाक चौबंद इंतजाम किए गए है । समिट में देश — विदेश से कई मेहमान और उद्योगपति भी शामिल होंगे । 11 आईपीएस अधिकारियों समेत करीब 4 हजार पुलिसकर्मी समिट की सुरक्षा की कमान संभालेंगे । इसके अलावा आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था के लिए भी 2 आईपीएस समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को कमान सौंपी गई है । एडिशनल कमिश्नर लॉ एण्ड ऑर्डर रामेश्वर सिंह ने बताया कि समिट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के आलाधिकारियों ने केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक कर सुरक्षा इंतजामों को अंतिम रूप दिया है । समिट की सुरक्षा के लिए 11 आईपीएस, 36 एडिशनल एसपी, 67 डिप्टी एसपी, 182 इंस्पेक्टर, 320 एसआई-एएसआई, 2750 पुलिस जवान और 4 कंपनी आरएसी की तैनाती की गई है । वहीं यातायात व्यवस्था के लिए 2 आईपीएस समेत करीब 1200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए है । प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा को लेकर तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है । आयोजन को लेकर शहर के प्रमुख इलाकों में सादा वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात किए गए है । साथ ही होटल — गेस्ट हाउस ,रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में भी सघन जांच की जा रही है । हाइराइज भवनों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए है , तो वहीं सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी निगरानी रखी जा रही है । पुलिस ने आसूचना तंत्र को भी सक्रिय कर आयोजन को सफल बनाने की पूरी तैयारी कर ली है ।

# आँल इण्डिया ओबीसी एसोसिएशन फुलेरा की कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा( नि.स. )।** आँल इंडिया रेलवे ओबीसी एंप्लाइज एसोसिएशन मे फुलेरा स्थित शाखा के कार्यकारिणी का शुक्रवार को गठन किया गया है। एसोसिएशन के मंडल सचिव अनिल कुमार के मुताबिक फुलेरा स्थित एसोसिएशन के शाखा कार्यकारिणी का गठन, चुनाव के माध्यम से किया गया। सभी कार्यकारिणी सदस्यों को निर्विरोध चुना गया है। संजय कुमार, ट्रैकमेंटेनर अध्यक्ष के पद पर जबकि अनिल कुमार यादव, सहायक लोको पायलट शाखा सचिव के पद पर निर्वाचित हुए हैं।

# उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया नागरिक सुरक्षा के 62वां स्थापना दिवस

## नागरिक सुरक्षा निदेशालय में आयोजित हुआ स्थापना दिवस समारोह

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** विधाधर नगर स्थित निदेशालय नागरिक सुरक्षा भवन में नागरिक सुरक्षा का 62वां स्थापना दिवस उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अनुप्रेरणा सिंह कुंतल, आयुक्त नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा झंडारोहण किया गया। आयुक्त अनुप्रेरणा सिंह कुंतल एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा सक्षम जयपुर-2024 के अन्तर्गत समस्त उपखण्डों में आपदा प्रबन्धन एवं नागरिक सुरक्षा का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम संबंधी पोस्टर विमोचन किया गया। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा अमित शर्मा ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक बुधवार को जयपुर के प्रत्येक उपखण्ड पर आपदा प्रबन्धन एवं नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में आम लोगों को जागरुक किया जाकर उनका क्षमता संवर्धन किया जावेगा। समारोह में स्वयंसेवकों द्वारा नागरिक सुरक्षा सेवाओं जीवंत प्रदर्शन किया गया जिसमें बम विस्फोट या अन्य किसी आपदा/विपदा के दौरान क्षतिग्रस्त स्मॉक चेम्बर, बहुमंजिला इमारतों इत्यादि से हताहतों को नागरिक सुरक्षा बचाव दलों की मदद से विभिन्न बचाव विधाओं से बचाव प्रक्रिया को दर्शाया गया।

साथ ही आग लगने पर अग्निशमन दलों द्वारा प्रयोग में लिए जाने वाले अलग-अलग उपकरणों का उपयोग कर भीषण आग पर नियंत्रण करना बताया गया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा विभाग के कार्मिकों/स्वयंसेवकों को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किये गये। समारोह में उप निदेशक नागरिक सुरक्षा निदेशालय सुमन देवी, स्टाफ ऑफिसर इन्द्रमल सीनियर सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कार्मिकों सहित कुल 500 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कार सवार बदमाशों ने किया शराब की दुकान लूटने का प्रयास

## कार से शटर को टक्कर मारी, विरोध करने पर सेल्समैन को किया कुचलने का प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करधनी थाना इलाके में कार सवार बदमाशों ने बुधवार -गुरूवार की मध्यरात्रि को एक शराब की दुकान को लूटने प्रयास किया। बदमाशों ने बोलेरो से टक्कर मार कर दुकान का शटर तोड़ दिया। बदमाशों शोर मचाने पर सैल्समेन पर उस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। बदमाशों की यह करतूत मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने बताया कि माधोराजपुरा निवासी जितेन्द्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि बुधवार रात को दुकान बंद कर वह पास स्थित अपने कमरे में चला गया। इसके बाद बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि को कमरे में सोते समय दुकान के शटर की जोर से आवाज आई। कमरे से बाहर आकर देखने पर सफेद कलर की बोलेरो गाड़ी से शटर को टक्कर मारी जा रही थी। दो बार टक्कर मारकर बदमाशों ने दुकान का शटर तोड़ दिया। दूर से देखकर चिल्लाकर शोर मचाने पर बदमाशों ने बोलेरो उसकी तरफ दौड़ाई। बोलेरो चढ़ाने की कोशिश करने पर साइड में होकर सेल्समैन जितेन्द्र सिंह ने अपनी जान बचाई। बोलेरो सवार बदमाश कालवाड़ रोड की ओर भाग निकले।

पीड़ित का कहना है कि बोलेरो से शटर तोड़कर बदमाश शराब लूट के इरादे से आए थे। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज के आधार पर पुलिस बोलेरो सवार बदमाशों की तलाश कर रही है।

# महिला ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान

## परिजनों ने कराया दहेज हत्या का मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** झोटवाड़ा थाना इलाके में एक महिला ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। इस मामले में परिजनों ने दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतका ममता कुमारी (26) पुत्री किशन सिंह राजसमंद के भीम की रहने वाली थी। साल-2019 में उसकी शादी देवगढ़ राजसमंद निवासी चेतन सिंह (30) से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी झोटवाड़ा के परमानंद नगर में रह रहे थे। आरोप है कि पिछले दो साल से पति चेतन सिंह दहेज की मांग को लेकर बेटी ममता को मानसिक-शारीरिक टॉर्चर कर रहा था। शराब पीकर चेतन अक्सर मारपीट किया करता था। दहेज के लिए परेशान करने को लेकर मिली शिकायत पर कई बार समझाइस भी की, लेकिन उसके बाद भी कोई असर नहीं हुआ। पिता किशन सिंह का कहना है कि 3 दिसम्बर को सुबह ममता ने कॉल कर उन्हें अपनी परेशानी बताई। कहा कि मैं यहां जयपुर में नहीं रह सकती। मुझे यहां से आपके पास ले चलो। यह मुझे ज्यादा परेशान कर रहे हैं। मेरे साथ कुछ भी कर सकते है। बेटी ममता को जयपुर आकर ले जाने की तसल्ली देकर शांत करवाया। मृतका ने परिजनों को बताया था कि पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। मरने से पहले पिता को कॉल कर विवाहिता ने अपनी परेशानी बताई थी।

दहेज टॉर्चर से परेशान होकर विवाहिता ने अपने घर पर फंदा लगा लिया। अगले दिन 4 दिसम्बर को दोपहर करीब 1 बजे दामाद चेतन सिंह ने कॉल कर बेटी के मरने की बात बताई।

### फंदा लगाकर किया सुसाइड

मृतका के पति चेतन सिंह ने पुलिस को बताया कि 4 दिसम्बर को सुबह करीब 9 बजे दोनों पति-पत्नी जाग गए थे। उठने के बाद घर के दूसरे कमरे में फंदा लगाकर ममता ने सुसाइड कर लिया। काफी समय तक कमरे से बाहर नहीं आई। दोपहर करीब 12 बजे कमरे में जाकर देखने पर ममता फंदे से लटकी मिली। पड़ोसियों की मदद से फंदे से ममता को तुरंत नीचे उतारकर कांवटिया हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टर्स ने चेकअप के दौरान ममता को मृत घोषित कर दिया।

# प्रयागराज कुंभ 2025 के लिए उदयपुर मार्बल एसोसिएशन की अनूठी पहल 1111 थालिया और थैले भेट किये




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में 144 वर्ष के बाद 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित हो रहे हरित महाकुंभ में भाग लेने के लिए विश्व भर से लगभग 40 करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। महाकुंभ को प्रदूषण मुक्त करने के एक थाली एक थैला अभियान के क्रम में उदयपुर मार्बल एसोसिएशन ने 1111 थालिया और थैले उदयपुर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रांत स्वयंसेवी संस्थान (छळ०) प्रमुख गणपत लोहार को भेट की।

गणपत लोहार ने बताया कि कुंभ को पर्यावरण युक्त, प्लास्टिक मुक्त हो ऐसा संकल्प सभी समाज ने लिया है, जिसमे सम्पूर्ण समाज अपनी भागीदारी करने वाला है। इस महाकुंभ में देश विदेश से लगभग 40 करोड़ श्रद्धालु पहुंचने वाले है 45 दिन तक चलने वाले इस कुंभ में प्लास्टिक की वजह से करीब 40 हजार टन कचरा उत्सर्जित होने का अनुमान है जिससे पर्यावरण को कितना नुकसान होगा ये चिंता का विषय है। समाज अपने स्तर पर कैसे इस कचरे को रोक सके या कम कर सके इसको लेकर देश भर में एक थैला और एक थाली अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत उदयपुर मार्बल एसोसिएशन ने पर्यावरण गतिविधि की प्रेरणा से इस कुंभ को हरित कुंभ बनाने के लिए संकल्प लिया और वहां जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 1111 थैले और थालियां पर्यावरण गतिविधि के कार्यकर्ताओं को भेंट की।

# बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत : नागर

## आम उपभोक्ता को हो निर्बाध विद्युत आपूर्ति रही



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ऊर्जा विभाग हीरालाल नागर की अध्यक्षता में शुक्रवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ जिला परिषद सभागार में बैठक आयोजित हुई।

राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर संवेदनशील है। बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। रबी फसल हेतु कृषि उपभोक्ताओं को नियमित एवं निरन्तर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उपभोक्ता हित में कार्य सुनिश्चित करें अधिकारी। उन्होंने जले हुए ट्रांसफार्मरों को तुरन्त बदलने और विद्युत कनेक्शन निर्धारित समयावधि में जारी करने के निर्देश भी संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारी को दिए। उन्होंने रबी की फसल के लिए कृषि उपभोक्ताओं को 6 घण्टे, वहीं घरेलू व औद्योगिक उपभोक्ताओं को 24 घण्टे निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में विभागीय अधिकारियों को बिजली आपूर्ति के सिस्टम को दुरूस्त करने और नई परियोजनाओं को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने खण्डार क्षेत्र में विद्युत ट्रांसमीशन लाईन के दोहरीकरण एवं आपात स्थिति हेतु मध्यप्रदेश से जुड़ी इंटरस्टेट लाईन को पुनः प्रारंभ करवाने हेतु प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। बैठक में खण्डार विधायक जितेन्द्र गोठवाल, बामनवास विधायक इन्द्रा मीणा, अधीक्षण अभियंता हरीश चन्द मंगल सहित विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रास्ता खोलो अभियान' ने राह की आसान... तो ग्रामीणों के चेहरे पर खिली मुस्कान

# सहमति और समझाइश से जिला प्रशासन ने शुक्रवार को खुलवाए 41 रास्ते

- अभियान के तहत 4 सप्ताह में 173 रास्ते खोल कर आमजन को दिलाई राहत
- गांवों और खेतों की राह हुई आसान, ग्रामीणों ने जताया जिला प्रशासन का आभार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुरू हुआ रास्ता खोलो अभियान के तहत शुक्रवार को जिला प्रशासन ने सहमति एवं सहयोग से 41 रास्ते खुलवाए। 15 नवंबर को शुरू हुए रास्ता खोलो अभियान के अंतर्गत विगत 4 सप्ताह में जिला प्रशासन को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण में 173 रास्तों को खुलवाने में सफलता मिली है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती सुमन पंवार ने बताया कि शुक्रवार को जिला प्रशासन की टीमों ने आमेर, आंधी, शाहपुरा, जोबनेर, किशनगढ़-रेनवाल, फुलेरा, रामपुरा-डाबड़ी, चौमूं, सांगानेर, माधोराजपुरा तहसील में 3-3 रास्ते खुलवाए। तो वहीं, तुंगा, जालसू और कोटखावदा तहसील में 2-2 साथ ही, जयपुर, कालवाड़, जमवारामगढ़, बस्सी और चाकसू तहसील में एक-एक रास्ता खुलवाया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि किशनगढ़-रेनवाल के डूंगरसी का बास गांव में 45 सालों से बंद रास्ता, कोढी गांव में 35 सालों से बंद रास्ता तो वहीं, सांगानेर तहसील के नरवरिया गांव में 25 साल से बंद और झुंड गांव में दो दशकों से बंद रास्ते को खुलवाया गया। जयपुर के जयपुरियों का बास गांव में 2 महीनों से बंद रास्ता खुलने से करीब 1500 ग्रामीणों और सांभरलेक के



रसूलपुरा गांव में 5 सालों से बंद रास्ते के खुलने से एक हजार से अधिक ग्रामीणों की राह आसान हुई है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर रास्ता खोलो अभियान के तहत बरसों से बंद रास्ते खुले तो ग्रामीण जिला कलक्टर और जिला प्रशासन का आभार जता रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के



निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।

## उत्साह के साथ हो एक वर्ष पूर्ण होने के उत्सव में सभी की भागीदारी

# राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में होंगे अनेक कार्यक्रम, रोजगार उत्सव के साथ होंगे किसान सम्मेलन

### अंत्योदय सेवा शिविर और महिला सम्मेलन, प्रदर्शनी में दिखेगा विकास का सफर,

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक साल पूर्ण होने पर जिले में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे और कहा कि सभी अधिकारी सक्रियता और उत्साह के साथ कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी दिए गए दायित्वों का निष्ठा से पालन करें और व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्यक्रमों को गरिमामय और बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को विभिन्न वर्गों की मैराथन एवं रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन सूचना केंद्र में जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा तथा जिला विकास पुस्तिका का विमोचन होगा। इसी दिन नेचर पार्क में पंच गौरव कार्यक्रम का आरंभ होगा और प्रभारी मंत्री द्वारा पंच गौरव (फोग, ग्वारपाठा, लकड़ी के उत्पाद, एथलेटिक्स एवं सालासर) कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। 12 दिसंबर को ही रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। साथ ही डीओआईटी की ओर से किए जा रहे आइडियाथॉन का शुभारंभ होगा। जिला कलक्टर ने इसी क्रम में 17 दिसंबर तक होने वाले किसान सम्मेलन, महिला सम्मेलन, अंत्योदय सेवा शिविर व राज्य स्तरीय कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करें।

इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, एसीईओ दुर्गा ढाका, डीएफओ भवानी सिंह, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, कमिश्नर अभिलाषा सिंह, सहायक निदेशक (रोजगार) वर्षा जानू, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम, महिला अधिकारिता के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, डीटीओ, एक्सईएन अनिल पूनियां, एक्सईएन बीएल सोनी, एनवाईसी समन्वयक मंगला राम जाखड़ आदि मौजूद थे।



### 12 दिसंबर को होगी महिला व पुरुषों की मैराथन

**राजस्थान सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत एक जिला एक खेल अंतर्गत 12 दिसंबर को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मैराथन तीन श्रेणियों में अलग-अलग आयोजित होगी। महिला वर्ग में प्रातः 7 बजे जिला स्टेडियम से कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए जिला स्टेडियम तक 5 किमी, पुरुष वर्ग में प्रातः 7.35 बजे जिला स्टेडियम से लाल घण्टा घर होते हुए जिला स्टेडियम तक 10 किमी एवं इस वर्ग में प्रातः 9 बजे जिला स्टेडियम से बीनासर से वापिस जिला स्टेडियम तक 21 किमी मैराथन दौड का आयोजन किया जाएगा।**

# 'ब्यावर दृष्टि' नवाचार के तहत 600 से ज्यादा विद्यार्थियों की हुई दृष्टि जांच

## रिपोर्ट के आधार पर किया जायेगा उपचार



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर की प्रेरणास्वरुप व जिला प्रशासन की पहल पर 'ब्यावर दृष्टि'नवाचार कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। 'ब्यावर दृष्टि' नवाचार कार्यक्रम के तहत ब्यावर जिले के समस्त सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों की निशुल्क जांच की जाएगी। इसी के तहत लायंस क्लब ब्यावर यूनिक द्वारा शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी में दृष्टि जांच की गई। शिविर में लगभग 600 बालिकाओं की दृष्टि जांच की गई। जिन विद्यार्थियों की दृष्टि सामान्य से कमजोर है उनकी रिपोर्ट के आधार पर उनका उपचार करवाया जाएगा। जिला कलेक्टर ने कहां कि 'ब्यावर दृष्टि' कार्यक्रम से जिले के शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरकारी विद्यालयो में अध्यनरत बच्चों की निशुल्क दृष्टि जांच होने से कमजोर दृष्टि बाधित छात्रों को चिन्हित कर उपचार करवाया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर व ब्यावर उपखंड अधिकारी सहित संपूर्ण प्रशासन ने इस अभियान की सराहना करते हुए बताया कि कमजोर दृष्टि वाले विद्यार्थियों के लिए यह नवाचार महत्वपूर्ण साबित होगा।

लायंस क्लब ब्यावर यूनिक के अध्यक्ष नवनीत ने बताया कि जिला कलेक्टर की प्रेरणा व पहल से शुरू 'ब्यावर दृष्टि' नवाचार के तहत समस्त सरकारी विद्यालयो में शिविर लगाकर समस्त बच्चों की दृष्टि जांच की जाएगी एवं सर्वप्रथम छावनी गर्ल्स स्कूल से आज इसकी शुरुआत हुई। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य सीमा कृपलानी सहित विद्यालय एवं क्लब के समस्त स्टाफ मौजूद थे।



## कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभियांत्रिकी विभाग खण्ड मालपुरा

**पता : व्यास सर्किल के पास, सरपुरा रोड़, जलदाय विभाग केम्पस, मालपुरा जिला टोंक**

मोबाइल नं. 8279108410. ई-मेल : फोन नं. eemail.ton.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक : अ0अ0/ जन स्वा0/माल 0/2024-25/3298-3311 दिनांक 02.12.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या : 76 से 80/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड मालपुरा के अधीन विभिन्न क्षेत्रों में कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में जन स्वा. अभि विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के तहत ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से निम्न विवरण में अंकित अनुसार अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर जमा करवाये जा सकते है। निर्धारित तिथि को यदि किसी कारणवश अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस में उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जाएगी। निम्न हस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदि की लागत कम व अधिक की जा सकती है। विस्तृत विवरण ऑन लाइन वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/ tenders.asp.sppp.rajasthan.gov.in, http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने digital Signature certificate (DSC) के माध्यम से वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है । उक्त निविदाओं का वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर युनिक बिड नं. निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 02.12.2024 से 12.12.2024 सायं 05 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | 02.12.2024 से 12.12.2024 सायं 05 बजे तक |
| निविदा तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | 13.12.2024 को प्रातः 11.00 बजे |

| S.No. | NIT No. | NIB No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | 76/2024-25 | PHE2425A3112 | PHE2425WSOB06599 |
| 2. | 77/2024-25 | PHE2425A3112 | PHE2425WSOB06600 |
| 3. | 78/2024-25 | PHE2425A3112 | PHE2425WSOB06601 |
| 4. | 79/2024-25 | PHE2425A3112 | PHE2425WSOB06602 |
| 5. | 80/2024-25 | PHE2425A3112 | PHE2425WSOB06603 |

**अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
खण्ड मालपुरा**


# फुलेरा केन्द्रीय विद्यालय में विद्यार्थीयों के लिए पायथन और एआई-एमएल पर इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**.फुलेरा( नि.स. )।** रेल परिसर स्थित फुलेरा केन्द्रीय विद्यालय में पीएम श्री स्कूल योजना के अंतर्गत कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है, जिसमें वे पायथन प्रोग्रामिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम 2 दिसम्बर से लेकर 6 दिसम्बर तक चलाया गया। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशल से लैस करना है, जिससे वह भविष्य के डिजिटल युग में सफलता प्राप्त कर सकें। पायथन प्रोग्रामिंग भाषा,



जो कि एआई और एमएल के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रोद्योगिकी संस्थान अजमेर द्वारा नियुक्त तकनीकी विशेषज्ञों रायपाल और आशीष द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के कंप्युटर प्रभारी बीरबल जाट बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से विद्यार्थीयों में न केवल तकनीकी दक्षता विकसित होगी, बल्कि उन्हें एक मजबूत बुनियाद भी मिलेगी, जिससे वे भविष्य में तकनीकी पेशेवरों के रूप में उभर सकेंगे।



## कार्यालय सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
## कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय कोटपुतली

क्रमांक / लेखा/2024/2683 दिनांक: 30.11.2024

**ई-निविदा/खुली निविदा सूचना 2024-25**

राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय कोटपूतली में निम्नाकिंत सामग्री आपूर्ति कार्य/सेवाये उपलब्ध करवाने हेतु अधिकृत विक्रेता/थोक विक्रेता/संस्थाओं/फर्मों/इच्छुक व्यक्ति से ई-निविदा/खुली निविदाये आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओं से सम्बधित संपूर्ण विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

1. कैन्टीन किराये पर ठेका, (MHS2425SLOB04071) अनुमानित लागत 11 लाख
2. आर्थोपेडिक एवं डेन्टल इम्प्लान्टस क्रय हेतु खुली निविदा (MHS2425GSOB04073) अनुमानित लागत 09 लाख

DIPR/C/12322/2024

**प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव,
राजकीय बीडीएन जिला चिकित्सालय
कोटपूतली**




## आम सूचना

मैं अनामिका हंसा पत्नी हरिराम जाति जाट निवासी चतरपुरा तहसील नारायणपुर जिला कोटपूतली, बहरोड़ राजस्थान की निवासी हूं । मेरे पति भारतीय सेना में सेवारत हैं उनका नाम जे सी 492878 पी सूबेदार हरी राम है। मेरा नाम मेरे पति के रिकॉर्ड में अनामिका देवी दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा नाम मेरे आधार कार्ड में अनामिका हंसा है और जन्मतिथि 01/01/1985 है जो की सही है। मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम अनामिका हंसा व जन्म तिथि 01/01/1985 किया जावे।




## कार्यालय नगर पालिका निवाई

क्रमांक न.पा.नि./ना. हस्ता./2024/8090 दिनांक-5/12/24

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुजा देवी पत्नि लक्ष्मीनारायण रेगर के द्वारा इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर वाके रेगरान मोहल्ला, निवाई में स्थित आवासीय भवन/भूखण्ड क्षेत्रफल 81 वर्गगज का नाम हस्तानान्तरण स्वंय के हक में किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका भूमि विक्रय विलेख क्रमांक 182 दिनांक 23.01.1963 लक्ष्मीनारायण रेगर पुत्र किशनलाल रेगर के नाम पर जारी किया गया है। मूल पट्टाधारी श्री लक्ष्मीनारायण रेगर पुत्र किशनलाल रेगर की दिनांक 26.07.2020 को मृत्यु उपरान्त आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तानान्तरण स्वंय के हक में चाहा गया है।

अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर-भीतर कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे, निर्धारित समयावधि 07 दिवस पश्चात कार्यालय द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तानान्तरण नियमानुसार आवेदक के हक में किये जाने संबंधी कार्यवाही की जावेगी, तथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई**

## सम्पादकीय

# विदेशी हस्तक्षेप पर संसद में उठे सवाल, कठघरे में विपक्ष

**भाजपा सांसद संबित पात्रा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विदेशी ताकतों के इशारे पर देश के हितों के खिलाफ काम करने का जो सनसनीखेज आरोप लगाया, उसके बाद दोनों दलों में तकरार और अधिक बढ़ना तय है। इसका असर संसद की कार्यवाही पर भी पड़ सकता है, जो पहले से ही हंगामे का शिकार है।**

संबित पात्रा ने इस आधार पर राहुल गांधी को कठघरे में खड़ा किया कि एक फ्रांसीसी मीडिया समूह ने यह रहस्योद्घाटन किया है कि स्वयं को संगठित अपराध और भ्रष्टाचार से लड़ने एवं स्वतंत्र बताने वाला अमेरिकी मीडिया समूह ओसीसीआरपी वस्तुत: न केवल वहां की सरकार की वित्तीय सहायता से चलता है, बल्कि उसकी एजेंसियों के हिसाब से दूसरे देशों और वहां के संस्थानों को निशाना बनाता है। इतना ही नहीं, ओसीसीआरपी को अमेरिकी निवेशक जार्ज सोरोस के ओपेन सोसायटी फाउंडेशन से भी पैसे मिलते हैं। जार्ज सोरोस के बारे में यह किसी से छिपा नहीं कि वह मोदी सरकार के कटु आलोचक हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं कि ओसीसीआरपी किस तरह भारत को नीचा दिखाने वाली खबरें प्रकाशित करता रहा है।

ओसीसीआरपी अदाणी समूह के खिलाफ भी हमलावर रहा है। वह इस समूह के खिलाफ कई खबरें प्रकाशित कर चुका है। ध्यान देने की बात यह है कि उसकी खबरों के आधार पर भारत में हंगामा होता रहा है-संसद में भी और संसद के बाहर भी। राज्यसभा में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने इसी का उल्लेख किया।

उल्लेखनीय केवल यह नहीं कि ओसीसीआरपी की खबरों के जरिये हंगामा करने और सरकार को कठघरे में खड़ा करने में कांग्रेस आगे रही है, बल्कि यह भी है कि राहुल गांधी इस मीडिया समूह को वित्तीय मदद देने वाले जार्ज सोरोस के ओपेन सोसायटी फाउंडेशन के पदाधिकारियों से संपर्क-संवाद करते रहे हैं। कहना कठिन है कि राहुल गांधी किस उद्देश्य से ओपेन सोसायटी फाउंडेशन के पदाधिकारियों से मिलते रहे हैं, लेकिन यह कोई रहस्य नहीं कि कुछ विदेशी मीडिया संस्थान और गैर सरकारी संगठन भारत की छवि खराब करने में लगे रहते हैं। उनकी रीति-नीति यही बताती है कि वे भारत के बढ़ते कद को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। वे इस चेष्टा में भी रहते हैं कि भारत उनके हिसाब से चले। यह कई बार सामने आ चुका है कि यदि उन्हें अपना एजेंडा पूरा होता नहीं दिखता तो वे भारत को बदनाम करने का अभियान छेड़ देते हैं। कोविड महामारी के दौरान ऐसे संगठन भारत में स्थिति बेकाबू बताने में लगे हुए थे। भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस का कुछ भी कहना हो, यह कोई नई-अनोखी बात नहीं कि कई विदेशी ताकतें ऐसी हैं, जो भारत का हित नहीं चाहतीं। उनसे केवल सरकार ही नहीं, विपक्षी दलों को भी सतर्क रहना चाहिए। सबसे लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस इससे अपरिचित नहीं हो सकती कि अतीत में भी विदेशी ताकतें भारत में समस्याएं खड़ी करती रही हैं।

# दिल्ली चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

**दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी।**

**ललित गर्ग**



पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है।

भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है।

भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दु:ख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है।

निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमश: 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका दिल्ली में व्यापक जनाधार रहा है। लेकिन वह 'जीत' और 'गठबंधन' की मृगमरीचिका में भटकती रही है, अपनी स्वतंत्र पहचान को खोती रही है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे वह कैसे जीत को सुनिश्चित कर सकती है? कांग्रेस की एक ओर बड़ी विडम्बना है कि वह जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाय मोदी-विरोध का ही राग अलापती रही है। मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो इसके केन्द्रीय नेतृत्व एवं रणनीतिकारों पर तरस आती है। जबकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए उसके जमीनी नेता व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इन स्थितियों में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कोई करिश्मा या चमत्कार कर पायेगी, इसमें संदेह ही है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
कोर्ट-कचहरी के कामों में निर्णय लेते समय सावधानी रखें। धनहानि के साथ-साथ मानहानि भी हो सकती है। घर की साज-सजावट में भी परिवर्तन करेंगे, इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज का दिन सुख और शांति से गुजरेगा।

### वृष
शारीरिक रूप से भी आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे। दोपहर के बाद आपका प्रसन्न रहेगा। फिर भी नए काम की शुरुआत आज ना करें। विरोधियों पर आप विजयी बनेंगे। दोस्तों के साथ भेंट करने से मन में आनंदित होगा।

### मिथुन
आज भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं। छोटे प्रवास या पर्यटन की संभावना है। आज आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और मन भी खुश रहेगा। किसी भी तरह के गलत काम में आज ना पड़ें। धन का खर्च अधिक होगा। वाणी पर संयम रखें।

### कर्क
धन का खर्च अधिक होगा। किसी काम के पूरा नहीं होने से अपयश मिलेगा। आज आप किसी बात को लेकर नेगेटिव विचार मन में ना रखें। असंतोष की भावना रह सकती है। पारिवारिक वातावरण में मेलजोल नहीं रहेगा।

### सिंह
आज निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे। पारिवारिक कामों के पीछे धन का खर्च होगा। नौकरी या व्यापार में उलझन दूर करने के लिए बड़ों की मदद लग सकती है। संबंधियों के साथ मनमुटाव के प्रसंग बनेंगे।

### कन्या
भावनाओं के बंधन में बंध जाने का अनुभव आपको होगा। आपके काम दिन में पूरे हो जाएंगे। भाई-बहनों से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है। धार्मिक प्रवास होने की संभावना है।

### तुला
धन लाभ की भी संभावना है। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। आप का प्रत्येक काम सफल होने के साथ-साथ पूरा भी होगा। माता से किसी तरह का लाभ मिल सकता है। मान-सम्मान प्राप्त होगा। गृहस्थ जीवन आनंदपूर्ण रहेगा।

### वृश्चिक
आज के दिन परिजनों के साथ पर्यटन का आनंद उठाएंगे। अधिक खर्च होने से धन की तंगी रहेगी। सरकारी कामों में विघ्न आएंगे। अनैतिक कामों से दूरी बनाकर रखें। गृहस्थ जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। वाहन धीमे चलाएं। पारिवारिक

### धनु
आज संभलकर कदम रखने की जरूरत है। आसपास रहने वाले लोगों से विवाद हो सकता है। मानसिक रूप से आप चिंता का अनुभव करेंगे। अनिद्रा के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। बौद्धिक चर्चा से आनंद तो प्राप्त हो सकता है।

### मकर
आज सुबह आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। नेगेटिव विचार से आप परेशान रह सकते हैं। आर्थिक रूप से तंगी का अनुभव करेंगे। आकस्मिक धन प्राप्ति का योग है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा।

### कुंभ
निवेश को लेकर सही योजना बना पाएंगे। मानसिक रूप से शांति का अनुभव होगा। विदेश में स्नेहीजन से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी।

### मीन
आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। व्यावसायिक क्षेत्र में भी वातावरण अनुकूल रहेगा। दोपहर के बाद आप के मन की स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी। इससे आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में बाधा होगी। आज वाणी पर संयम बरतें।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री राम मूर्ति जोशी 15 जून सन 1969को जयपुर में जन्में इस शानदार अधिकारी की क्या बात कहें। जहां भी रहे अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारियों के लिए मिसाल बने हैं इसके साथ ही अपने उच्चाधिकारियों के साथ बेहतरीन तालमेल के साथ काम किया है। आज जोशी पुलिस अधीक्षक, जोधपुर ग्रामीण जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये पुलिस अधीक्षक, सीकर। पुलिस अधीक्षक, इन्टेलिजेन्स जयपुर। पुलिस अधीक्षक, नागौर। पुलिस अधीक्षक, भिवाडी अलवर। पुलिस अधीक्षक, झालावाड़। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी (सी.बी) जयपुर। पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर पश्चिम पुलिस आयुक्तालय जयपुर । पुलिस अधीक्षक, धौलपुर। पुलिस अधीक्षक, चूरू। प्रधानाचार्य, पीटीएस किशनगढ, अजमेर रहे हैं। अपनी कार्य शैली से पुलिस कर्मियों के दिलों में इनका एक अलग ही स्थान है। बड़े सरल और सहज रूप में अपनी सेवाए दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राम मूर्ति जोशी अजमेर जीआरपी और राजसमंद सहित कई जिलों के पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं। अब उन्होंने जोधपुर ग्रामीण एसपी का कार्यभार उनके मजबूत कंधों पर है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में नशे की तस्करी नेटवर्क को तोड़ने को चुन्नौती के रूप में स्वीकार किया है और लॉरेंस के गुर्गों से लेकर फैशन के तौर पर हथियार रखने वाले आरोपियों पर भी नकेल कसने में पुलिस को कामयाबी दिलाई है। अलवर तीन बार बड़े पदों पर रहने के कारण इनकी कार्यशैली को काफी नजदीक से देखने का अवसर मिला था। बहुत की सुलझे हुए इंसान हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



श्री राम मूर्ति जोशी
एसपी जौधपुर ग्रामीण

**रूपक शर्मा**


## प्रेरक प्रसंग

# तुझे खड़ा-खड़ा खरीद दूं......

ईश्वर की बनाई हुई कायनात में जहां जो जैसा चल रहा है उसे चलने दो,अपनी टाँग अलझा कर खुद ईश्वर मत बनों,ऐसे ना जाने कितने संदेश हमारे धर्मगुरुओं ने दिए हैं। पर दो पांव का जानवर है ना इंसान, हमेशा यही चाहता है कि उसका चाहा हो,बस उसकी मर्जी चले। एक कथानक से समझाने का प्रयास कर रहा हूं। ममता को उसके सास ससुर को फूटी आँख भी ना भाते थे। जब पेट से हुई तो पोते या पोती देखने की खुशी में बूढ़ी आँखों की रोशनी बिना दवा के तेज होने लगी लेकिन रोज बिना बात अपने सास ससुर से झगड़ा करने वाली ममता ने भी ठान ली कि इन्हें अपने पोते का मुँह भी नहीं देखने दूंगी इसलियें अपनी पति को लेकर बूढे सास ससुर को अपने हाल पर छोड़ कर बाहर कहीं दूसरे बड़े शहर में रहने लगे।

बेटा भी फॉरमैलिटी के लिए अपने माता-पिता से बातें कर लिया करता था,वो दिन भी आ गया जब ममता के संतान होनी थी। अपनी बहन,अपने भाई भाभी को बुलवा लिया। उसके दर्द शुरू हो गए बड़ा शहर था दूरियां ज्यादा लंबी थी, तुरन्त ले जाया गया। ममता की भाभी के छोटे भाई के पास कार थी सो कार में उसे ले जाया गया। अचानक गाड़ी खराब हो गई,जैसे तैसे दूसरी गाड़ी में शिफ्ट किया तो कुछ दूर चलते ही जाम में फंस गए और ममता की ममता जवाब देने लगी। जिस संतान के लिए पता नही क्या क्या सोचा वही आने से पहले दर्द देने लगी।

जाम खुलवाया और हॉस्पिटल ले जाया गया तो डॉक्टर बोले कि इसका ऑपरेशन करना पड़ेगा बच्चा गलत दिशा में चला गया। ऑपरेशन की तैयारी हुई और ऑपरेशन के दौरान ममता चल बसी,बेटा हुआ जिसे सकुशल बचा लिया गया। जिस बेटे का मुंह अपने सास ससुर को नहीं दिखाने का दावा ठोकनी वाली आज खुद ही बिना अपने बेटे का मुंह देखकर चल निकली। ये कथानक उनके लिए है जो धन बल,बाहुबल और पद प्रतिष्ठा के दम पर कहते हैं कि तुझे खड़ा-खड़ा खरीद दूँ, तुझे दिन में दो बार खरीद दूँ, तेरा ऐसा हिसाब कर दूंगा की घरवाले ही नहीं पहचानेंगे और जब उस महाशक्ति का चक्र चलता है ना मित्रों तो वह पेरेलाईएस हो जाता है, खड़ा-खड़ा खरीदने वाला खुद ही खड़ा नही हो पाता। जो शक्ल बिगाड़ने वाला था उसका खुद ही थोबड़ा बिगड़ जाता है और लाचारी ऐसी कि खुद उसके घरवाले ही उसे पहचाने से इनकार कर देते हैं। इसलिए ईश्वर की ताकत को पहचान कर हमें बस उसकी इच्छा में अपनी इच्छा व्यक्ति करनी चाहिए वरना खुद ईश्वर बनकर हम अपनी गति को कहां ले जाते हैं ये हम सब जानते हैं



**रूपक शर्मा**
**वरिष्ठ पत्रकार**
**दैनिक बढ़ता राजस्थान**

## विशेष आलेख

# खतरनाक होता बायोमेडिकल वेस्ट

**स्वास्थ्य सेवा गतिविधियों द्वारा उत्पन्न कुल अपशिष्ट में से लगभग 85त्न सामान्य, गैर-खतरनाक अपशिष्ट है। शेष 15त्न को खतरनाक सामग्री माना जाता है जो संक्रामक, विषाक्त, कैंसरकारी, ज्वलनशील, संक्षारक, प्रतिक्रियाशील, विस्फोटक या रेडियोधर्मी हो सकता है। हर साल दुनिया भर में अनुमानित 16 बिलियन इंजेक्शन लगाए जाते हैं, लेकिन सभी सुइयों और सिरिंजों का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों को खुले में जलाने और कम तापमान पर जलाने से, कुछ परिस्थितियों में, डाइऑक्सिन, फ़्यूरान और पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन हो सकता है।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



स्वास्थ्य सेवा गतिविधियाँ स्वास्थ्य की रक्षा करती हैं और उसे बहाल करती हैं तथा जीवन बचाती हैं। लेकिन उनके द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट और उप-उत्पादों के बारे में क्या? स्वास्थ्य सेवा गतिविधियों द्वारा उत्पन्न कुल अपशिष्ट में से लगभग 85त्न सामान्य, गैर-खतरनाक अपशिष्ट है जो घरेलू अपशिष्ट के बराबर है। शेष 15त्न को खतरनाक सामग्री माना जाता है जो संक्रामक, रासायनिक या रेडियोधर्मी हो सकता है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उपाय ऐसे अपशिष्टों से होने वाले प्रतिकूल स्वास्थ्य और पर्यावरणीय प्रभावों को रोक सकते हैं, जिसमें रासायनिक या जैविक खतरों का अनपेक्षित उत्सर्जन शामिल है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों में संभावित रूप से हानिकारक सूक्ष्मजीव होते हैं जो अस्पताल के रोगियों, स्वास्थ्य कर्मियों और आम जनता को संक्रमित कर सकते हैं। अन्य संभावित खतरों में दवा प्रतिरोधी सूक्ष्मजीव शामिल हो सकते हैं जो स्वास्थ्य सुविधाओं से पर्यावरण में फैलते हैं। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट और उप-उत्पादों से जुड़े प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणामों में तीक्ष्ण वस्तुओं से लगी चोटें भी शामिल हैं; स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के संचालन या भस्मीकरण के दौरान आस-पास के वातावरण में छोड़े जाने वाले दवा उत्पादों, विशेष रूप से एंटीबायोटिक्स और साइटोटॉक्सिक दवाओं और पारा या डाइऑक्सिन जैसे पदार्थों के संपर्क में आना; कीटाणुशोधन, बंध्यीकरण या अपशिष्ट उपचार गतिविधियों के संदर्भ में उत्पन्न होने वाली रासायनिक जलन; चिकित्सा अपशिष्ट भस्मीकरण के दौरान कण पदार्थ के निकलने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाला वायु प्रदूषण; खुले में जलने और चिकित्सा अपशिष्ट भस्मक के संचालन के साथ होने वाली तापीय चोटें; विकिरण जलन; और दवा अपशिष्टों के असुरक्षित भंडारण, उपचार और निपटान के माध्यम से रोगाणुरोधी प्रतिरोध का प्रसार। अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट सेवाओं के लिए कई कारण मौजूद हैं। इनमें सीमित कानूनी ढाँचे (जैसे, नीतियाँ, विनियमन, दिशा-निर्देश) , स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट से सम्बंधित स्वास्थ्य खतरों के बारे में जागरूकता की कमी, उचित अपशिष्ट प्रबंधन में अपर्याप्त प्रशिक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और निपटान प्रणालियों की अनुपस्थिति, अपर्याप्त वित्तीय और मानव संसाधन और कम प्राथमिकता शामिल हैं। कई देशों में या तो उचित नियम नहीं हैं या वे उनकी निगरानी और प्रवर्तन नहीं करते हैं।

दुनिया भर में, हर साल अनुमानित 16 बिलियन इंजेक्शन लगाए जाते हैं। सभी सुइयों और सिरिंजों का सुरक्षित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है, जिससे चोट और संक्रमण का जोखिम और दोबारा इस्तेमाल के अवसर पैदा होते हैं। हाल के वर्षों में निम्न और मध्यम आय वाले देशों में दूषित सुइयों और सिरिंजों से इंजेक्शन लगाने में काफ़ी कमी आई है, आंशिक रूप से इंजेक्शन उपकरणों के दोबारा इस्तेमाल को कम करने के प्रयासों के कारण। इस प्रगति के बावजूद, असुरक्षित इंजेक्शन अभी भी 33, 800 नए एचआईवी संक्रमण, 1.7 मिलियन हेपेटाइटिस बी संक्रमण और 315, 000 हेपेटाइटिस-सी संक्रमण के लिए ज़िम्मेदार थे। संक्रमित स्रोत रोगी पर इस्तेमाल की गई सुई से एक व्यक्ति को सुई लगने से चोट लगने का अनुभव होने पर उसे एचबीवी, एचसीवी और एचआईवी से संक्रमित होने का क्रमश: 30त्न, 1.8त्न और 0.3त्न जोखिम होता है। अपशिष्ट निपटान स्थलों पर सफ़ाई करने और स्वास्थ्य सुविधाओं से खतरनाक अपशिष्ट को संभालने और मैन्युअल रूप से छांटने के दौरान अतिरिक्त खतरे उत्पन्न होते हैं। ये प्रथाएँ दुनिया के कई क्षेत्रों में आम हैं, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में। अपशिष्ट संचालकों को सुई चुभने की चोट लगने और विषैले या संक्रामक पदार्थों के संपर्क में आने का तत्काल जोखिम होता है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट का उपचार और निपटान पर्यावरण में रोगजनकों और विषैले प्रदूषकों के निकलने के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है।

लैंडफिल में अनुपचारित स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के निपटान से पीने, सतह और भूजल का संदूषण हो सकता है, अगर उन लैंडफिल का निर्माण ठीक से नहीं किया गया है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों को कम से कम करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे उस अपशिष्ट की मात्रा में काफ़ी कमी आएगी जिसे संभालने और उपचारित करने की आवश्यकता है। अपशिष्ट न्यूनीकरण क्रियाओं में हरित खरीद और ऐसे उत्पादों का चयन करना शामिल है जहाँ शिपिंग कम से कम हो और कम और पारिस्थितिक पैकेजिंग हो, सुरक्षित और व्यवहार्य होने पर पुन: प्रयोज्य उत्पादों पर स्विच करना, केवल प्रलेखित आवश्यकता के आधार पर फार्मास्यूटिकल्स का ऑर्डर देना / प्राप्त करना और प्लास्टिक, कागज़ और कार्डबोर्ड सहित सामान्य वस्तुओं का पुनर्चक्रण करना शामिल है। रासायनिक कीटाणुनाशकों के साथ स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के उपचार के परिणामस्वरूप पर्यावरण में रासायनिक पदार्थ निकल सकते हैं.

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# पल भर में खुशियां हुई काफूर, गम में डूबा परिवार

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में मां-बेटे की मौत

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** बौंली क्षेत्र के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे के चलते परिवार की खुशियां पल भर में काबूल हो गई। इस दौरान शव लेकर रवाना हुए परिजन रोते-बिलखते नजर आए। वहीं शादी के बाद ससुराल रवाना हुई बेटी भी अपनी मां की मौत की खबर सुनकर दौड़ी चली आई। हादसे के बाद क्षेत्र में भी यह घटना चर्चा का विषय बनी रही। जानकारी के अनुसार कोटा में अपनी बेटी की शादी कर लौट रही वीणा चतुर्वेदी अपने बेटे यश के साथ अपने पैतृक गांव गुड़गांव जा रही थी। इस दौरान एक्सप्रेस-वे पर बौंली के निकट अचानक कार के अनियंत्रित होने से कार पलट गई और दोनों की मौत हो गई। इस दौरान सूचना पर इनके पति और भाई सहित बेटी के ससुराल वाले घटना स्थल पर पहुंचे।

### हाथों की मेहंदी भी नहीं सूखी

हादसे के बाद बौंली सीएचसी पहुंची बहन राजश्री का रो-रोकर बुरा हाल था। उसे क्या पता था कि जिस मां ने उसे मेहंदी लगाकर विदा किया था। उसकी मौत की खबर हाथों की मेहंदी सूखने से पहले ही मिल जाएगी। इस दौरान बहन का अपने इकलौते भाई व मां की मौत की खबर सुन मानो कलेजा ही फट गया। इस दौरान वह रोते हुए बेसुध हो गई।

### चार दिन पहले हुई थी बेटी की शादी

त्रिपुरा चतुर्वेदी ने पूरे परिवार के साथ अपनी बेटी की 2 दिसंबर को कोटा में शादी की थी। शादी समारोह में परिवार के सैकड़ों लोग गुड़गांव से कोटा आए थे। शादी संपन्न करवाने के बाद पुत्र यश चतुर्वेदी ने पिता को कोटा से गुड़गांव के लिए ट्रेन में रवाना कर दिया व बचा हुआ शादी का सामान गाड़ी में रखकर अपनी मां वीणा चतुर्वेदी के साथ कोटा से गुड़गांव के लिए रवाना हो गया। बौंली के निकट आते ही अचानक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और गहरे गड्ढे में गिरने से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी और मौके पर ही मां-बेटे की मौत हो गई। लगभग 3.30 बजे मृतक के चाचा देवांश चतुर्वेदी का फोन आया तो पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

### शव परिजनों को किया सुपुर्द

पुलिस ने रात को ही पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सुपुर्द किया। जैसे ही त्रिपुरा चतुर्वेदी ने अपनी पत्नी व बेटे का शव देखा तो वह अपना आपा खो बैठे और बड़ी मुश्किलों के बाद परिवारजन व रिश्तेदारों ने ढांढ़स बंधाकर उन्हें गुड़गांव के लिए रवाना किया, जहां गमगीन माहौल में गुरुवार को उनकी अंतिम संस्कार प्रक्रिया पूरी हुई।

## सीएमएचओ ने किया चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण

### अनुपस्थित चिकित्सक को नोटिस जारी



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** चिकित्सा सुविधाओं में सुधार के लिए जिले की कलक्टर शुभम चौधरी द्वारा इन दिनों चिकित्सा संस्थानों के दौरे किये जा रहे हैं। जिला कलक्टर द्वारा संस्थानों की व्यवस्था जांच कर जो कमियां व सुधार के बारे में निर्देशित किया जा रहा है उन कमियों को पूरा करवाने और उनका निरीक्षण करने की लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना द्वारा चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया गया। सीएमएचओ ने लहसोड़ा पीएचसी, फलोदी सीएचसी और रवांजना चौड पीएचसी का निरिक्षण किया।

सीएमएचओ ने बताया कि जिला कलक्टर के द्वारा बताई गई कमियों को निर्देशानुसार सुधार करवा कर पूरा करवाया गया। मुख्य मंत्री निशुल्क जांच योजना के अंतर्गत संस्थान पर की जाने वाली जांचों की लिस्ट लैब के बाहर चस्पा करवा दी गयी है। बाथरूम में सफाई व्यवस्था सही पाई गई, संस्थान व स्टोर में सभी सामानों को साफ व व्यवस्थित रखने, सभी स्टाफ को यूनिफार्म में आईडी कार्ड के साथ पूरे ड्यूटी टाइम संस्थान पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद किया गया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी योजनाओं का लाभ आमजन को मिले। सभी को निशुल्क जांच, दवा योजना, आयुष्मान आरोग्य योजना, परिवार कल्याण साधन, टीकाकरण, गर्भवतियों की जांच आदि की सुविधा प्रदान की जा रही है।

फलोदी सीएचसी में यूटीबी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी नितेश गुर्जर ड्यूटी से अनुपस्थित मिले जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## विधायक की अनुशंसा पर किसानो को मिलेगी दुगनी बिजली



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा की अनुशंसा पर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में खेती-किसानी के लिए अब पहले से दुगनी बिजली मिलेगी। बिजली किल्लत से जूझ रहे किसानों ने सोमवार को विधायक वर्मा को ज्ञापन सौपकर दिन में पर्याप्त बिजली आपूर्ति करवाने की गुहार लगाई थी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक ने अधीक्षण अभियंता युवराज आशिवाल से बात कर किसानो पर्याप्त बिजली दिन के समय में देने के निर्देश दिए। इसकी अनुपलना में बिजली अधिकारियों ने देवली-भांची जीएसएस से कृषि कार्य के लिए मिलने वाली बिजली को 6 घंटे दिन में और 6 घंटे रात के समय देने का फैसला किया। जिसके चलते गुरुवार से किसानो को पहले की अपेक्षा दुगनी बिजली मिल रहे है। जिससे फसलों को नया जीवनदान मिल गया है। किसान रामदेव प्रजापत, तुलसीराम जाट, रामदयाल सैन, मुकेश कीर, ज्ञानप्रकाश बोकण, बद्री विजय, शंकर मोठिया, सांवरा जोशी, राजेंद्र कुकशवाल, केदार प्रजापत सहित अनेक किसानो ने विधायक वर्मा का आभार व्यक्त किया।

## गृह रक्षा संगठन का 62वां स्थापना दिवस हर्ष उल्लास से मनाया



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर(** बढ़ता राजस्थान) । गृह रक्षा संगठन का 62वां स्थापना दिवस शुक्रवार को गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, सवाई माधोपुर में हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के कमाण्डेन्ट धर्म सिंह बांकावत द्वारा गृह रक्षा ध्वज फहराया गया और जवानों द्वारा सलामी दी गई। इसके पश्चात गृह रक्षा स्थापना दिवस के उपलक्ष में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ का संदेश, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, स्वच्छता अभियान एवं वाहन रैली का आयोजन किया। इस अवस पर मंत्री के संदेश का वाचन भी किया गया। इस अवसर पर कम्पनी कमाण्डर करनाराम, ऑनरेरी कम्पनी कमाण्डर मोहन लाल, विमल दीक्षित, ऑनरेरी प्लाटून कमाण्डर इनामुद्दीन खान व गृह रक्षा के पुरुष और महिला सदस्यों ने भाग लिया।

## घर के बाहर नाली में डूबी तीन साल की बालिका, मौत

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के श्रीपुरा गांव में गुरुवार दोपहर घर के बाहर नाली में डूबने से तीन साल की बालिका की मौत हो गई। सूचना पर मलारना चौड़ पुलिस चौकी प्रभारी अवधेश सिंह मौके पर पहुंचे, लेकिन परिजनों ने कार्रवाई से इनकार कर दिया। पुलिस के अनुसार श्रीपुरा गांव में हनुमान पूर्विया की तीन साल की बेटी लक्ष्मी दोपहर साढ़े 12 बजे के लगभग घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान वह घर के बाहर नाली में गिर गई। नाली में तीन फीट पानी था। ऐसे में बच्ची इसमें डूब गई और दम घुटने से मौत हो गई।

## आचार्य श्री सुन्दर सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश कल तोरण द्वार से पुष्पवर्षा व पादपक्षालन के साथ निकलेगा भव्य जुलुस

कृष्णचन्द्र विजय



**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** जैन संत आचार्य श्री सुन्दरसागर जी महाराज का मंगल प्रवेश 8 दिसम्बर रविवार को होगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रवक्ता विमल कठमाणा ने बताया कि परमपूज्य तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सुन्दरसागर जी महाराज संसघ 8 दिसम्बर रविवार को प्रातः 8 बजे केंकड़ी रोड से मालपुरा शहर में मंगल प्रवेश करेगें। जहां से बेण्डबाजो के साथ मुनि संघ को पदपक्षलन व पुष्प वर्षा व बेण्डबाजो के साथ ट्रक स्टेण्ड, आदिनाथ मार्ग, महावीर मार्ग, सुभाष सर्किल नवीन मण्डी होते हुए गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर लाया जाएगा। मंगल प्रवेश के दौरान एक सो अधिक तोरण द्वार बनेगें व कई स्थानो पर रंगोलिया सजाई जाएगी। कठमाणा ने बताया कि आचार्य सुन्दरसागर जी महाराज शुक्रवार सुबह जूनिया में आहार चर्या के बाद शाम तक उनियारा पहुंचेगें। वहीं शनिवार को सुबह प्रतापपुरा में आहारचर्या के बाद शाम तक मालपुरा कस्बे के निकट आईटीआई पहुंच कर रात्रि विश्राम करेगें। जहां से रविवार को सुबह रवाना होकर मालपुरा के केकड़ी रोड स्थित रामद्वारा के सामने से मंगल प्रवेश का जुलुस रवाना होगा।

## अभिभाषक संघ के चुनाव 13 को,मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

### 10 दिसम्बर को नाम वापसी के बाद आवश्यकता होने पर 13 दिसम्बर को होगा मतदान

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** अभिभाषक संघ मालपुरा के चुनावो के लिए मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई। संध सचिव एडवोकेट शिवराज सिंह ने बताया कि अभिभाषक मालपुरा के चुनावो के लिए शुक्रवार को मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। साथ ही प्रकाशित सूची पर दावे आपत्ति के बाद अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन भी कर दिया गया। अब 9 दिसम्बर को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक इुक प्रत्याशी आवेदन प्रात कर इसी जमा करवा सकते हैं। इसी दिन प्राप्त आवेदनो की जांच की जाएगी व नाम वापसी भी दिन होगी। इसके अगले दिन 10 दिसम्बर को 1 बजे तक नाम वापसर होगी। जिसके पश्चात प्रत्याशियो की अन्तिम सूची जारी कर दी जाएगी। वहीं आवश्यकता होने पर 13 दिसम्बर को 3 बजे तक मतदान के बाद तुरन्त बाद गणना की जाकर परिणाम जारी किए जाएगें। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 2 हजार आवेदन शुल्क लिया जाएगा व 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य होगा। उपाध्यक्ष सचिव पद के क्लिए आवेदन शुल्क 1500 सो रूपये तथा कोषाध्यक्ष पुस्तकालयअध्यक्ष पद के लिए आवेदन शुल्कक एक हजार रूपये निर्धारित किया गया है। साथ ही सचिव व उपाध्यक्ष पद के लिए पांच वर्ष का अनुभव तथा कोषाध्यक्ष पुस्तकालयअध्यक्ष पद के लिए 3 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।

## अवैध तरीके से कारतूस रखने के आरोप में एक गिरफ्तार

### विधि से संघर्षरत नाबालिग को किया निरुद्ध

बढ़ता राजस्थान



**गंगापुर सिटी ( नि.सं. )।** उदेई मोड़ थाना पुलिस ने अवैध तरीके से जिंदा कारतूस व मेग्जीन लेकर घूमने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अर्पित (19) पुत्र लड्डू लाल मीना निवासी बूकना थाना सपोटरा है। इसके साथी विधि से संघर्षरत एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। थानाधिकारी नरेश पोसवाल ने बताया कि बीते दिवस गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि काजी कॉलोनी रेलवे ओवरब्रिज के पास दो युवक अवैध हथियारों के साथ घूमरहे हैं। इस पर हेड कांस्टेबल मुरारी लाल को जाब्ते के साथ मौके पर भेजा गया। जहां मुखबिर के बताए हूलिए के दो लडके खड़े नजर आए। तलाशी लेने पर एक के पास मग्जीन मिली। मेग्जीन में एक जिंदा कारतूस था। दूसरे के पास एक जिंदा कारतूस मिला। कारतूस जब्ती के बाद नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## युवा महोत्सव के लिए पंजीयन 8 तक,महोत्सव का आयोजन 10 को

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में राजस्थान की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा व सरंक्षण प्रदान करने के उद्धेश्य से राजस्थान युवा महोत्सव के लिए ऑनलाइन पंजीयन 8 दिसम्बर तक होगा। वहीं महोत्सव का आयोजन 10 दिसम्बर को होगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी पूजा मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणाके अनुसार मालपुरा ब्लाक में युवा महोत्सव का आयोजन 10 दिसम्बर को राउमावि के खेल प्रागंण में प्रातः 9 बजे से होगा। जिसमें भाग लेने के लिए 8 दिसम्बर तक राजस्थान युवा बोर्ड की बेवसादट पर ऑनलाइन पंजीकरण हो सकेगा। युवा महोत्सव के तहत विज्ञान/डिजिटल मेले का आयोजन सांस्कृतिक प्रतियोगिताऐं जैसे सामूहिक लोक गायन/सामूहिक लोक नृत्य/एकल लोक गायन/एक लोक नृत्य/कविता पाठ/कहानी ले,ान/चित्रकल भाषण सहित अन्य कई प्रतियोगिताऐं आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में 15 से 20 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेगें।

## एक दिवसीय बैकर्स आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**टोंक, ( का.स. )।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद टोंक की ओर से शुक्रवार को जिला परिषद, टोंक में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में एक दिवसीय बैकर्स आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यषाला में डीडीएम नाबार्ड राजकुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा टोंक एवं आरसेटी निदेषक टोंक तथा राजीविका टोंक के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला प्रबंधक (वित्तीय समावेश) राजीविका टोंक ने राजीविका की प्रगति के बारे में अवगत करवाया। साथ ही,समूह के बचत खाते खोलना, समूहों का क्रेडिट लिंकेज, समूहों की ऑन लाइन ऋण आवेदन, इंटर सबवेंशन एवं सी.बी.आर.एम. कमेटी, डिजिटल फाइनेंस, इंटरप्राइजेज फाइनेंस, समाजिक सुरक्षा योजनाएं एवं वित्तीय साक्षरता समेत अन्य सभी बिंदुओं पर सभी बैंक प्रबंधकों के साथ चर्चा की गई। जिला प्रबंधक (आईबी) ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को समूहों के समय पर बचत खाते खोलने एवं ऋण वितरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्रीमान कल्याण जाखड़ ने बताया की सभी बैंकों से नियमित फोलोअप करके समय पर बचत खाते खुलवाने एवं समूहों ऋण वितरण करवाने का आश्वासन दिया।

कार्यशाला में नाबार्ड के डी.डी.एम. ने बताया कि राजीविका समूह को बचत खाते एवं ऋण वितरण में आने वाली समस्याओं का निराकरण करते हुए समय पर ऋण वितरण करने हेतु समस्त बैंकों का प्रोत्साहित किया। सभी बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ आरबीआई के दिशा निर्देश भी साझे किए गए, ताकि समूह का बचत खाता एवं क्रेडिट लिंकेज समय पर हो सके। कार्यक्रम में 65 शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर तीन लाख हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** रवांजना डूंगर थाना ने एक जने को शादी करवाने का झांसा देकर तीन लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी यदुवीरसिंह ने बताया कि आरोपी रमेश चन्द गुर्जर पुत्र मांगीलाल गुर्जर निवासी दशहरा मैदान के पास आलनपुर हाल निवासी मोजीपुरा कैलाशपुरी है। न्यायालय से पुलिस प्रोडक्शन वारन्ट पर जिला कारागृह से प्राप्त कर अनुसंधान के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से हड़पी गई राशि बरामद करने के प्रयास किए जा रहे है।

### यह है मामला

उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के जरिए एक इस्तगासा हरिसिहं पुत्र बल्लीसिंह निवासी झिरना (हिण्डौनसिटी) से मिला था। परिवादी ने अपनी शादी के लिए खूबी निवासी सिंगानिया (करौली) से सम्पर्क किया तो उसने पीड़ित को रमेश पुत्र मांगीलाल निवासी कैलाशपुरी में आकर मिलवाया। यहां रमेश ने कहा कि उसकी रिश्तेदारी में लडक़ी है। इससे शादी करवा देंगे। इसकी ऐवज में 3 लाख रुपए देने पड़ेंगे। फिर आरोपियों ने पीड़ित को एक लडक़ी रमेश के घर दिखाई और परिवादी से कैलाशपुरी बुलाकर एक लाख रुपए लिए। फिर बाद में 2 लाख रुपए नकद ले लिए। दूसरे दिन विवाह की बात करनी चाही तो रमेश का फोन बन्द आया। प्रार्थी परेशान होकर जब मोजीपुरा पहुंचा तो रमेश के घर रमेश व उसके दोनों लडक़े अरविन्द व हरिसिंह व राजकान्ता वहां नहीं मिले। आज दिन तक उनका पता नहीं चला। धोखेबाजों ने विवाह कराने का झांसा देकर प्रार्थी से 3 लाख रुपए हड़प लिए। परिवाद पर रवांजना डूंगर थाने में धारा 420, 406, 120बी आईपीसी में मामला दर्ज किया और अनुसंधान किया। बाद में अपराध प्रमाणित पाया जाने पर गिरफ्तार किया

## परिनिर्वाण दिवस पर माल्यार्पण

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा ( नि.स. )।** अम्बेडकर विचार मंच के तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहेब अम्बेडकर के 688वे महानिर्वाण दिवस के मौके पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शुक्रवार को संविधान निर्माता एवं रत्न बाबा साहेब अम्बेडकर के 68 वां महानिर्वाण दिवस मनाया गया। अम्बेडकर विचार मंच की ओर से बस स्टेण्ड स्थित अम्बेडकर सर्किल पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्येक्रम में मौजुद सभी लोगो ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी गई। इस मौके पर मंच अध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा, गोपीलाल बैरवा, रामप्रसाद वर्मा, बाबूलाल बैरवा, कैलाश बैरवा, नोरतमल वर्मा, अमित वर्मा, नरेन्द्र पुलवारिया, राकेश बैरवा, ओमप्रकाश बैरवा, मुकेश, रविराय, रामनारायण, लोकेश बड़ोलिया सहित अन्य कई प्रबुद्धजन मौजुद रहे। इसके अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शाखा मालपुरा की ओर से बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित की गई। इस दौरान नगरमंत्री कार्तिकेय शर्मा, लोकेश शर्मा, नगर संयोजक अपिता पाराशर इकाई अध्यक्ष शोभा बैरवा, लक्षित नामा आर्यन बेरवा सहित अन्य कई परिषद कार्यकर्ता मौजुद रहे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी बीमा स्वत्व दावा 15 दिसंबर 2024 तक भेजें

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिले में वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत्त हो रहे राज्य कर्मचारी एवं उनकी बीमा पॉलिसी 1 अप्रैल 2025 को परिपक्व हो रही हैं। उन्हें अपने दावा पत्र राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग टोंक को एसआईपीएफ पोर्टल के माध्यम से 15 दिसंबर 2024 तक भिजवाने होंगे। विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि जिन राज्य कर्मचारियों की जन्म तिथि 1 अप्रैल 1965 से 31 मार्च 1966 है तथा उनकी बीमा पॉलिसी 1 अप्रैल 2025 को परिपक्व हो रही है। साथ ही, सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी अपना मूल पासबुक, बीमा पॉलिसी, पदस्थापन स्थानों का विवरण समेत पूर्ण दस्तावेज 15 दिसंबर 2024 तक आवश्यक रूप से ई-बैग में अपलोड करें।

# बैंक की खिड़की काटकर 8.14 लाख की नगदी पार


# बस स्टैंड मुख्य चौराहे पर थाने से 200 मी दूर है बैंक

## पुलिस ने बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें चोर नजर आया

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । भुसावर थाने से मंत्र 200 मीटर दूरी पर बस स्टैंड के बल्लभगढ़ रोड पर स्थित दी भरतपुर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड शाखा भुसावल में खिड़की काटकर चोर अंदर घुसे तिजोरी काटकर 8.14 लाख रुपए ले गए ,सुबह रोकडिया के बैंक पहुंचने पर खिड़की की ग्रिल कटी देखकर शाखा प्रबंधक एवं पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची बैंक का जायजा लिया। पुलिस ने डॉग स्क्वायड समेत अन्य टीमों को बुलाकर मौके से सबूत जुटाए, पुलिस ने बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें चोर नजर आया।







### इनका कहना है-

बस स्टैंड के पास दी भरतपुर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक शाखा है मैं सुबह 9.50 बजे बैंक पहुंचा, मेंन गेट के पास ही सामने की तरफ खिड़की है मैंने देखा खिड़की के ग्रिल कटी हुई है 12 जगह से ग्रिल कटी हुई थी बैंक से 200 मीटर दूर ही थाना है मैंने पहले बैंक मैनेजर पवन तिवारी को फोन किया फिर दो लोगों ने पुलिस थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी, पुलिस की मौजूदगी में बैंक का ताला खोला बैंक में तिजोरी को संभाला तो उसे भी गैस कटर से काटा गया था ,तिजोरी में ऊपर नीचे दो बक्स है, ऊपर वाले वक्स में 8 लाख 14 हजार200 रुपए थे चोरों ने कटकर पूरी रकम ले गए ,नीचे वाले बक्स में एक लाख एक हजार 985 रुपए थे जो बच गए।

**हरिप्रसाद**
**बैंक कैशियर।**

बैंक में चोरी की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मौका देखा , डॉग स्क्वायड समेत अन्य टीमों को बुलाकर सबूत जुटाए, बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाल एक फुटेज में आरोपी नजर आ रहा है रात 12.30 के आसपास की घटना है इसमें सफेद कुड़ी पहने एक युवा बैंक के अंदर घूमते फिर रहा है वह बैंक के सीसीटीवी को ढूंढता है फिर कुछ देर बाद सीसीटीवी बंद हो जाता है सीसीटीवी फुटेज में युवक का चेहरा साफ नजर आ रहा है युवक के हाथ में कैंची या किसी हथियार जैसी चीज नजर आ रही है उसके हुलिये के आधार पर तलाश कर रहे हैं। इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खगाले जा रहे हैं।

**सुनील कुमार गुप्ता थाना अधिकारी भुसावर,**

## पुलिस चौकी में झगड़ा कर पुलिसकर्मी से मारपीट का मामला: फिर स्टेट हाईवे को किया जाम, आरोप में दंपति गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** रुदावल पुलिस ने बांध बारैठा पुलिस चौकी पर पुलिस पर हमला कर स्टेट हाइवे पर बैठकर रोड़ जाम करने के मामले में आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। खेरिया मोड चौकी प्रभारी घनश्याम पोसवाल ने बताया कि 14 नवम्बर को बांध बारैठा चौकी प्रभारी एएसआई भरतलाल ने मामला दर्ज करवाया था कि गांव नगला बारैठा निवासी मीना कुमारी व मिथलेश पक्ष के बीच विवाद हो गया था। दोनों पक्षों ने थाने पर

रिपोर्ट दी। जिस पर एएसआई ने गांव जाकर दोनों पक्षों के गवाहों के बयान लिए। साथ ही दोनों पक्षों से मेडिकल करवाने के लिए कहा गया।

एएसआई बयान लेकर वापस चौकी पर आए तो पीछे से मिथलेश व इसका पति बनवारी चौकी पर आ गए। दोनों कहने लगे कि जो हमने बयान दिए हैं उसकी हमें कॉपी चाहिए। या फिर मोबाइल में फोटो खींचने दें। जिस पर एएसआई ने कापी देने से मना किया तो गुस्सा होकर मिथलेश ने मोबाइल निकालकर एएसआई का वीडियो बनाते हुए धमकी देने लगी।

इसी दौरान दूसरे पक्ष की मीना व पति सोनू भी चौकी पर आ गए। जहां मिथलेश व मीना चौकी के अंदर झगड़ पड़े। चौकी में मौजूद लोगों ने दोनों में बीच बचाव करवाया। इतने में मिथलेश ने कांस्टेबल मनोज के चप्पल मार दी व पति बनवारी ने धक्का-मुक्की कर दी। जिसके बाद दोनों पति-पत्नी चौकी के सामने सड़क पर बैठ कर बयाना बसेड़ी स्टेट हाइवे को जाम करने की कोशिश करने लगे।

जिससे दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। आईजी राहुल प्रकाश व एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशानुसार एएसपी हरिराम कुमावत व सीओ नीरज भारद्वाज के सुपरविजन में गठित टीम ने पुलिस के साथ मारपीट कर राजकार्य में बाधा पहुंचाने व रोड़ जाम करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी गांव नगला बांध बारैठा निवासी बनवारी पुत्र हरिसिंह जाटव व इसकी पत्नी मिथलेश जाटव को गिरफ्तार किया है।

## ब्राह्मण समाज की अंतरराष्ट्रीय महासंगठन कार्यकारिणी गठित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंगठन की बैठक शुक्रवार को मीराना तिराहा पर आयोजित की गयी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शिवचरण शर्मा के निर्देशानुसार बयाना तहसील की कार्यकारिणी का गठन किया गया। तहसील अध्यक्ष अमर सिंह तिवारी ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर मुरारी लाल व्यास, मुकेश कलसाड़ा और ईश्वरी प्रसाद, महामंत्री पद पर मोहनलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार दुबे, संगठन मंत्री का दायित्व झूमर लाल शाण्डिल्य को दिया गया। संयुक्त मंत्री होंगे गिरीश कुमार शर्मा जबकि युवा प्रकोष्ठ का दायित्व संभालेंगे राजीव तिवारी।

नवीन तिवारी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। तहसील प्रवक्ता अशोक कुमार शर्मा, ग्रामीण इकाई के प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा, नगर प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा, महासचिव पद की जिम्मेदारी महेन्द्र तिवारी एवं मुकेश शर्मा को दी गयीं।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष तिवारी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार वह ब्राह्मण समाज को एकजुट करने का काम करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के युवाओं के लिए कैरियर काउन्सलिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## भाजपा मंडल ने 14 बूथ अध्यक्ष सर्व सम्मति से मनोनीत किए

बढ़ता राजस्थान

**नारायणपुर ( नि.स. )।** भाजपा संगठन पर्व के तहत शुक्रवार को मंडल महामंत्री जलेसिंह मीणा की अध्यक्षता में भाजपा मंडल बूथ अध्यक्ष के चुनाव सर्व सम्मति से सम्पन्न हुए। मंडल संयोजक सुल्तान राम सैनी ने बताया कि नारायणपुर तहसील के अंतर्गत करीब 50 बूथ अध्यक्ष बनाए जाएंगे। शुक्रवार को करीब 14 बूथ अध्यक्षों को कार्यसमिति ने सर्व समिति से बूथ अध्यक्ष बनाए। जिसमें बूथ 163 पर विकास सिंह, 165 पर केसरपाल शेखावत, 166 पर भोमराज शर्मा, 209 पर मुकेश कुमार पांडे, 213 पर महेंद्र प्रसाद योगी, 214 पर राकेश सैनी, 215 पर जयराम सैनी, 216 पर हरिराम प्रजापत, 217 पर राजेंद्र प्रसाद शर्मा, 218 पर राजेश कुमार गुप्ता उर्फ बबली, 222 पर रिंकू गुवारिया, 228 पर राजवीर जाट, 233 पर कमलेश शर्मा, 239 पर दयाराम शर्मा को बूथ अध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्षों का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर महामंत्री भवानीशंकर वैद्य, धूडाराम यादव, अशोक सिंह शेखावत, मनोहर सिंह, मातादीन यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध: सनातन धर्म सेवक संघ से एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में शुक्रवार को बयाना में सनातन धर्म सेवक संघ की ओर से एसडीएम कार्यालय पर नारेबाजी प्रदर्शन किया गया। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम दीपक मित्तल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही रविवार के स्थान पर गुरुवार को राष्ट्रीय साप्ताहिक अवकाश दिवस घोषित कराने की मांग की।





दोपहर करीब 1.30 बजे एसडीएम कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए कहा कि वर्तमान में बांग्लादेश में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा हिन्दुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। हिंदुओं का कत्ल कर उनके घरों को लूटा जा रहा है। बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

ज्ञापन में रविवार के स्थान पर गुरुवार को राष्ट्रीय साप्ताहिक अवकाश दिवस घोषित किया जाना चाहिए। बृहस्पति देव गुरु हैं, जो जीवन में सुख-समृद्धि धर्म ज्ञान आदि के कारक है। इससे महिलाओं का भी सम्मान बढ़ेगा। प्रत्येक गुरुवार को सुबह 7-15 बजे 14 से 60 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक भारतीय की अनिवार्य रूप से सामूहिक वन्दे मातरम का गायन भी कराया जाना

चाहिए। जिससे देश का नागरिक देशभक्त बनेगा साथ ही 5 मिनट के सन्देश से सरकारी योजनाओं की जानकारी ले सकेगा।

## पदमप्रभु जैन औषद्यालय में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाया गया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शुक्रवार को श्री पदमप्रभु जैन औषद्यालय मेहताब सिंह का नोहरा अलवर में अस्थि. संधिगत (जोड़ों का दर्द) विकार आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ औषद्यालय के मंत्री संजय कुमार जैन द्वारा मंगलाचरण एवं सामूहिक रूप से णमोकार मंत्र के द्वारा किया गया । सुरेश जैन बड़तालिया अमन जैन, रुचि जैन एवं अलवर सेंट्रल जेल सुपरिटेंडेंट शिवेंद्र शर्मा,सुबोध जैन एवं समाज के अध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। अध्यक्ष विमल कुमार जैन ने बताया कि शिविर में 144 मरीजों का उपचार किया गया । एवं 77 मरीजों की डां. लाल पैथ लैब्स के माध्यम से कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम यूरिक एसिड, हीमोग्लोबिन, शुगर बीपी की नि:शुल्क जांच की गई स 22 मरीजों को अग्निकर्म एवं 10 मरीजों का पंचकर्म भी किया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. सुबेसिंह यादव, डॉ. संदीप, डॉण.अनिल जैन ने सेवाएं दी। इस अवसर पर शिविर के पुण्यार्जक सुरेश जैन, अमन जैन एवं समाज के विशिष्ट जन मुकेश जैन, प्रवीण जैन,सुमतचंद जैन,राजेंद्र जैन ,अशोक जैनअगोनीज, चंदन जैन, नरेश कुमार जैन, विकास जैन, विजेंद्र जैन, मगन चंद जैन, प्रीतम चंद जैन,डॉ. ऊषा जैन, श्रीमती सरला जैन, श्रीमती वंदना जैन, श्रीमती राजबाला जैन ,राजेश जैन, अशोक जैन,मनोज जैन, पुष्पेंद्र जैन, प्रदीप जैन ,महेंद्र जैन इत्यादि विशिष्ट जन उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन विमल कुमार जैन ने किया ।



## एचडीएफसी बैंक में लगा रक्तदान शिविर



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शुक्रवार को अलवर के एचडीएफसी बैंक ब्रांच भगतसिंह पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां बैंक कर्मियों ने बड़ी संख्या में रक्तदान देकर समाज में बेहतरीन संदेश दिया। सिनीयर ब्रांच मैनेजर रवि शर्मा के नेतृत्व में आयोजन हुआ।

## भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ में वीटो पावर सहित मिले स्थाई सदस्यता

### अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच को मिला है विश्व रत्न अलंकार- टोरडी



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच इंडो नेपाल सोशल मिशन यात्रा के अंतर्गत नेपाल के प्रथम प्रधानमंत्री की विशिष्ट सलाहकार मंच के संस्थापक महावीर प्रसाद टोरडी भुसावर स्थित अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन कार्यालय पहुंचे, जहां अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन राजस्थान इकाई की पर्यावरण एवं पशु पक्षी संरक्षण अध्यक्ष शीला पाण्डेय् ने सम्मान किया! टोरडी ने कहा कि आज उनका संगठन 22 राष्ट्रों मे पहुंच चुका है संगठन के द्वारा भारत की शक्ति प्रतिष्ठा भारत के पंचशील सिद्धांतों को विश्व स्तर पर बढ़ा रहे हैं ।

### मंच को मिला है विश्वरत्न अलंकार-

टोरडी ने बताया कि इंडो नेपाल समरसता सोशल मिशन की यात्रा के अंतर्गत मंच को प्रथम विश्व रतन अलंकार प्राप्त हुआ है उसको देश के विभिन्न प्रति एवं ग्रामीण क्षेत्र में राज से तिलक करने के लिए यात्रा की जा रही है उसी के अंतर्गत भुसावर पहुंचे हैं मंच का मुख्य उद्देश्य भारत नेपाल वैदिक कालीन संस्कृति का पुनर उत्थान हो भारत पुणे वैदिक कालीन जगतगुरु स्थापित हो भारत को वीटो पावर के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्यता मिले एवं संयुक्त राष्ट्र संघ का अयोध्या में मुख्यालय हो! हमारा देश विकसित देश से विकासशील देशों की ओर अग्रसर हो रहा है।

## श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अवसर पर बैंडबाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** संगीतमय श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के आयोजन के अवसर पर बामड़ा हनुमान मंदिर से बैंडबाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।बड़ी संख्या में महिलाएं पीले कलश सिर पर रहकर चल रही थी।कलश यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।कथा परीक्षित सपत्नीक धुजीराम गुप्ता रहे।कथा का समापन 13 दिसम्बर को किया जायेगा।कथा का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है।कथा वाचक आचार्य सन्त श्री बजरंग दास जी महाराज जी (अयोध्या बाले) रहे । कथा के पहिले दिन छह दिसम्बर को गणेश पूजन,भागवत महात्म्य कथा,दूसरे दिन श्री शुकदेव जन्म,कर्दम देवहुति संवाद तथा कथा के तीसरे दिन श्री ध्रुब चरित्र,जड़ भरत प्रसंग,चौथे दिन श्री प्रह्लाद चरित,श्री राम जन्म,श्री कृष्ण जन्म,पांचवे दिन श्री कृष्ण वाल लीला,गोबर्धन पूजा,कथा के छठवे दिन कंस बध, श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह,सातवे दिन श्री सुदामा चरित,एकादशी महिमा,शुकदेव विदाई तथा 13 दिसम्बर शुक्रवार को हवन पूर्णाहुति एवं प्रसादी का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा श्रीमती ओमवती का एकादशी ब्रत का उद्यापन भी किया जायेगा।इस मौके प्रदीप बंसल,गौरव बंसल,सतीश गर्ग,मुकेश सिंघल,राज कुमार सिंघल, खेमराज गुप्ता, नितिन, कान्हा, विहान, भावेश, मनन, बागमी, माधुरी, विमलेश, बबीता, नीतू, रेखा, निधि गुप्ता बीना सहित बड़ी संख्या में भागवत कथा प्रेमी मौजूद रहे।



## जाटव समाज ने मनाया अंबेडकर परिनिवाण दिवस: प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, बोले -सामाजिक समरसता के प्रतीक थे बाबा साहेब

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना** (सत्यप्रकाशअग्रवाल)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बयाना में जाटव समाज समिति की ओर से अंबेडकर पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही दो मिनट का मौन भी रखा।

इस मौके पर वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्ष पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। अम्बेडकर ने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर कहते थे कि छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, उन्हें हासिल करना होता है। लोगों ने अंबेडकर के मिशन और कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस दौरान जाटव समाज समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष दानसिंह जाटव, किशनचंद वर्मा, नवल सिंह, दिनेश जाटव, पूर्व पालिकाध्यक्ष कमल किशोर, संजय टाइगर,आशीष कुमार, हरीबाबू, योगेश कुमार, राजेश, नवल मिस्त्री, ओमी आदि मौजूद रहे।



### अभिभाषक संघ चुनाव 2024-25

## अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला अन्य निर्विरोध निर्वाचन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । भुसावर अभिभाषक संघ कार्यकारिणी चुनाव 2024-25 के लिए 13 दिसंबर 2024 को निर्वाचन किया जाएगा ।अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिन कोषाध्यक्ष पुस्तकालय अध्यक्ष व ऑडिटर के होने वाले निर्वाचन में अध्यक्ष पद के लिए ही मतदान होगा निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राजू सैनी व इंद्र दत्त पांडे ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नाम वापसी के बाद तीन प्रत्याशी एडवोकेट शांति स्वरूप शर्मा एडवोकेट चंद्रशेखर तिवारी एवं एडवोकेट सुशील पाण्डेय् चुनाव मैदान में है। उपाध्यक्ष के लिए एडवोकेट छोटे लाल मीणा सचिन के लिए एडवोकेट उदयभान मीणा एवं कोषाध्यक्ष के लिए महेश चंद मीणा के ही नामांकन पत्र आने के कारण इन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। वही पुस्तकालय अध्यक्ष वी ऑडिटर के लिए एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं होने से पद रिक्त रखे गए हैं। मात्र अध्यक्ष पद पर 13 दिसंबर 2024 को मतदान होगा तभी अध्यक्ष पद के लिए सफल अधिवक्ता अध्यक्ष की कुर्सी पर आसीन होंगे।

## मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर विधानसभा क्षेत्र में होगा रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । भजन फाउंडेशन धारा 15 दिसंबर 2024 को वेयर विधानसभा क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक रक्तदान हो इसको लेकर भजन फाउंडेशन की एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में उपस्थित प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिवानी दायमा जिला उपाध्यक्ष राजू कटरा पूर्व जिला प्रमुख द्वारका प्रसाद गोयल भुसावल नगर पालिका के उपाध्यक्ष धीरज पांडे मंडल अध्यक्ष ग्रामीण सत्येंद्र चौधरी लोकेश अग्रवाल जगदीश शर्मा हरिकृष्ण जोशी राधेश्याम मुरारी लाल जांगिड़ बच्चू सिंह बासिंगा बजरंग खदराया ने अधिक से अधिक रक्तदान करने का संकल्प लिया।

# विद्यालय में छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित किए



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** विद्या भारती विद्यालय श्री राम बाल विद्या मंदिर (उ.प्रा.)विद्यालय भैंसरोड़गढ़ में शुक्रवार को भामाशाह परवेश जैन द्वारा छात्र छात्राओं को सर्दी से बचाव के लिए ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। प्रधानाचार्य भूपेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जैन कलेक्शन प्रतिष्ठान के परवेश जैन ने विद्यालय के दूर दराज से आने वाले छात्र छात्राओं को 37 स्वेटर उपलब्ध करवाए। विद्यालय में अध्ययनरत आस पास के गांवों से आने वाले ऐसे कई विद्यार्थी हैं जिनके पास असहाय स्थिति के कारण सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर नहीं हैं। समय समय पर विद्यालय में भामाशाहों द्वारा कई रूपों में इनके लिए सामग्री या अन्य आवश्यकतानुसार सहायता की है। परवेश जैन उन्ही में से एक हैं जो इस तरह की सहायता के लिए सदैव अग्रणी रहते हैं। देवकीनंदन गौड़ तथा नरेन्द्र सिंह राठौड़ ने इस पुनीत सहयोग के लिए आभार साधुवाद प्रेषित किया तथा छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित किए। छात्र छात्राएं भी स्वेटर पाकर खुश नजर आए।

# कोटा–बूंदी दुग्ध उत्पादक संघ की बोर्ड बैठक सम्पन्न

## सरस विजिलेंस टीम करेगी दूध का दूध, पानी का पानी,विजिलेंस टीम का होगा गठन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा–बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. की बोर्ड बैठक शुक्रवार को सरस सभागार में आयोजित की गई। एमडी दिलखुश मीणा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता चैयरमैन चैनसिंह राठौड़ द्वारा की गई। बैठक में आरसीडीएफ के प्रतिनिधि एवं संचालक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

मीणा ने बताया कि बोर्ड बैठक में अध्यक्ष राठौड़ की सहमति से संघ की भौतिक एवं आर्थिक प्रगति, 180 मिलीलीटर दुग्ध पैकेजिंग, नए समिति सदस्य बनाने सहित 10 बिंदुओं पर चर्चा की गई।

### दूध का दूध, पानी का पानी

राठौड़ ने बताया कि कोटा–बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. की समितियों में मिलने वाले दुग्ध की गुणवत्ता की जांच, पशुधन की गणना और नियमितता से प्राप्त शुद्ध दूध की गुणवत्ता के लिए सरस डेयरी प्रबंधन के माध्यम से एक विजिलेंस टीम का गठन करने की योजना बनाई है। इसमें 5 सदस्यों की टीम बनाई जाएगी।राठौड़ ने कहा कि संघ शुद्धता का युद्ध लड़ रहा है, इस क्रम में विजिलेंस टीम का गठन किया गया है। यह टीम दुग्ध निरीक्षण सहित पशुधन की जांच का कार्य भी करेगी।

### सदस्यों का विवरण

अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि विजिलेंस टीम में 5 सदस्य होंगे, जिनमें एक सदस्य प्रयोगशाला, परीक्षण एवं विपणन विभाग से होगा तथा अन्य दो सदस्य सरस डेयरी के कर्मचारी होंगे।

राठौड़ ने यह भी बताया कि यह टीम न केवल दुग्ध का निरीक्षण करेगी, बल्कि सरस और सरकार की योजनाओं को पशुपालकों तक पहुंचाने का सेतु भी बनेगी। साथ ही सरकारी सहायता के लिए जागरूकता फैलाने का कार्य भी करेगी।

### अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

एमडी दिलखुश मीणा ने बताया कि बोर्ड बैठक में अध्यक्ष राठौड़ की अनुमति से पांच समितियों को दुग्ध संघ की सदस्यता प्रदान की गई है। इनमें कोटा की कल्याकुई तथा बूंदी की बिजलवां, देहित, जजवाड़ महिला, देवपुरा महिला समिति शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में 200 मिलीलीटर पैकेट के स्थान पर 180 मिलीलीटर पैक की आपूर्ति का निर्णय लिया गया।




**बैठक में उपस्थित अन्य सदस्य**

**चैनसिंह राठौड़ (अध्यक्ष), दिलखुश मीणा (प्रबंध निदेशक), सुधांशु गुर्जर (आरसीडीएफ प्रतिनिधि), गौरी शंकर, धनराज सैनी, जोधराज मीणा, बनवारी लाल नागर, माया किराड़, हरनाथ मीणा, रामेश्वर, फोरंता बाई, शैतान गुर्जर।**

## राज्य मंत्री आज कोटा प्रवास पर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** महिला अधिकारिता, सार्वजनिक निर्माण विभाग राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार 7 दिसम्बर, शनिवार को प्रात: 10 बजे महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में अन्तर्विश्वविद्यालयी फुटबॉल महिला प्रतियोगिता के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी।

## पेंशन समस्या समाधान शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** पेंशन समस्या समाधान शिविर शुक्रवार को क्षेत्रीय कार्यालय सी.ए.डी. परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें कोटा संभाग के 80 पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान कराया गया। अतिरिक्त निदेषक पूनम मेहता ने बताया कि षिविर में सम्भागीय कार्यालय कोटा के बाबूलाल मीणा, उपनिदेषक सरिता दयाल, सहायक निदेषक सत्यनारायण माहेष्वरी, सहायक निदेषक प्रदीप अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी–I एवं कोष कार्यालय कोटा के कोषाधिकारी आषीष शर्मा, कोष कार्यालय बारां से कोषाधिकारी के प्रतिनिधि सुरेन्द्र नागर उपस्थित रहे।

## सिलेण्डर सब्सिडी योजना की आईडी मैपिंग की अवधि बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** राज्य सरकार की बजट घोषणा अन्तर्गत रसोई गैस सिलेण्डर अनुदान योजना के तहत एनएफएसए लाभान्वितों को 450 रुपये में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने के लिए एलपीजी आईडी मैपिंग की अवधि बढ़ाकर 10 दिसम्बर कर दी गई है। इसके लिए सभी वंचित उपभोक्ता उचित मूल्य दुकानदार से पोष मशीन के माध्यम से परिवार के सदस्यों के आधार नम्बर की सीडिंग, ई–केवाईसी तथा नाम, एलपीजी आईडी की सीडिंग 10 दिसम्बर से पहले करवाएं। जिला रसद अधिकारी डॉ. राहुल मीणा ने बताया कि सभी पात्र उपभोक्ताओं से आव्हान किया है कि वह उचित मूल्य दुकानदार से सम्पर्क कर पोस मशीन के माध्यम से ई–केवाईसी पूर्ण कराएं। ई–केवाईसी परिवार राशन कार्ड में अंकित सभी सदस्यों की कराई जानी है। किसी भी सदस्य की ई–केवाईसी नहीं होने पर माह दिसम्बर 2024 में राशन सामग्री प्राप्त नहीं की जा सकेगी।

# रामगंज मण्डी का साबु खेल मैदान और कृषि उपज मंडी बना शराबियों का अड्डा





बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी( महेश कुमार )।** शहर का साबु खेल मैदान इन दिनों शराबियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनते जा रहे हैं। यहां शाम ढलते ही नशेड़ियों को नशा करते देखा जा सकता है और तो ओर यहां लोग ताश पर दाव भी लगाते है और ताश के पत्तों को ऐसे ही फैंक जाते है जिससे और पर भी बुरा असर पड़ता है।

सोचने वाली बात यह है कि खेल मैदान से कुछ ही कदमों की दूरी पर गर्ल्स और बॉयस स्कूल है। गर्ल्स स्कूल के बाहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद असामाजिक तत्वों बाइक पर घूमते रहते हैं। साबु खेल मैदान में असामाजिक तत्व शराब पीकर शराब की खाली बोतलें फोड़कर कांच फैला देते हैं। इससे खिलाड़ियों को खेलने में परेशानी आती हैं। साबु खेल मैदान में शाम ढलते ही असामाजिक तत्व और शराबियों का जमावड़ा हो जाता है। वो जमकर शराब पीते हैं और शराब की बोतलों को मैदान पर ही फेंक देते हैं। रोजाना खिलाड़ी मैदान पर प्रेक्टिस करने पहुंचते हैं। असामाजिक तत्वों के मैदान में शोर–शराबे और गाली–गलौज करने से लोगों को काफी परेशानी होती है।

लोगों ने बताया की मैदान पर रोशनी की व्यवस्था भी नहीं है। इसी कारण शराबी अंधेरे का फ़ायदा उठाकर मैदान में ही शराब पीने लग जाते हैं लोगो का तो यह भी कहना है कि खेल मैदान पर पुलिस की गश्त हमेशा नहीं होती है। गश्त नहीं होने का नुकसान मैदान और खिलाड़ियों को हो रहा है। मैदान में पुलिस गश्त जरूरी है। मैदान में असामाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा अंकुश लगाया जाना चाहिए। लोगो ने कहा कि खेल मैदान में हमेशा अंधेरा रहता है। यहां रोशनी का इंतजाम किया जाना चाहिए । साथ अगर बात कृषि उपज मंडी की की जाए तो कृषि उपज मंडी में भी जगह–जगह शराब की खाली बोतले देखी जा सकती है । कृषि उपज मंडी में शराबी खुले में बैठकर शराब पी लेते हैं जिन्हें किसी का कोई भय नहीं है।

रामगंजमंडी डिप्टी घनश्याम मीणा का कहना है कि पुलिस समय समय पर ऐसे स्थान पर पेट्रोलिंग करती है और संदिग्ध लोगों पर कार्यवाही भी करती है फिर भी किसी भी व्यक्ति को ऐसे लोगों की जानकारी हो तो पुलिस को सूचना जरूर दे । सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी और संबंधित लोगों पर कार्यवाही की जाएगी ।

# माथना में गर्ल फ्रेन्डली ग्राम पंचायत का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

अंता /बारां (नि.स.) । बारां महिला अधिकारिता विभाग द्वारा डीएचईडब्ल्यू के माध्यम से गर्ल फ्रेन्डली ग्राम पंचायत विकास अभियान के तहत, बारां ब्लॉक की ग्राम पंचायत माथना को गर्ल फ्रेन्डली ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिला अधिकारिता ब्लॉक सुपरवाईजर मोनिका शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में केक काट कर बेटी जन्मोत्सव मनाया गया तथा नवजात बालिकाओं के अभिभावकों को बेबी ब्लेंकेट बांटे गए तथा बेटी के नाम की नेमप्लेट प्रदान कर घर के मुख्य द्वार पर डिस्प्ले किए जाने की अपील की गई। जिससे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य साकार होगा तथा गांव–गांव में बेटियों के नाम से घर–घर को पहचाना जाएगा। इसी के साथ एक पेड़ बेटी के नाम अभियान के तहत ग्राम साथिन मीनाक्षी कुमारी मीणा के सहयोग से ग्राम पंचायत परिसर के समीप ही कन्या पोषण वाटिका का पौधारोपण कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जेण्डर स्पेशलिस्ट पुष्पा शर्मा, एमटीएस, डीएचईडब्ल्यू विजय सुमन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलवाई तथा आमजन को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया, वहीं नवजात बेटियों के नाम पर पोषण वाटिका के अतिरिक्त आमजन द्वारा अपने नजदीकी क्षेत्रों में पौधारोपण कर वातावरण स्वच्छता में अपना योगदान करना चाहिए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अध्यक्ष खुशबु नागर, ग्राम विकास अधिकारी संजू कुमावत, कनिष्ठ सहायक कपिल शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्य रामचरण मीणा, एएनएम माथना पीएचसी ज्योति चौरसिया एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# बाबा साहब ने आधुनिक भारत की नींव रखी: संदीप शर्मा

## भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** विधायक संदीप शर्मा ने कहा है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने जाति पाति की संकीर्ण मानसिकता से बाहर निकालकर आधुनिक और विकसित भारत की नींव रखने का महान कार्य किया जिसके बल पर ही आज हमारा देश विकास पथ पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है, दुनिया के देश हमसे मित्रता के लिए आगे आ रहे हैं। बाबा साहब का जीवन अपने आप में संघर्ष की अद्वितीय कहानी है, उन्होंने सिद्ध किया कि बिना संसाधनों के प्रतिकूल परिस्थितियों में भी केवल शिक्षा के बल पर स्वयं शक्तिशाली कैसे बना जाता है और पूरे राष्ट्र को किस प्रकार दिशा दिखाई जा सकती है। हमें उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए और उनके दिखाये रास्ते पर चलना चाहिए। शुक्रवार को भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर नवीन चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आयोजित स्वेछिक रक्तदान शिविर एवं श्रद्धाजंलि कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पद से सम्बोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त प्राचार्य डॉ दिनेश वर्मा ने की, वहीं नवीन चिकित्सालय अधीक्षक डॉ आशुतोष शर्मा, डॉ सी एस सुशील, डॉ एस सी दुलारा, डॉ एस जेलिया, डॉ सी एल केडिया, डॉ सुचित्रा मौर्य, डॉ राजमल मीणा विशिष्ट अतिथि रहे। रक्तदान शिविर के आरम्भ में बाबा साहिब के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्वलन किया गया। रक्तदान शिविर में मेडिकल कॉलेज एवं संलग्न चिकित्सालय के स्टाफ, विद्यार्थियों तथा समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। अथितियों द्वारा रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजीव कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। कार्यक्रम में डॉ घनश्याम बारूपाल, डॉ अनुपम खींची, डॉ कनिष्क, डॉ देवेन्द्र पन्नू, महावीर मेहरा, द्वारकी लाल मीणा का विशेष सहयोग रहा।

**जिला कलक्टर ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक**

# जिला स्तरीय प्रदर्शनी सहित अन्य कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा की



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर 12 से 15 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रमों की तैयारियों के बारे में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली गई।

बैठक में बताया गया कि 12 दिसम्बर को प्रात: 8 बजे रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन किया जाएगा जिसमें खिलाड़ी, पुलिस के जवान, अधिकारी–कर्मचारी भाग लेंगे। इसी दिन प्रात: 10 बजे महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में पंच गौरव प्रदर्शनी, जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन सहकारिता एवं प्रभारी मंत्री श्री गौतम दक करेंगे। श्री दक प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। इसके बाद सिआम ऑडिटोरियम में जिला विकास पुस्तिका का विमोचन भी प्रभारी मंत्री द्वारा किया जाएगा।

13 दिसम्बर को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन कृषि विश्वविद्यालय परिसर कोटा में होगा। 14 दिसम्बर को महिला सम्मेलन का जिला स्तरीय आयोजन सिआम ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

बैठक में जिला कलक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रदर्शनी एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में विभाग अपनी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दें एवं उन योजनाओं के बारे में पेम्फलेट छपवाकर वितरित किए जाएं। डॉ. गोस्वामी ने सम्पर्क पोर्टल पर पेंडेंसी जीरो करने एवं प्रकरण निस्तारण की अवधि कम से कम लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

# बारां जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशन में रास्ता खोलो अभियान की शुरूआत

## सभी पक्षों के बीच आपसी सहमति बनाकर रास्ते का खुलासा किया

बढ़ता राजस्थान

**अंता /बारां ( शफीक मंसूरी )** । बारां जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशन में जिले के ग्रामीण क्षेत्र में खेतों तक सुगम पहुंच के लिए शुक्रवार से रास्ता खोलो अभियान की शुरूआत की गई। इसके तहत विभिन्न गांवों में जहां सभी पक्षों के बीच आपसी सहमति बनाकर रास्ते का खुलासा किया गया। वहीं अन्य जगहों पर रास्तों का डिमार्केशन कर आगे की कार्यवाही के लिए रूपरेखा का निर्धारण किया गया। जिले में कई स्थानों पर खेतों तक पहुंचने के मार्ग अतिक्रमण या आपसी विवाद आदि कारणों से अवरूद्ध होने के कारण कृषकों को खेतों तक पहुंचने में असुविधा की स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन की पहल पर अभियान की शुरूआत की गई है।

अभियान के तहत पहले दिन बारां उपखण्ड क्षेत्र के माथनी गांव में नहर के पास आराजी खसरा 1047 पर सौ–डेढ़ सौ मीटर रास्ते का खुलासा आपसी सहमति से कराया गया। अभियान में यहां पूरी तरह से बंद रास्ते को दस फीट तक चौड़ा किया गया जिससे ट्रैक्टर आदि साधन आसानी से अन्दरूनी खेतों तक पहुंच सकेंगे। रास्ता बंद होने के कारण यहां आधा दर्जन से अधिक किसान प्रभावित हो रहे थे। तहसीलदार दशरथ मीणा, कानूनगो सिराज खान, पटवारी अंसार खान, एलआर मुकुट मीणा की टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी पक्षों के बीच आपसी सहमति बनाते हुए रास्ते का खुलासा करवाया।

छीपाबड़ौद उपखण्ड अधिकारी सपना कुमारी ने बताया कि कलमोदिया से हरनावदाशाहजी की नई सड़क पर सेकुड गांव में रास्ता निर्माण मे आई रूकावट की पैमाईश करते हुए जेसीबी मशीन की मदद से रास्ते का खुलासा किया गया। अंता उपखण्ड में तहसीलदार सत्यनारायण शर्मा की अगुवाई में भोज्याखेड़ी नागदा के बीच करीब 750 मीटर रास्ते का डिमार्केशन किया गया है। यहां रास्ते पर वर्तमान में फसल की बुआई करदी गई है। आगामी दिनों में जेसीबी मशीन से रास्ते का खुलासा कर पक्के रास्ते का निर्माण किया जाएगा। डिमार्केशन के दौरान दोनो पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी भी उपस्थित थे।



अभियान में उपखण्ड अधिकारियों को रास्तों से संबंधित समस्याओं को पूर्ण विधिक रूप से निराकरण करने की जिम्मेदारी दी गई है। उपखण्ड अधिकारी सप्ताह में एक बार उप पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थानाधिकारी, विकास अधिकारी के साथ बैठक कर प्रकरणों की समीक्षा करेंगे तथा सप्ताह में कम से कम 3 रारतों की समस्या का समाधान करेंगे। अभियान के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। रास्तों से अतिक्रमण हटाने के पश्चात उन रास्तों पर नरेगा या अन्य सरकारी योजनाओं के तहत तत्काल ग्रेवल सड़क व वृक्षारोपण कार्य कराने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद नोडल अधिकारी बनाया गया है। रास्ते के खुलासे के लिए विकास अधिकारी व ग्राम पंचायतें आवश्यक रूप से संसाधन उपलब्ध कराएंगे। रास्तों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण के दौरान जनप्रतिनिधिगणों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

### कब्जा संभलाया

शाहबाद के पटवार मण्डल बैहठा के ग्राम धुरेरा के आराजी खसरा न 138 रकबा 12 .02 बीघा पर 183 (बी) की कार्यवाही के तहत मौक़े पर उपस्थित नायब तहसीलदार, कानूनगो, पटवारी मय राजस्व टीम और पुलिस जाप्ता एवं ग्रामवासियान की मौजूदगी के साथ मौक़े पर सहखातेदारों पुनिया पुत्र सूखा जाति जाटव एवं केशव, सुमत पुत्र शोभा, दाखा, कारी, निकिता पुत्रिया रामवती पत्नी स्व . मिंजू जाति जाटव को कब्ज़ा संभालाया गया।

# ग्राम कस्बानोनेरा में सहरिया छात्रावास हेतु भूमि आवंटित

बढ़ता राजस्थान

**अंता /बारां ( नि.स. )** । बारां जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने पीएम जन मन योजनान्तर्गत अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा द्वारा राजकीय सहरिया छात्रावास के लिए भूमि आवंटन की मांग पर उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार शाहाबाद की अनुशंसा पर ग्राम कस्बानोनेरा तहसील शाहबाद की आराजी खसरा नंबर 684 कुल रकबा 31 बीघा में से 2.10 बीघा किस्म चारागाह भूमि का वर्गीकरण परिवर्तन उपरांत राजकीय सहरिया छात्रावास (छात्रा) निर्माण के लिए निशुल्क आवंटन की स्वीकृति प्रदान की है।

# अवैध चंबल बजरी परिवहन को लेकर डांग बसई थाना पुलिस की कार्यवाही

## एक फरार आरोपी को पकड़ा वही सूचना पर चंबल बजरी से भरी ट्रेक्टर-ट्रॉली की जप्त

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** उपखंड की बसई डांग थाना पुलिस ने अवैध चंबल बजरी परिवहन को लेकर फरार चल रहे एक आरोपी को जहां मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने अवैध चंबल बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त किया है। दोनों मामलों में पुलिस द्वारा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और फॉरेस्ट एक्ट की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। बसई डांग थाना अधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में अवैध चंबल बजरी खनन एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाया हुआ है। जिसमें बाड़ी एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ और बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में कार्रवाई की जा रही है। वही दूसरी कार्रवाई में बसई डांग थाना पुलिस ने अवैध चंबल बजरी परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त किया है। एसएचओ घनश्याम सिंह ने बताया कि सूचना मिली के थाना क्षेत्र के नगर रोड पर अवैध



चंबल बजरी का परिवहन हो रहा है। इस पर थाने के हेड कांस्टेबल रघुवीर सिंह,हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह,हेड कांस्टेबल सुरेश चंद्र, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, सतेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश,कुमेर सिंह, उमाचरण, शिवराम के साथ मौके पर जाकर कार्रवाई की। जहां से एक ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त किया है। आरोपी चालक पुलिस की भनक लगने से ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया।

# बच्चो के विवाद में कुर्रेदा गांव में झगड़ा, घर पर हुए हमले में महिला सहित दो किशोर घायल

## गुरुवार की रात की घटना, घायल महिला अस्पताल में भर्ती, कंचनपुर पुलिस कर रही जांच

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के कुर्रेन्दा गांव में बच्चों के झगड़े में घर पर आकर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में एक महिला और दो किशोर घायल हुए हैं। जिन्हें गुरुवार की रात बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर परिवार के मुखिया पीड़ित सूर्यसेन पुत्र बीधाराम जाटव ने कंचनपुर थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार कुर्रेन्दा गांव निवासी बुजुर्ग सूर्यसेन पुत्र बीधाराम जाटव ने कंचनपुर थाने में दी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि कुर्रेदा गांव स्थित उसके घर पर गुरुवार की रात गांव के पड़ोसी आरोपी शोभाराम पुत्र सन्नूराम जाटव और उसके परिवारीजनों ने आकर लाठी-डंडों से हमला किया है। जिसमें उसके बेटे लालाराम की बहू मीरा देवी, नाती विकास और भतीजा सनी घायल हुआ है। तीनों घायलों को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। अस्पताल में भर्ती विकास के बड़े भाई गब्बर सिंह ने बताया कि उनके छोटा भाई विकास गुरुवार को 04 बजे जब स्कूल से पढ़कर लौट रहा था तो आरोपी शोभाराम और उसके बेटों ने पूर्व में हुए बच्चों के झगड़े को लेकर उसे रोका और गालियां देने लगे। जब उसने मना किया तो उसकी थाप- थप्पड़ों से पिटाई कर दी। रोते हुए विकास ने घर आकर जब बात बताई तो सभी चुप रहे। क्योंकि उनके पिता लालाराम और बाबा सुरसेन पास के गांव में काम करने गए थे। शाम को जब दोनों लौटे तो उन्हें मामले की जानकारी दी। इस पर झगड़ा न बढ़े इसको लेकर सूरसेन आरोपी पड़ोसियों के घर गया और उनसे समझाईश का प्रयास किया लेकिन आरोपियों ने उनको भी गालियां देकर घर



से भगा दिया। बाद में करीब 09 बजे जब झगड़ा बढ़ा तो आरोपियों ने घर पर आकर लाठी-डंडों से हमला किया है। जिसमें उनकी मां मीरा देवी,भाई विकास और चाचा बाबा का लड़का सनी घायल हुआ है। सभी घायलों को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना को लेकर सुरसेन पुत्र बीधाराम जाटव ने कंचनपुर थाने में रिपोर्ट दी है। कंचनपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बहुजन समाज पार्टी ने मनाया परिनिर्वाण दिवस

## संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के दिखाए रास्तों पर चलने की अपील


बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** बहुजन समाज पार्टी धौलपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। महाराजपुरा चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब को याद करते हुए उनके दिखाए रास्तों पर चलने की अपील की गई। प्रतिवर्ष 6 दिसंबर को मनाए जाने वाले परिनिर्वाण दिवस के तहत शुक्रवार को महाराजपुरा चौराहे पर बहुजन समाजवादी पार्टी के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आरिफ खान प्रदेश सचिव बसपा के साथ विक्रम सिंह सिसोदिया प्रदेश सचिव बसपा राजस्थान भी पहुंचे। जहां अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रदेश पदाधिकारियों ने बाबा साहब द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। विशिष्ट अतिथि सफीक खान जिला प्रभारी बसपा धौलपुर और अजय कुमार जिला प्रभारी बसपा ने कहा कि बाबा साहब ने हर समुदाय वर्ग के लिए काम किया है। आज हर समुदाय बाबा साहब को अपना आदर्श मानता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी, जब हर व्यक्ति के पास बाबा साहेब के विचार पहुंच जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विक्रम सिंह सिसोदिया ने कहा कि बाबा साहब आज हमारे बीच नहीं रहे। उनकी कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों में बाबा साहब द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने की अपील की। इस मौके पर ब्रजेश सोनी, रविंद्र कोमल, बिहार लाल, रविदास, रविकुमार, राजेंद्र बिजल, मोहर सिंह, रामवीर लहरी, अचल सिंह सहित बसपा के सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार : 315 बोर के दो देसी कट्टे , 6 जिंदा कारतूस जब्त; मनियां थाना पुलिस की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर की मनियां थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से दो देसी कट्टा और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए एक आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था। पहली कार्रवाई को लेकर थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम ने कमलापुरा मोड़ से अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए युवक अमित (25) पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी जलालपुर के पास तलाशी में पुलिस को 315 बोर का देसी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस मिले हैं। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच एएसआई मोहनलाल मीणा को सौंपी गई हैं। वहीं, दूसरी कार्रवाई एएसआई जलवीर सिंह द्वारा की गई हैं। हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी सतीश (43) पुत्र राजेंद्र निवासी मांगरोल को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या के प्रयास में गिरफ्तार किए गए आरोपी की तलाशी में उसके पास से एक 315 बोर का देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला हैं। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# घुमन्तु परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ से जोड़ने मत्सूरा में लगा शिविर

## एसडीएम और तहसीलदार की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** उपखंड के मत्सुरा ग्राम पंचायत में शुक्रवार को सरकार द्वारा चलाई जा रही विशेष योजना के तहत घुमंतु परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने और आवश्यक दस्तावेज बनवाने को लेकर एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नाथ संप्रदाय के सपेरे परिवारों द्वारा वोटर आईडी कार्ड से लेकर आधार कार्ड और अन्य जरूरत के कागजात बनाने के लिए आवेदन किया गया। साथ में राशन कार्ड,घुमंतू पहचान पत्र,सामाजिक पेंशन और पालनहार योजना में भी गरीब घुमन्तु परिवारों द्वारा आवेदन किया गया। बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर घुमंतु समुदाय,विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु परिवारों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने को लेकर यह शिविर समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहे हैं।

# बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का होगा 13 दिसंबर को चुनाव

## अध्यक्ष पद के लिए पांच तो उपाध्यक्ष के लिए तीन अधिवक्ताओं ने किया आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर में बार एसोशिएशन के चुनाव को लेकर चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। 05 दिसम्बर नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। ऐसे में 13 दिसंबर को होने वाले चुनाव को लेकर प्राप्त आवेदन पत्र की जांच का काम कमेटी द्वारा शुरू कर दिया है। बार संघ अध्यक्ष पद के लिए पांच और उपाध्यक्ष पद के लिए तीन आवेदन पत्र प्राप्त हुए है साथ में अन्य पदों के लिए भी अधिवक्ताओं ने नामांकन दाखिल किया है। चुनाव समिति अभी नामांकन पत्रों की जांच कर रही है। 10 दिसंबर तक जांच के साथ नाम वापसी का समय रखा गया है।

इसके बाद एक से अधिक प्रत्याशी होने पर चुनाव कराने और चुनाव से जुड़ी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी एडवोकेट राधेश्याम उपाध्याय और मुरारी लाल अंदाना ने बताया की बाड़ी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2024-25 को लेकर आवेदन पत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि 5 दिसंबर रखी गई थी। 6 और 7 दिसंबर को आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी। 10 दिसंबर तक नाम वापसी का समय रखा गया है। जो आवेदन पत्र प्राप्त हुए



हैं उनकी वर्तमान में जांच की जा रही है। इसके बाद नाम वापसी नहीं होने और एक से अधिक प्रत्याशी होने पर चुनाव कराया जाएगा। परिवार संगठन के पूर्व सचिव एडवोकेट जाकर रिजवी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने आवेदन किया है। जिसमें एडवोकेट मुकेश कौशिक, मनीष रावत, सतेंद्र बहादुर सिंह, शिवसिंह भड़ाना और गिरीश शर्मा शामिल है। इनके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में है जिनमें रूपसिंह किलेदार,संजीव शर्मा, और निजाम खान उस्मानी ने नामांकन किया है। महासचिव पद के लिए जितेंद्र सिंह चौहान और जाकिर रिजवी ने नामांकन दाखिल किया है। सह सचिव पद के लिए इमरान खान और वीरेंद्र सिंह का नाम आया है। इनके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र सिंह,ऑडिटर पर बच्चू सिंह परमार और पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए राकेश अजर ने नामांकन किया है।

### यह रहेगी चुनाव प्रक्रिया

चुनाव समिति जुड़े एडवोकेट मुरारी लाल ने बताया कि 10 दिसंबर तक नाम वापसी का समय है। इसके बाद 13 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा इसी दिन परिणाम जारी होगा।

# कराटे 17 वर्षीय छात्र, छात्रा राष्ट्रीय स्तरीय पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आज महाराणा स्कूल में हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** करांटे 17वर्षीयछात्र, छात्रा राष्ट्रीय स्तरीय पूर्व प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को दिनांक 6दिसम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराणा स्कूल में समापन हो गया। ये प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक श्रीमती सुक्खों देवी मीणा, उप शिक्षा अधिकारी रोहित विष्ट के निर्देशन में 1दिसबर में चल रहा था और दोनों ही अधिकारियों आज खिलाडियों को अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विजय उदैनिया डिप्टी फिजीकल माध्यमिक शिक्षा धौलपुर रहे,उन्होंने अपने संबोधन में खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि खेल खेल की भावना से खेलना चाहिए, खेल में जीत हार चलती रहती हैं लेकिन हार से निराश ना होकर कुछ नया सीखकर आगे की तैयारी पर ध्यान देना चाहिए और निरंतर अभ्यास जारी रखना चाहिए। शिवराधिपति एवं स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सम्पत राम मीणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि ये नेशनल कोचिंग कैंप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराणा धौलपुर में 1दिसम्बर से 6दिसम्बर तक चला है, यहां खिलाडियों को हर तरह की सुविधाएं देने की कोशिश की है।




उन्होंने ये भी बताया कि उक्त प्रतियोगिता दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 9दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक आयोजित होगी।

जिसमें राजस्थान दल के 11छात्रा, 13छात्र भाग लेंगे। इस अवसर पर कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के जिला अध्यक्ष चन्द्रभान चौधरी, नरेंद्र शर्मा, बलवीर सिंह चौधरी, ज्योती पाटीदार, मोहन सिंह, ममता मीणा, रूपसिंह, मुकेश गिरी ,मनीष चौधरी,चौलसिंह, रामबीर जाट,सन्तोष कुमार, संतोष कुमारी, वीरपाल, सौरभ, सुंदरपाल चौधरी, कुलदीप शर्मा,सुनील बिशनोई, राजेंद्र गढ़वाल, रसना कुमारी, सुशीला, मोहरा आदि उपस्थित रहे।

# छात्राएं विशेष दिनों में रखें अपना खूयाल : डॉक्टर अग्रवाल

## कहा- तली हुई चीजों से रखें परहेज, तकलीफ होने पर डॉक्टर की लें सलाह

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के महात्मा गांधी राजकीय सिटी कोतवाली स्कूल में बेटियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में बेटियों के खान-पान को लेकर डॉ. रेनू अग्रवाल ने सेहत का ध्यान रखने के निर्देश दिए। सेमिनार में डॉक्टर ने बेटियों से तली हुई चीजों से परहेज करने के निर्देश दिए। सेमिनार के दौरान डॉक्टर रेनू अग्रवाल ने छात्रों को महिलाओं से संबंधित बीमारियों को लेकर उन्हें जानकारी दी। जिसके साथ ही उन्होंने महिलाओं को होने वाले रोगों से बचाव तथा उनके लक्षणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सेमिनार के दौरान बेटियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी सवालों का जवाब देती हो डॉक्टर ने उनकी जिज्ञासा शांत की। इस अवसर पर डॉक्टर ने छात्राओं को विशेष दिनों में बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर फास्ट फूड्स का सेवन नहीं करने के निर्देश दिए। सोमीनार के बाद स्कूल की प्रधानाचार्य रमन परमार ने स्कूल परिवार की ओर से मुख्य वक्ता का माला पहनाकर सम्मान कर स्कूल परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा शर्मा द्वारा



किया गया। इस अवसर पर मिथिलेश ठाकरे, किरण, संतोष माथुर, गीता शर्मा, सुनीता शर्मा, अंजलि जैन, राजीव तोमर व शारीरिक शिक्षक अजय बघेल मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# आशान्वित जिला कार्यक्रम एवं आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** नीति आयोग भारत सरकार के आशान्वित जिला कार्यक्रम एवं आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं आशान्वित ब्लॉक बसेड़ी के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ आशान्वित जिला एवं ब्लाक कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों के इंडिकेटर्स की प्रगति पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने कम प्रगति वाले संकेतकों में आगामी माह में सुधार किए जाने हेतु भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी सूचकांकों में सतत सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के सूचकांकों की गहन एवं बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने प्रसव पूर्व जांच, आंगनबाड़ियों एवं विद्यालयों में पेयजल के साथ-साथ फंक्शनल टॉयलेट, संस्थागत प्रसव, रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच, 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर इत्यादि पर विशेष बल दिया एवं सभी इंडिकेटर्स पर सतत सुधार हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेंद्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी अनिल कुमार मीणा, मुख्य आयोजना अधिकारी भरत राव, सांख्यिकी अधिकारी मनोज कुमार सिंघल सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, अंकिता भूपारिया एबीपी फैलो सहित पीरामल फाऊंडेशन की टीम उपस्थिति रही।

# शीतलहर व ठंड से बचाव के लिए अलर्ट जारी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिले में शीतलहर व ठंड से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग द्वारा आमजन के लिए अलर्ट जारी किया गया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि निकट समय में शीतलहर और पाला पड़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि शीतलहर और पाला से मानव, पशु व फसलों के बचाव हेतु सरकारी स्तर पर कार्यवाही की जायेगी। शीतलहर से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों से बचाव के लिए आमजन एहतियात बरतें। शीतलहरों के दौरान बेघर और भिखारी, कमजोर वर्ग के लोग, बुजुर्ग व बच्चे विशेष जोखिम में रहते हैं। उन्होंने उपचार प्रोटोकॉल स्थापित करने, दिन और रात के आश्रय रैन बसेरों की स्थापना करने, चिकित्सा देखभाल करने, ठंड से संबंधित बीमारियों के लिये उपचार प्रक्रिया को लागू करने व अधिकारियों को राहत प्रयासों की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिये हैं।

शीत लहर और पाले की रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु कार्य योजना एवं शीतलहर और ठंड पर सलाह और क्या करें और क्या न करें तैयार की गई है जो कि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# राजाखेड़ा में दो दिन शंकराचार्यों का प्रवास : राजस्थान-यूपी बॉर्डर पर पालिका अध्यक्ष के साथ लोगों ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजाखेड़ा स्थित जिला प्रमुख आवास पर देश के दो शंकराचार्य संतों के साथ निवास करेंगे। गुरुवार देर शाम शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज राजाखेड़ा पहुंचे।

इससे पहले उतंगन नदी पुल राजाखेड़ा-यूपी बॉर्डर पर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को लेकर नगरपालिका चेयरमैन वीरेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि गुरुवार रात्रि को अनंत विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा एवं जगत गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज देर रात्रि राजाखेड़ा पधारे हैं जिन्होंने रात्रि विश्राम जिला प्रमुख आवास पर किया। आज शुक्रवार आम जनता को दर्शन लाभ देते हुए प्रवचन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। शुक्रवार को ही ज्योतिर्मठ पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज भी आएंगे। जिनका प्रवास भी जिला प्रमुख आवास पर रहेगा। जिनके प्रवचन शनिवार सुबह प्रस्तावित हैं।

# जिला कलेक्टर के निर्देश पर औषधि नियंत्रण विभाग ने मेडिकल दुकानों का किया औचक निरीक्षण

## औषधियों के नमूने लेकर निरीक्षण में मिली खामियों को दुरुस्त करने के दिए निर्देशन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत द्वारा नशे की रोकथाम हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को गत बैठक में निर्देश दिए थे कि जिले के मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण कर दवाइयो की जांच की जाए। जिला कलेक्टर के निर्देशों की अनुपालना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजय गहलोत ने औषधि नियंत्रण संगठन अजमेर के औषधि नियंत्रण अधिकारियो अमित कुमार शर्मा, मोनिका जाग्रत व सायरा बानो को ब्यावर शहर में संचालित मेडिकल स्टोर्स का नशे में दुरुपयोग लेने वाली औषधियो (एनडीपीएस) के संबंध में औचक निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए। औषधि नियंत्रण अधिकारियो द्वारा छावनी रोड़ स्थित गैलेक्सी मेडिकल, चंपा नगर स्थित जय गणपति मेडिकल, एस के मेडिकल, ब्यावर दवा केन्द्र, अजमेरी गेट के बाहर स्थित श्री गोपाल मेडिकल व सुरजपोल गेट स्थित गोकुल मेडिकल का निरीक्षण औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के प्रावधानों के तहत किया गया।निरीक्षण के दौरान फर्म गैलेक्सी, मेडिकल छावनी रोड एनडीपीएस औषधियों के रिकॉर्ड व शेड्यूल एच-1 औषधियो के रजिस्टर के संचारण में अनियमितताये पाई गई। एसके मेडिकल चंपा नगर निरीक्षण के दौरान एनडीपीएस औषधियो का तथा शेड्यूल एच-1 रजिस्टर्ड संधारित नहीं पाया गया। फर्म गोकुल मेडिकल सुरजपोल गेट के निरीक्षण के दौरान औषधि अनुज्ञापत्र उचित स्थान पर प्रदर्शित नही पाये गये एवं एनडीपीएस औषधियो का विक्रय वितरण प्रस्तुत नहीं किया गया व शेड्यूल एच1 रजिस्टर संधारित नही पाया गया तथा क्रय बिल क्रमानुसार संचारित नहीं पाये गये। श्री गोपाल



मेडिकल अजमेरी गेट के बाहर औषधि अनुज्ञापत्र उचित स्थान पर प्रदर्शित नहीं पाये गये व एनडीपीएस एवं शेड् ?यूल एच-1 औषधियों का विक्रय विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया। शेड्यूल एच-1 रजिस्टर संधारित नही होना व सीसीटीवी कैमरा लगाना नही पाया गया। औषधि एवं प्रसारण सामग्री अधिनियम के तहत संदेह के आधार पर तीन एलोपैथिक औषधीय के नमूने प्रयोगशाला में जांच हेतु लेकर भिजवाए जाएंगे ।

# वरिष्ठ साध्वीरत्ना पुष्पावतीश्री का ब्यावर में हुआ मंगल प्रवेश

## गूंजे भगवान महावीर एवम गुरु भगवन्तों के जयकारे




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** संयम सुमेरू जैनाचार्य प्रवर विजयराज जी महाराज संघ की वरिष्ठ साध्वी रत्ना पुष्पावती म सा ने अपनी सहयोगी साध्वियों के साथ ब्यावर शहर में मंगल प्रवेश किया। श्री हुक्मगच्छीय साधुमार्गी शांत क्रांति जैन श्रावक संघ अध्यक्ष संपतराज ढेडिया ने बताया कि संघ की प्रमुख महासती पुष्पावती महाराज ने साध्वी निर्मला, साध्वी साधना, व महासती सुलभा के साथ शुक्रवार सवेरे पाली रोड़ स्थित शिक्षा सदन स्कूल से पैदल विहार कर सेंदड़ा रोड़, कालेज लिंक रोड कृष्णा कॉलोनी, विनोद नगर मार्ग होते हुए आचार्य विजयराज मार्ग स्थित नवकार भवन पहुंचे। पूरे मार्ग में साधुमार्गी शांत क्रांति संघ के सदस्यों ने भगवान महावीर स्वामी की जय, त्रिशला नंदन वीर की, जय जयकार विजय गुरु की जय जयकार आदि उद्घोषों से पूरे मार्ग को गुंजायमान कर दिया। नवकार भवन पधारने पर महासती मंडल का संघ के पूर्व श्रावक उत्तम चंद छल्लानी व ओंकारमल लोढ़ा के नेतृत्व में तिक्खूतो के पाठ से तीन बार साविधी वंदन नमन कर अभिनंदन किया।

### विजय गुरु का नाम मंगल मंगल से गूंजा नवकार भवन

साध्वी साधना श्री ने सामूहिक प्रार्थना करवाते हुए विजय गुरु का नाम मंगल मंगल है काम सभी हो जाते है मंगल मंगल है, जय बोलो महावीर स्वामी की घट घट के अंतर यामी की, भजनों से श्रद्धालुओं श्रावक श्राविकाओं को भाव विभोर कर दिया ।

### संतो के समागम को व्यर्थ ना गंवाए : पुष्पावतीश्री

प्रार्थना सभा के बाद नवकार भवन के मेघराज कोठारी हाल में धर्म चर्चा करते हुए प्रमुख साध्वी पुष्पावतीश्री ने कहा अनंत अनंत पुण्यवाणी के योग से साधु संतो का सानिध्य मिलता है। संत मुनिराजो एवम साध्वियों के समागम को व्यर्थ ना गंवाए। केवल धर्म धर्म के नारे ना लगाएं धर्म के मूल स्वरूप को समझते हुए सच्चे धर्म को जीवन में अंगीकार करें।

# भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सदस्यता अभियान की बकट व्यायाम शाला में बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल जिला संयोजक दीपक दाबाई जिला सह संयोजक अमित निंबार्क, पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, शहर मंडल अध्यक्ष गौरव मालिक के नेतृत्व में बकट व्यायाम शाला में संपन्न हुई बैठक में सक्रिय सदस्यता अभियान के बारे में चर्चा की गई व सभी बूथ अध्यक्षों की घोषणा कर दुपट्टा पहनना कर स्वागत किया गया ।

साथ ही शहीद हुए कार्य सेवकों राम भक्तों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई । बैठक में जिला महामंत्री योगेंद्र श्रृंगी जिला मंत्री पवन चौहान, शहर महामंत्री राजेश सैनी, सक्रिय सदस्यता अभियान मंडल संयोजक श्याम मनोहर ,भगत मंडल उपाध्यक्ष कैलाश निरखि की जगन्नाथ मेघवाल शैंकी ,आईसीएल ललित नामदेव भाटिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबू सिंह जादौन, पूर्व चेयरमैन सुखदेव सिंह संधू ,मुकेश मेघवाल, वनेश मीणा ,शंभू दयाल सोनी ,शंभू दयाल नामा ,पार्षद मुकेश शर्मा ,भानु प्रकाश नामा ,शुभम शर्मा ,अभिषेक भारद्वाज, मुकेश मेघवाल ,दीनदयाल गुर्जर ,रामचरण बेहतरीन ,महेंद्र शर्मा राधेश्याम ,चौधरी जेताराम ,पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष बसंत कुमार शर्मा , डॉ अनीता अग्रवाल ,नागेश सारंगी, अजय शर्मा, नरेंद्र राठौड़ ,राकेश सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# राजसमंद जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में शैक्षणिक प्रदर्शनी सृजन 2024 का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** समीपवर्ती जिले के सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजसमंद में शैक्षणिक प्रदर्शनी सृजन 2024 का शुक्रवार को जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा,मुकुट बिहारी शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी,नूतनप्रकाश जोशी जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक,शिवकुमार व्यास अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय व्यवस्थापक फादर बेसिल वासूनिया द्वारा ने आगंतुक अतिथियों, शिक्षक एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इधर विद्यालय प्राचार्य फादर जॉनी मैथ्यू ने बताया कि प्रदर्शनी शनिवार को शहरवासियों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए सुबह 8.30 से 1 बजे तक रहेगी।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी कपासन ने पुष्पांजलि अर्पित की

## यहां डूबती राजनीतिक नैय्या को पार लगाने हेतु कांग्रेस नेता दिखा रहे गुटबाजी

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** भारतीय संविधान के रचियता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी के संयोजन में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गयी। नगर कांग्रेस प्रवक्ता विजय बारेगामा ने बताया कि नगर के मुख्य मार्ग स्थित गांधी वाटिका में नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत की अगुवाई में क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कपासन स्थित गांधी वाटिका में संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्प-माला के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना, पूर्व जिला सचिव मांगीलाल बेरवा, पूर्व नगर अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,नगर उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया, हरलाल जटिया,यूथ कांग्रेस नेता मोहम्मद शेर अंसारी,युवक कांग्रेस जिला महासचिव रोहित कोदली,युवा नेता रवि सोनी,नगर महासचिव भावेश झवर,लक्ष्मीनारायण व्यास, कोषाध्यक्ष ऋतिक व्यास,युवा नेता रवि सोनी,सत्यनारायण चोटिया, अंकित वैष्णव,लक्ष्मीलाल भांड, रामपाल सरगरा,पूर्व पार्षद अशरफ हुसैन,पूर्व सरपंच प्रभुलाल भील करजाली,समीर खान, मुबारक हुसैन,सद्दाम हुसैन, मोहम्मद सायनु,बंटी तिवारी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इधर विगत समय से अपूर्ण एवं अधर में अटके विकास कार्यों सहित स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल की दुर्दशा को लेकर चर्चा में आये उदासीन कांग्रेस नेता द्वारा अब क्षेत्रीय जनता जनार्दन एवं राजनीतिक गलियारों में लगातार बढ़ती किरकिरी की हड़बड़ाहट एवं अपनी डूबती राजनीतिक नैय्या को पार लगाने हेतु इक्का दुक्का लोगों के साथ नगर कांग्रेस कमेटी कपासन में गुटबाजी दिखाने का तुक्का लगाया जा रहा है।मगर यहां भी उक्त कांग्रेस नेता को निराशा का सामना करना पड़ा।जिसमे क्षेत्रीय जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ में हास्य के साथ चर्चा में बनी रही। गौरतलब है कि नगर कपासन में तथाकथित नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष के प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर पालिका कपासन पार्षद द्वारा इक्का दुक्का लोगों के साथ गुटबाजी दिखाये जाने को लेकर नगर कपासन के एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्वारा विगत दिनों अल्पप्रवास के दौरान पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार उदयलाल आंजना एवं जिला चितौड़गढ़ कांग्रेस अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी को अवगत कराया गया था।जिसके उपरांत भी कांग्रेस के नेता कांग्रेस को ही आंख दिखाने में लगे हैं।साथ ही यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं की चर्चाओं में उक्त नेता की हड़बड़ाहट को आगामी नगर पालिका कपासन चुनाव एवं कांग्रेस संगठन में होने वाली नवीन नियुक्तियों में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लाभ उठाने की दिशा में भी देखा जा रहा हैं।

# सिटी डिस्पेंसरी मे रक्तदान शिविर में हुआ 81 यूनिट रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** समाज सेवा में नगर की अग्रणी संस्था श्री नाकोड़ा बटुक भैरव परिवार एवम एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में मेवाड़ी गेट स्थित सिटी डिस्पेंसरी में शुक्रवार को रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। शिविर मे नगर के विभिन्न वर्गो के लोगों ने अपनी सहभागिता निभाते हुए रक्तदान किया।

इस मौके पर श्री नाकोड़ा तीर्थ से जुड़े प्रकाश जैन ने अतिथि के तौर पर शिरकत की। रक्तदान शिविर का भव्य शुभारभ जैन धर्म के महामंत्र नवकार के सामूहिक जाप से हुआ। इस मौके पर उपस्थित सदस्यों ने श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ भगवान एवम श्री नाकोड़ा भैरव देव की जय जयकारों से समूचे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। संस्था के कैलाश बाबेल एवम मोनू भाई हिंगड़ एवम बैंक के प्रबंधक के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 81 यूनिट रक्तदान हुआ। सभी रक्तदान देने वाले रक्तदान कर्ताओं का संस्था ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर समारोह अतिथि प्रकाश जैन ने कहा कि रक्तदान महादान है। हम सभी इसे व्यर्थ ना गंवाए।

मानवता के हितार्थ समय समय पर अपना रक्त देकर पुण्य का कार्य करे एवम मानव धर्म को निभाएं। रक्तदान शिविर में मनोज हिंगड़, ऋषभ पीपाड़ा, कैलाश बाबेल काका, आशीष जैन, रौनक कुमठ, यश जेलमी, कमल शर्मा, अजीत सांड, गौतम रांका, प्रदीप मकाणा, दिनेश पीपाड़ा, संपत जांगिड़, मनोज रांका, राकेश बोहरा, अंकित रांका एवम बैंक सदस्य विपुल आसावा, दीपक शर्मा, दीपक यादव, अश्विनी शर्मा, प्रहलाद गुर्जर व धर्मवीर तंवर ने अपनी सेवाए दी।

# रसद विभाग ने छापामार कार्यवाही कर दो स्थानो से 04 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर किये जब्त

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं उपभोक्ता मामलो मे राजस्थान सरकार के निर्देश एवं जिला कलेक्टर डा. महेन्द्र खडगावत के आदेश की पालना मे अभियान चलाकर गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग पर कार्यवाही करने के निर्देशो की अनुपालना मे शुक्रवार 6 दिसम्बर 2024 को प्रवर्तन अधिकारी हरि प्रसाद ब्यावर द्वारा दो स्थानो पर कार्यवाही कर कुल 4 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गये। जानकारी के अनुसार गोपी नाश्ता हाउस, छावनी चोराहा ब्यावर प्रो. उज्जवल भाटी पुत्र नेमीचन्द भाटी एवं रामसापीर नमकीद एवं स्वीट्स, छावनी पुलिया बाबरा रोड, ब्यावर प्रो. सुरज पुत्र रामकिशन द्वारा घरेलू सिलेण्डर का व्यवसायिक दुरूपयोग कर एलपीजी आदेश 2000 के प्रावधानो का उल्लंघन करने पर दोनो स्थानो से 02-02 सिलेण्डर, कुल 04 घरेलू सिलेण्डर जब्त कर यशपाल सिंह ब्यावर गैस सर्विस ब्यावर को सुपुर्द कर दिये गये। उक्त प्रकरण मानीय न्यायालय जिला कलेक्टर ब्यावर के समक्ष आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6ए मे प्रस्तुत किये जायेंगे।

# विभिन्न मांगों को लेकर आम मुसलमान अंजुमन कमेटी कपासन ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** आम मुसलमान अंजुमन कमेटी द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा को ज्ञापन सौपकर विभिन्न मांगों में कार्यवाही करने की मांग की गयी। आम मुसलमान अंजुमन कमेटी प्रवक्ता गुड्डू खान ने बताया कि बाद नमाज जुमा दरगाह शरीफ के बाहर अंजुमन सदर अशफाक हुसैन तुर्कीया एवं शहर काजी मोहम्मद सईद की अगुवाई में मस्जिदों के इमाम तथा तंजीमौ के सदस्यों की उपस्थिति में सौंपे ज्ञापन में उत्तरप्रदेश के सम्भल मस्जिद विवाद मे पुलिस की गोली से मारे गए लोगों को आर्थिक सहायता देने,सम्भल



मस्जिद प्रकरण में निर्दोष लोगों की गलत तरीके से गिरफ्तारी करने,सम्भल की उच्चस्तरीय जांच कराने,केंद्र एवं उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा संविधान व लोकतंत्र का गलत इस्तेमाल करने, राजस्थान के अजमेर में स्थित सूफी संत व हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल मोइनुद्दीन चिश्ती ( र%अ%) की दरगाह मे सर्वे कराने की बेवजह बात पर विवाद कर देश में साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वालों पर कार्यवाही करने,आजादी के समय के संवैधानिक कानूनो एवं लोकतांत्रिक ताने- बाने को बरकरार रखने,बांग्लादेश के इस्कॉन मंदिर के पुजारी पर हमला करने वाले लोगो को सजा दिलाने तथा वहां हमारे अल्पसंख्यक हिन्दू भाइयों की जान,माल एवं उनके परिवारो की सुरक्षा सुनिश्चित करने,बांग्लादेश सरकार पर वैश्विक व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाकर लोगों की सुरक्षा,शांति एवं सौहार्द की मांग की गयी। इस अवसर पर मौलाना आदिल रजा,दरगाह पेश इमाम कारी शाकिर रजा,मस्जिद बड़ा तालाब इमाम सैयद मुस्तफा अली,मस्जिद मंसूरीयान इमाम मौलाना आशिक,मौलाना रफीक रजा कादरी,एडवोकेट अब्बास नीलगर,मोहम्मद इलियास शेख, अंजुमन सदस्य मोहम्मद गनी शैख,मोहम्मद शाह,रेहान खान, सहित मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जन जागृति उपवास पदयात्रा का कपासन में विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** केकड़ी से चलकर प्रसिद्ध कृष्णधाम श्री सांवरियाजी मंडफिया तक जा रही जन जागृति उपवास पदयात्रा का शुक्रवार को नगर कपासन में आगमन पर विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अगुवाई में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा एवं यात्रीदल का माला एवं दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। नगर पालिका कपासन पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर साइंटिफिक मेरठ एवं बढ़ते कदम संस्थान केकड़ी की ओर से उक्त पदयात्रा निकाली जा रही है। स्वागत दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,भारत जैन महामंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चंडालिया, रामदेव सेवा समिति के व्यवस्थापक भागीरथ चंदेल,नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली,पार्षद अकील शाह,युवा मोर्चा नेता रामलाल माली, जानकीलाल माली,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,युवा मोर्चा के मनीष बारेगामा आदि उपस्थित रहे। इधर ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर ने बताया कि उक्त जन जागृति उपवास पदयात्रा में आठ प्रांतों के 116 पदयात्री शामिल है। जो यह यात्रा दौरान सुबह शाम केवल नींबू पानी एवं शहद का सेवन कर रहे हैं। यह यात्रा प्रतिदिन 30 किमी की दूरी तयकर शनिवार को प्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलियाजी पहुंचकर संपन्न होगी।



# जिला कलेक्टर ने पिपलियाकला पटवारी को किया निलंबित

## निलंबन अवधि में उपखंड कार्यालय बदनोर रहेगा मुख्यालय

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत को रायपुर तहसील के पिपलियाकला पटवारी जुगल कंवर शेखावत के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी रायपुर को प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी रायपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला कलेक्टर ने सीसीए नियम 1958 के नियम 13 के तहत तत्काल प्रभाव से पिपलियाकला पटवारी को निलंबित किया। जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार पिपलियाकला पटवारी जुगल खबर शेखावत का निलंबन अवधि में मुख्यालय उपखंड कार्यालय बदनोर रहेगा।

# वनस्थली मोड इंडस्ट्रीज एरिया में एक निजी उद्योग का किया शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (लालचंद माली)।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत में उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के लिए अनूठी पहल की जा रही है आज कॉरपोरेट जगत में देश-विदेश में भारतवर्ष का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऊंचा किया है। आज राइजिंग राजस्थान राइजिंग भारत जैसे नारे को आगे बढ़ते हुए राजस्थान के टोंक जिले के निवाई तहसील में वनस्थली मोड इंडस्ट्रीज एरिया निवाई में भारत सरकार द्वारा उद्योग धंधों में महिलाओं को बढ़ावा देते हुए समाजसेवी तनुजा भटनागर ने अनोखी पहल के साथ महिलाएं व युवतियां के लिए सेनेटरी पैड के लिए राइजिंग इंडिया के तहत परिवार वालों के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण पूजा अर्चना के बाद परिवार वालों के साथ फीता काटकर M/s SS ECOTOUCH PRIVATE LIMITED का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। यह महिलाओं की सशक्तिकरण और सतत विकास की ओर एक कदम है। M/s SS ECO-TOUCH PRIVATE LIMITED एक 'सक्रिय, नवोन्वेषी और समावेशी' स्टार्टअप है; एक ऐसी संस्कृति विकसित करना जो टीम के सदस्यों के बीच रचनात्मकता, अनुकूलनशीलता और सहयोग को प्रोत्साहित करती है, जिसका उद्देश्य हमारे समाज के लिए 'पर्यावरण-अनुकूल समाधान प्रदान करना है। दीर्घकालिक उत्पादों और प्रोद्योकियों में विशेषज्ञता के साथ पारंपरिक विनिर्माण और उपभोग प्रथाओं के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना है। हमारे प्रस्तावों में अक्सर हरित विकल्पों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जैव-निम्नीकरण सामग्री, ऊर्जा-कुशल प्रणाली और अपशिष्ट कटौती रणनीतियां शामिल होती हैं।

M/s SS ECOTOUCH PRIVATE LIMITED स्थिरता को प्राथमिकता देकर न केवल व्यवसायों को अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने में मदद करता है, बल्कि इसका उद्देश्य 'मासिक धर्म' स्वच्छता को संबोधित करना और महिलाओं को सशक्त बनाना है। विशेष रूप से वंचित और ग्रामीण क्षेत्रों में, उन्हें सैनिटरी पैड और पेंटिलाइनर जैसे आवश्यक स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच प्रदान करके उत्पादों को Femagiene, के रूप में ट्रेडमार्क किया गया है, जो प्राकृतिक कच्चे माल और बायोडिग्रेडेबल पदार्थों से बना है, जो एक पर्यावरण-अनुकूल वनस्पति आधारित, औषधीय और संक्रमण-रोकथाम करने वाली अतिरिक्त-हर्बल-अवशोषक प्रकृति होगी। पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति यह प्रतिबद्धता हमें पर्यावरण-अनुकूल क्षेत्र में एक अनिवार्य योगदानकर्ता के रूप में स्थापित करती है, जो अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर प्रगति करती है।






# हेलीकॉप्टर से उडक़र आई दुल्हन, कन्या व कलश के साथ संपन्न हुई शादी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (लालचंद माली)।** शहर में पहली बार एक दुल्हन हेलीकॉप्टर से हेलीपेड पर उतरी है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। निवाई निवासी प्रिंस व रिया की शादी जयपुर में स्थित चीलगाडी रेस्टोरेंट में गुरूवार को विधिवत संपन्न हुई थी। शुक्रवार को विदाई के बाद दोपहर करीब 2 बजे दूल्हा-दुल्हान जयपुर से हेलीकॉप्टर में सवार होकर करीब 2.30 बजे कैरोद मौड़ पर स्थित हेलीपेड पर उतरे जहां उनके स्वागत के लिए महिलाओं ने मांगलिक गीत गाए। दूल्हे के पिता भरतकुमार शर्मा व माता लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि माता-पिता के लिए बालकों की खुशी से बडी कोई पूंजी नहीं है। जिसको लेकर हेलीकॉप्टर से दूल्हा-दुल्हन को लाना सरप्राईज है। उन्होंने बताया कि यह शादी कन्या व कलश लेकर संपन्न हुई है जो समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह शादी लव मैरिज से हुई है जिससे सनातनी को बढावा देने के लिए उल्लेखनीय कार्य है। उन्होंने बताया कि दहेज लेना व देना समाजिक बुराई है।

**निवाई- हेलीकॉप्टर से उतरते हुए दूल्हा- दुल्हन।**

गाडी को साइड देने को लेकर उपजा विवाद

# भीम विधायक के पुत्र ने थाना अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

## लापरवाही के चलते थाना अधिकारी को हटाने की रखी मांग



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के भीम थाना क्षेत्र में कल देर शाम गाड़ी को साइड देने की बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई इसकी सूचना भी थाने पर देने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत करवाया। भाई इस पूरे घटनाक्रम में भी विधायक हरि सिंह रावत के पुत्र रंजीत सिंह और उसके समर्थकों ने भी थाना अधिकारी सुनील शर्मा पर लापरवाही करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। कल शाम एसपी को जारी फोन पर सूचना देकर ग्रामीणों ने आज उग्र प्रदर्शन और खाने के घेराव की चेतावनी दी। जिसके चलते एएसपी महेंद्र पारीक के नेतृत्व मस्त पुलिस ने थाने के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस जाता तैनात कर दिया। दोपहर बाद कुछ आकर्षित लोग थाने पर पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन दिया और अपनी मांग दोहराई। कार्य व्यवस्था के चलते राजसमंद एसपी मनीष त्रिपाठी ने टीम थाना अधिकारी सुनील शर्मा को लाइन हाजी कर करने के मौखिक आदेश जारी किये है। माही आकर्षित ग्रामीणों ने भी एसडीएम को ज्ञापन देकर पुलिस व्यवस्थाएं सुधारने की मांग को दोहराया।

# कुंवारिया के बीच स्थित बरसाती नाले का रुका कार्य हुआ शुरू



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द( सुरेश बागोरा )।** कुंवारिया कस्बे के बीच मे मुख्य नाले को ढकने का कार्य शुरू हुआ है जिससे आसपास के मकान में रहने वाले लोगो को सड़ांध से राहत मिलेगी। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता यशोदा नागर ने बताया की एक साल पूर्व डीएमएफटी फंड से डेढ़ करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे इस पर पूर्व में इस नाले को यादव मोहल्ले से लेकर मुख्य सड़क तक नाले को ढका गया था और कार्य बंद हो गया था ऐसे में ऐसे राशि बची थी उस राशि से पुनः नाले को ढकने का कार्य शुरू कर दिया गया है । इस नाले को ढंकने का कार्य कार्यकारी एजेंसी सिंचाई विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। बताया कि यह नाला मुख्य सड़क से आगे की ओर ढकने का कार्य चल रहा है ताकि आसपास के लोगो को गंदे पानी के सड़ांध से राहत मिलेगी। कार्य को लेकर कनिष्ठ अभियंता मुरली धर रेगर सहित कर्मचारी देख रेख कर रहे है। वही ग्रामीणों ने बताया कि शेष खुला नाला पूरा ढक जाएगा तब शहरवासियों को राहत मिलेगी अधिकारियों एव जनप्रतिनिधियों से शेष खुले नाले को ढकनी की मांग रखी है।

# खाद्य विभाग द्वारा 31 जनवरी 2025 तक चलाया जा रहा 'गिव-अप' अभियान

बढ़ता राजस्थान

**जालोर (फौजाराम मेघवाल)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्तियों को स्वेच्छा से योजना से नाम हटवाने के लिए 31 जनवरी, 2025 तक 'गिव-अप' अभियान चलाया जा रहा हैं। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि 'गिव अप' अभियान के तहत आयकर दाता, चौपहिया वाहन धारक, सरकारी कर्मचारी या अन्य सक्षम व्यक्ति अपने क्षेत्र के उचित मूल्य दुकान के पास जाकर निर्धारित फॉर्म भरकर योजना से अपना नाम हटवा सकते हैं। स्वेच्छा से नाम हटाने का यह फॉर्म जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। 31 जनवरी, 2025 तक नाम नहीं हटवाने के वाले अपात्र अथवा सक्षम व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे व्यक्तियों से उनके द्वारा लिए गए खाद्यान्न की बाजार दर से वसूली करने के साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# महात्मा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय की चारदीवारी का शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** दौसा जिले के कस्बा लवाण के मूल निवासी एवं हरियाणा के उद्योगपति रमेश चंद खण्डेलवाल ने समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता से परामर्श कर विद्यालय का विकास, ग्रामीण बालिका शिक्षा को बढावा देने तथा बेटी पढाओ-बेटी बचाओ के उद्देश्य से कस्वा लवाण स्थित महात्मा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय को गोद लिया और विद्यालय विकास के पहले चरण में चारदीवारी निर्माण का भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में भामाशाह रमेश चंद खण्डेलवाल के प्रतिनिधि रामजीलाल गुप्ता, संस्थान के प्रधानाचार्य मुकेश जोशी, शिक्षाविद्ध रामबाबू खण्डेलवाल व अनिल गौण, विद्यालय परिवार, कस्वा के गणमान्य नागरिक तथा समृद्ध भारत अभियान टीम आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश जोशी और अनिल गौण ने बताया कि भरतपुर निवासी व संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता के प्रयास से भामाशाह रमेश चन्द खण्डेलवाल ने विद्यालय के विकास कराने का संकल्प लिया और जो कदम उठाया, वह सराहनीय है। उन्होंने निजी आय से लवाण के सरकारी विद्यालय का विकास कार्य को बजट स्वीकृत किया। कार्यकारी संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता की टीम, भामाशाह खण्डेलवाल के परिवार के सदस्य व रिश्तेदार, विद्यालय परिवार तथा कस्वा लवाण के गणमान्य नागरिकों के समक्ष गुरुवार को विद्यालय की चारदीवारी का वेद मंत्रों के साथ भूमि पूजन हुआ। ये कार्य समृद्ध भारत अभियान के द्वारा कराया जा रहा है। उद्योगपति रमेश चंद खण्डेलवाल ने बताया कि कस्बे के विद्यालय के विकास की समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता तथा लवाण के गणमान्य नागरिकों सहित विद्यालय परिवार ने सलाह दी। निदेशक सीताराम गुप्ता से परामर्श किया और उनकी सलाह पर विद्यालय में चारदीवारी, खेल मैदान, शौचालय आदि के कार्य कराए जा रहे है।



# रोटरी क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** शुक्रवार 06 दिसंबर को रोटरी क्लब भरतपुर एवं एचडीएफसी बैंक के सहयोग से एचडीएफसी बैंक परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन रोटरी क्लब के अध्यक्ष ज्योति स्वरूप अग्रवाल सचिव अर्जुन गुप्ता, नेहा अग्रवाल एवं मैनेजर संदीप वीर के अतिथि में किया गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष ज्योति स्वरूप अग्रवाल ने बताया कि आज रक्तदान शिविर में करीब 40 यूनिट रक्तदान राजकीय राज बहादुर हॉस्पिटल की टीम द्वारा लिया गया। सचिव अर्जुन गुप्ता ने कहा कि इस समय राजकीय राज बहादुर हॉस्पिटल को रक्त की अत्यंत आवश्यकता के मद्देनज़र रखते हुये यह रक्तदान शिविर रखा गया है जो की भरतपुर की जनता को लाभ देगा। एक स्वस्थ व्यक्ति जो की 18 वर्ष से ऊपर है 6 माह में 1यूनिट रक्तदान कर सकता है रक्तदान से कहीं कोई कमजोरी नहीं आती है।

रक्तदान कार्यक्रम के उपरांत सभी रक्त वीरों को रोटरी क्लब की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किए गए व राजकीय राज बहादुर चिकित्सा टीम के सभी डॉक्टर गण एवं सदस्यों को संस्था की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

खंडेलवाल धर्मशाला, भरतपुर में लगेगा पंचतत्व चिकित्सा शिविर

# पंचतत्व चिकित्सा एक प्राकृतिक पद्धति : सीताराम गुप्ता

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** समृद्ध भारत अभियान एवं पंचतत्व आरोग्यम सेवा संस्थान की ओर से निदेशक सीताराम गुप्ता एवं आचार्य ब्रज मणि महाराज के सानिध्य में भरतपुर शहर खिरनी घाट स्थित खण्डेलवाल धर्मशाला पर 7 व 8 दिसम्बर को दो दिवसीय पंचतत्व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इस शिविर में हार्मोनल असंतुलन, त्वचा, सूजन और जलन, सभी प्रकार के दर्द, एंडोक्राइन, मानसिक और शारीरिक तनाव, महिला स्वास्थ्य आदि रोगों के उपचार होंगे। संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि पंचतत्व चिकित्सा एक प्राकृतिक पद्धति है, जो शरीर के पांच मौलिक तत्वों, जल, अग्नि, पृथ्वी, वायु और आकाश के संतुलन को पुनः स्थापित कर रोगों का उपचार करती है। भरतपुर संभाग सहित राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश आदि राज्य के जिले के विभिन्न प्रकार के रोगों से पीड़ित रोगियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए पहली बार भरतपुर में पंचतत्व चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में रोगी अपना उपचार करा सकते है।

शिविर में विश्व विख्यात पंचतत्व चिकित्सा के विशेषज्ञ आचार्य ब्रज मणि जी महाराज तथा उनकी टीम उपचार करेंगी। संस्था के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि समृद्ध भारत अभियान भरतपुर तथा पंचतत्व आरोग्यम सेवा संस्थान पलवल के द्वारा खिरनी घाट भरतपुर स्थित खण्डेलवाल धर्मशाला पर 7 दिसंबर से दो दिवसीय पंचतत्व चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा, जो 8 दिसंबर तक आयोजित होगा।



# आपातकालीन रक्तदान में कर्मचारी ने दिखाई मानवता



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द( नि.स. )।** अस्पताल में भर्ती एक रोगी को आपातकालीन रक्त की जरूरत के दौरान, रेडक्रॉस सोसायटी की अपील पर जिला कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारी विकास महात्मा ने तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया।

कलेक्टर कार्यालय से ब्लड बैंक तक पहुंचने में उन्हें मात्र 10 मिनट का समय लगा। इस पर रेडक्रॉस सोसायटी प्रेसिडेंट और जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने रक्तदाता विकास महात्मा को उनके इस नेक कार्य के लिए रक्तदाता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मानद सचिव बृजलाल कुमावत और वाइस चेयरमेन सी. पी. व्यास भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों द्वारा किए जा रहे सेवाकार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, आपातकालीन स्थिति में रक्तदान करना एक महान कार्य है। विकास महात्मा ने मानवता की मिसाल पेश की है।

# अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक एवं राष्ट्रीय संतशिरोमणी श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** काली की बगीची,श्मशानेश्वर महादेव मंदिर के पास,मित्तल एजेंसी के हाल,भरतपुर में शिशुपाल लवानियां द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस अंतरराष्ट्रीय संत शिरोमणि एवं कथा वाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज का श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी श्री कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा माला, पटका, शॉल, एवं साफा पहनाकर एवं भरतपुर के आराध्यदेव भगवान श्री बांके बिहारी की प्रतिमा देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य शिशुपाल लवानियां का सपत्नीक, सुपुत्र रूप किशोर एवं उनकी पुत्र वधू प्रिया का भी सम्मान किया गया । राम कथा में कथा वाचक ने कहा कि भरतपुर में विराजमान श्री बांके बिहारी जी महाराज को श्री हरिदास जी महाराज ने अपने संगीत से प्रकट किया था। वृन्दावन धाम में बिहारी जी, भरतपुर में बांके बिहारी जी एवं करौली में विराजमान मदन मोहन जी भगवान श्री कृष्ण के ही स्वरूप हैं, तीनों एक ही हैं। कथा में महाराज जी ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ मेले के बारे में भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला एवं भगवान शिव पार्वती विवाह की लीलाओं का वर्णन किया एवं संगीतमय भजन प्रस्तुत किए,जिस पर श्रद्धालुओं एवं महिलाओं ने नृत्य किया। इस अवसर पर पधारे हुए सभी आगंतुक विप्र बंधुओं को संत शिरोमणि पं. अतुल कृष्ण भारद्वाज ने अपना आशीर्वाद दिया । मुख्य यजमान शिशुपाल लवानिया ने सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।



# सायला तहसील में 9 नवीन राजस्व ग्राम घोषित

बढ़ता राजस्थान

**जालोर (नि.स.)।** राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर सायला तहसील के मूल राजस्व ग्राम सिराणा में से राजेश्वर नगर तथा मूल राजस्व ग्राम बावतरा में से दयालपुरा, गोमाजी का बेरा, सरदारपुरा, फतेहनगर, शिवपुरा पुरोहितान, खेतेश्वर नगर, जेतेश्वर नगर बलुजी का बेरा व गढ़ बावतरा को नवीन राजस्व ग्राम घोषित किया हैं।

जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 (1956 का अधिनियम 15) की धारा 16 में निहित प्रावधानों के अनुसरण में राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नवीन राजस्व ग्राम राजेश्वर नगर का क्षेत्रफल 713.41 हैक्टेयर, दयालपुरा का क्षेत्रफल 746.96 हैक्टेयर, गोमाजी का बेरा का क्षेत्रफल 624.16 हैक्टेयर, सरदारपुरा का क्षेत्रफल 640.30 हैक्टेयर, फतेहनगर का क्षेत्रफल 989.79 हैक्टेयर, शिवपुरा पुरोहितान का क्षेत्रफल 1118.30 हैक्टेयर, खेतेश्वर नगर का क्षेत्रफल 725.77 हैक्टेयर, जेतेश्वर नगर बलुजी का बेरा का क्षेत्रफल 443.95 हैक्टेयर एवं गढ़ बावतरा का क्षेत्रफल 560.81 हैक्टेयर रहेगा।

# भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर का 69 वाँ परिनिर्वाण दिवस बनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** दिनांक 06.12.2024 को ब्लॉक काँग्रेस कमेटी सेवर द्वारा भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर का 69 वाँ परिनिर्वाण दिवस विचार गोष्ठी के रूप में मनाया गया जिसमें सभी ने अपने विचार प्रकट किये गये बताया बाबा सहाब ही थे, जिन्होंने सभी नागरिकों को समानता का अधिकार दिलाया तथा महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया कुरितियो पर अंकुश लगाया, जैसे-बाल विवाह, अनूसूचित जाति तथा अनूसूचित जनजाति, ओ.बी.सी. जैसी जातियों को कड़ा कानून बना कर अधिकार दिलाया विचार गोष्ठी की अध्यक्षता दीनदयाल जाटव ब्लॉक अध्यक्ष सेवर ने की। इस मौके पर प्रभूदयाल सैन, राजू सेवर, ताराचन्द रेन्जर रामप्रसाद भगत, रमेशदास कबीर, मनोज ततामड़, टिंकू बंशीवाल, साहब सिंह मीणा आदि लोग मौजूद थे। तथा बाबा सहाब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये।

# बच्चा झपकाता है ज्यादा पलकें तो हो सकता है एक्सेसिव आई ब्लिंकिंग का संकेत



अभिभावकों को अपने बच्चों की हर आदतों पर नज़र रखने की आवश्यकता होती है। छोटे बच्चे अपने आप से परेशानियों के बारे में बता पाने में अक्षम होते हैं, ऐसे में माता-पिता को ही उनकी परेशानियों को समझना पड़ता है। बच्चों में ज्यादा पलकें झपकाना भी एक ऐसी ही समस्या है। यदि आपका बच्चा भी बार बार पलके झपकता है तो आप इसे हल्के में ना लें। इसे एक्सेसिव ब्लिकिंग की समस्या कहते हैं। वैसे बच्चे एक मिनट में करीब चार बार पलकें झपकाते हैं। उम्र बढ़ने के साथ इनकी पलके झपकाने की दर बढ़ जाती है। टीनएज तक पलके झपकाने की दर कम से कम 14 से 17 बार प्रति मिनट तक पहुंच जाती है और वयस्क होने तक ये दर करीब 15 से 30 गुना तक बढ़ जाती है। एक्सेसिव ब्लिकिंग एक अनैच्छिक और नेचुरल रिफ्लेक्स है, जो आंखों को लुब्रीकेट और क्लीन करने का काम करता है। लाइट और डस्ट के संपर्क में आने पर बच्चा सामान्य से ज्यादा बार पलकों को झपका सकता है। कभी-कभी बच्चे किसी नई आदत या आई स्ट्रेन की वजह से भी अत्यधिक पलकें झपकाते हैं।

## ओसीडी

कंपल्सिव आई ब्लिंकिंग ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) का एक लक्षण हो सकता है। ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर एक प्रकार की मानसिक बीमारी है। ऑब्सेसिव थॉट्स और कमपल्संस की वजह से ओसीडी की बीमारी होती है। ओसीडी के एपिसोड के दौरान बच्चा खुद को शांत करने के लिए अपने पलकें बहुत बार झपका सकता है। ओसीडी आई ब्लिंकिंग सामान्य तौर पर एक छोटे से अंतराल में अचानक हो सकती है।

## टिक्स

मोटर टिक्स (बच्चों में कुछ आसान्य आदत जैसे मुंह बनाना, हाथ झटकना व कई बार पलके झपकाना) अक्सर असामान्य आई मूवमेंट्स के रूप में बच्चों को हो सकती है, जैसे बार-बार पलक झपकना। नींद की कमी या तनाव होने के कारण टिक्स की समस्या हो सकती है।

## आई स्ट्रेन

आंखों पर जोर पड़ने से बच्चे अक्सर बहुत ज्यादा पलकें झपकाते हैं। बहुत ज्यादा देर तक टीवी, कम्प्यूटर या फोन स्क्रीन को देखना या बहुत देर तक किताबें पढ़ने से बच्चों की आंखों में स्ट्रेन हो सकता है, जो बार बार पलकें झपकाने का कारण भी बन सकता है।

## ड्राई आईज

अगर आपका बच्चा आंखों में जलन की शिकायत करता है, या बार-बार रगड़ता है और जरूरत से ज्यादा पलकें झपकता है, तो ऐसा ड्राई आईज (आंखों में सूखेपन) के कारण हो सकता है। आखों में सूखेपन के कई कारणों से हो सकते हैं, जिसमें इम्यून डेफीशिएंसी या न्यूरोलॉजिक समस्या शामिल है।

## एलर्जी

एलर्जी के कारण से आपके बच्चे को छींक आने और नाक बहने की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से बच्चे की आंखों पर एलर्जी भी हो सकती है और ये अत्यधिक पलकें झपकाने का कारण बन सकती है।

## दिखने में समस्या होना

कॉमन विजन प्रॉब्लम्स (देखने में सामान्य परेशानी) जैसे नियरसाइटेडनेस (पास की नजर) और फारसाइटेडनेस (दूर की नजर) में भी बच्चे अपना विजन सही करने के लिए बार-बार पलक झपकाने या आंखों को बार-बार रगड़ने का काम कर सकते हैं।

## कॉर्निया में परेशानी आना



आंख की कोर्निया पर आई लैशेज के झड़ने या खुजली महसूस होने से आखों में परेशानी हो सकती है और ये बच्चों में अत्यधिक पलकें झपकने का कारण बन सकती है।

# सिंघाड़ा और मिश्री साथ में खाने से मिलते हैं कई फायदे



ठंड के मौसम की शुरुआत के बाद बाजार में सिंघाड़ा काफी देखने को मिलता है। खाने में बहुत स्वादिष्ट होता है, साथ ही इसमें पानी भरपूर मात्रा में होता है जिससे यह शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता और आपको हाइड्रेट रखता है। वहीं, मिश्री चीनी का प्राकृतिक रूप है, जो न सिर्फ आपकी मीठे की क्रेविंग को दूर करने में मदद करती है, साथ आपकी सेहत को नुकसान भी नहीं पहुंचाती है। दोनों में सेहत के लिए कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। सिंघाड़ा की बात करें तो यह फाइबर, विटामिन ए, सी, मैग्नीशियम, मैंगनीज, फास्फोरस आदि प्रचुर मात्रा में होते हैं, वहीं धागे वाली मिश्री में भी कई विटामिन और मिनरल्स मौजूद होते हैं।

**शुगर क्रेविंग करे कंट्रोल :** अगर आप सिंघाड़ा और मिश्री का साथ में सेवन करते हैं, तो ऐसा करने से आपकी मीठा खाने की क्रेविंग को शांत करने में मदद मिलेगी। मीठे फूड्स का अधिक सेवन सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होता है।

**एनर्जी प्रदान करता है :** सिंघाड़ा पानी से भरपूर होता है वहीं मिश्री खाने से भी शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह जल्दी पच जाते हैं और आपकी थकान दूर कर शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**पेट स्वस्थ रहता है :** सिंघाड़ा और मिश्री दोनों ही, पाचन के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। यह पानी और फाइबर से भरपूर होते हैं। यह आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देने और पाचन संबंधी समस्याएं दूर करने में मदद करते हैं।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है :** शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में यह कॉम्बिनेशन बहुत मददगार साबित हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सिंघाड़ा एंटीक्सिडेंट्स से भरपूर होता है, जो फ्री-रेडिकल्स से लड़ने और कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करता है।

**वजन प्रबंधन में मिल सकती है मदद :** डाइट्री फाइबर से भरपूर सिंघाड़ा और मिश्री का कॉम्बिनेशन, लंबे समय तक पेट भरा महसूस कराने में मदद करता है।

# ऑयली स्किन से पाना चाहते हैं छुटकारा तो चेहरे पर लगाएं ये असरदार फेस मास्क

ऑयली स्किन की समस्याओं को कम करना काफी बड़ा टास्ट हो जाता है। इसके अलावा इस तरह के स्किन की देखभाल करना हमारे लिए काफी मुश्किल है। ऑयली स्किन बालों को स्किन केयर प्रोडक्ट्स को चुनने से लेकर अपना मेकअप चुनने तक काफी ध्यान और सावधानी रखनी पड़ती है। अगर आपकी भी स्किन ऑयली है, तो मार्केट के प्रोडक्ट्स को इस्तेमाल करने के बजाय घर के उत्पादनों का इस्तेमाल करें। ताकि स्किन से अत्यधिक सीबम उत्पादन को कंट्रोल किया जा सके।

**एलोवेरा जेल और हल्दी :** ऑयली स्किन की परेशानी को दूर करने के लिए एलोवेरा और हल्दी का फेसमास्क लगाया जा सकता है। इसके लिए 1 चम्मच फ्रेश एलोवेरा जेल लें। इसमें 1 चुटकी हल्दी पाउडर मिक्स करें। अब दोनों सामाग्री को अच्छी तरह से मिक्स करके इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसके बाद करीब 20 मिनट के लिए इसे छोड़ दें। बाद में गर्म पानी से चेहरा धो लें। इससे आपकी स्किन ग्लो करेगी। साथ ही स्किन मॉइस्चराइज हो सकता है।



**मुल्तानी मिट्टी और गुलाबजल :** गुलाबजल और मुल्तानी मिट्टी से तैयार फेसपैक आपकी स्किन के लिए काफी हेल्दी हो सकता है। यह स्किन पर मौजूद अतिरिक्त तेल को हटाने में प्रभावी है। इसके लिए 1 कटोरी लें। इसमें 1 टेबलस्पून मुल्तानी मिट्टी और थोड़ा सा गुलाबजल मिक्स करें। इसके बाद इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। बाद में गर्म पानी से चेहरा धो लें। इससे आपकी स्किन पर मौजूद अतिरिक्त तेल बाहर निकल सकता है। साथ ही स्किन की चमक भी बढ़ेगी।

**ओटमील और शहद :** ओटमील और शहद से तैयार फेसपैक आपकी स्किन के लिए काफी हेल्दी है। इस फेसपैक को तैयार करने के लिए 1 कटोरी लें। इसमें थोड़ा सा ओटमील पीसकर डालें। अब इसमें 2 चम्मच ऑर्गेनिक शहद डालें। इसके बाद इसे अच्छी तरह से मिक्स करें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाकर करीब 15 मिनट के लिए छोड़ दें। बाद में ठंडे पानी से चेहरा धो लें। सप्ताह में कुछ दिनों तक इस फेसपैक को लगाने से आपको ऑयली स्किन की परेशानी से छुटकारा मिल सकता है।

**टी ट्री ऑयल, बेंटोनाइल क्ले और गुलबाजल का फेसपैक :** ऑयली स्किन के फेसपैक तैयार करने के लिए 1 कटोरी लें। इसमें दो बड़े चम्मच बेंटोनाइट क्ले डालें। इसके बाद इसमें दो बड़े चम्मच शुद्ध गुलाबजल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह से मिक्स करें। अब इसमें टी ट्री एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदों को डालकर मिक्स करेँ। तैयार फेसपैक को चेहरे पर लगाएं। करीब 15 मिनट तक इसे सूखने दें। इसके बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी। साथ ही स्किन पर निखार आएगा।

**बेसन और दही का फेसपैक :** बेसन और दही से तैयार फेसपैक चेहरे से ऑयल को हटाने में प्रभावी है। इसके लिए एक कटोरी में लगभग दो बड़े चम्मच बेसन और एक बड़ा चम्मच ताजा दही लें। अब दोनों को अच्छी तरह से मिक्स करके फेसपैक तैयार करेँ। अब इसे अपने चेहरे पर लगाकर करीब 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपकी स्किन पर चमक आएगी।

# कान में हवा भर जाए तो क्या करें? बचाव के उपाय

कान शरीर का सबसे जरूरी अंग है। किसी ही ध्वनि या आवाज को सुनने के लिए कान का सही होना बहुत जरूरी है। कई बार सही से ध्यान न रखने के कारण और गंदगी आदि की वजह से कान बंद हो जाता है। इसकी वजह से आपको सुनने में परेशानी हो सकती है। कान में हवा भर जाने पर भी आपको सुनने में परेशानी के अलावा कान में दर्द, सूजन आदि का सामना करना पड़ सकता है। बहुत ज्यादा गंदगी, इन्फेक्शन या किसी इंजरी के कारण इस समस्या का खतरा ज्यादा रहता है। इस समस्या से बचने के लिए कान में मैल नहीं जमने देना चाहिए। कान बंद होने पर या कान में हवा भर जाने पर आपको सुनाई देने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा इस समस्या में कान में सूजन और दर्द भी हो सकता है।

**सरसों के तेल का इस्तेमाल :** कान बंद होने या कान में हवा भर जाने पर सरसों के तेल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। सरसों के तेल को हल्का गर्म करके कान में दो से तीन बूँद डालें। ऐसा दो से तीन बार करने पर आपको कान में दर्द, सूजन और बंद कान की समस्या में फायदा मिलेगा।



**स्टीम लें :** कई बार कान बंद होना या कान में हवा भर जाना सर्दी-जुकाम के कारण होता है। चूंकि कान और नाक आपस में कनेक्टेड होते हैं, इसलिए इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए भाप लेना बहुत फायदेमंद होता है। कान में सूजन और बंद कान की समस्या से छुटकारा पाने के लिए गर्म पानी से दिन में दो से तीन बार भाप लें।

**जैतून के तेल का इस्तेमाल :** जैतून के तेल में मौजूद गुण कान से जुड़ी परेशानियों में बहुत फायदेमंद होते हैं। कान बंद होने या कान में हवा भर जाने पर जैतून के तेल को हल्का गुनगुना करके कॉटन की सहायता से कान में डालें। दिन में दो से तीन बार ऐसा करने से आपको फर्क दिखने लगेगा।

**लहसुन का तेल :** कान से जुड़ी परेशानियों में लहसुन का तेल बहुत फायदेमंद होता है। लहसुन के तेल को तैयार करने के लिए सबसे पहले लहसुन की तीन चार कलियां छील लें। अब इन्हें सरसों के तेल में डालकर अच्छी तरह से पकाएं। इसके बाद हल्का गुनगुना रहने पर रुई की सहायता से कान में इस तेल की दो से तीन बूंद डालें। ऐसा करने से आपको बंद कान या कान में हवा जाने की समस्या में फायदा मिलेगा।

**टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल :** टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल कान बंद होने या कान में हवा जाने की समस्या में बहुत फायदेमंद होता है। आप कान में टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदे दिन में दो बार डालें। ऐसा करने से बंद कान और कान में हवा भरने की समस्या से छुटकारा मिलेगा।


# जिम में साइकिलिंग करते हुए ना करें ये मिसटेक्स

जब बात कार्डियो वर्कआउट की होती है तो उसमें लोग साइकिलिंग को अवश्य करते हैं। साइकिलिंग एक आसान वर्कआउट है, जो शरीर की अतिरिक्त कैलोरी को बर्न करने में मददगार है। जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है। हालांकि, कई बार हम साइकिलिंग करते हुए कुछ ऐसी छोटी-छोटी मिसटेक्स करते हैं, जिससे वर्कआउट का भी पूरा लाभ नहीं मिल पाता है और वेट लॉस करने में समस्या होती है।

**झुककर ना करें साइकिलिंग :** कई बार ऐसा होता है कि हम साइकिलिंग करते हुए अपनी कमर को आगे झुका लेते हैं। जबकि यह तरीका काफी गलत होता है। जब भी आप साइकिलिंग करते हैं तो यह अवश्य ध्यान दें कि आप आगे की ओर ना झुकें, बल्कि अपनी कमर को सीधा रखें।

**लगाएं थोड़ा प्रेशर :** जब आप साइकिलिंग कर रहे हैं तो यह जरूरी होता है कि आप अपनी अतिरिक्त कैलोरी को बर्न करने का प्रयास करें। कई बार हम अपनी साइकिल को काफी लूज कर देते हैं और इस तरह साइकिल करना काफी आसान हो जाता है। हालांकि, इस तरह एक्सरसाइज करने का कोई लाभ नहीं होता। इसलिए, अगर आप सच में अतिरिक्त कैलोरी बर्न करना चाहते हैं तो ऐसे में आप अपनी साइकिल को थोड़ा हार्ड मोड पर सेट करें, जिससे आपको वर्कआउट करते हुए आपकी कैलोरी बर्न हो और वेट लॉस में मदद मिलेग।

**पैरों के पोश्चर पर दें ध्यान :** साइकिलिंग करते हुए पैरों के पोश्चर पर ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। कुछ लोग साइकिलिंग के दौरान अपनी सीट को काफी नीचा कर लेते हैं। जिसके कारण जब वह पैडल मारते हैं और उनका पैर नीचे जाता है, तब भी उनका घुटना मुड़ा हुआ ही होता है। लेकिन यह पोश्चर गलत है। आपको अपनी सीट को इतना ऊपर रखना चाहिए कि जब आप पैडल मारे तो पैर नीचे करने पर आपका पैर व घुटना एकदम सीधा होना चाहिए।



# सुबह खाली पेट जीरा, सौंफ और इलायची का पीना पीने से सेहत को मिलेंगे ये फायदे

सब्जियों में मसालों के तौर पर तो हम सभी जीरा, सौंफ और इलायची का प्रयोग करते हैं। यह हमारी सब्जियों के स्वाद को बढ़ाते हैं और उन्हें एक बेहतरीन सुगंध प्रदान करते हैं। वहीं बहुत से लोग इन्हें अपनी हर्बल चाय में भी शामिल करते हैं। आप किसी भी रूप में इनका सेवन क्यों न करें, इनका सेवन करने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं।



## इम्यूनिटी बढ़ाए

बदलते मौसम के दौरान होने वाली आम बीमारियों जैसे सर्दी-जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण, एलर्जी आदि से बचाव और उन्हें आपसे दूर रखने में यह कॉम्बिनेशन बहुत लाभकारी है। इससे एंटीऑक्सीडेंट्स और कई अन्य औषधीय गुणों से भरपूर होने का कारण यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करती है।

## वजन प्रबंधन में करे मदद

जीरा, सौंफ और इलायची का पानी एक नेचुरल फैट बर्नर के रूप में काम करता है। इससे अगर आप सुबह खाली पेट रोजाना इसका सेवन करते हैं, तो इससे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे आप दिनभर में सामान्य गतिविधियों के दौरान भी कैलोरी बर्न करते हैं। वेट लॉस हो या फैट लॉस, इसका सेवन करने से दोनों में ही मदद मिलती है।

## पेट के लिए है लाभकारी

पेट में गैस, कब्ज, अपच, मतली, उल्टी-दस्त आदि समस्याओं से राहत प्रदान करने में भी यह पानी बहुत फायदेमंद है। यह आपकी आंत में सूजन दूर करने में मदद करता है और आपको पाचन संबंधी समस्याओं से बचाता है।

# शरीफा के पत्तों की चाय पीने से सेहत को मिलते हैं कई फायदे

सर्दियां शुरू होते ही मार्केट में शरीफा यानी सीताफल खूब दिखने लगता है। शरीफा एक औषधीय फल है, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे कस्टर्ड एप्पल के नाम से भी जाना जाता है। इस फल के स्वास्थ्य लाभों से तो आप परिचित ही होंगे। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि शरीफा का फल ही नहीं, बल्कि इसके पत्ते भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आयुर्वेद में इसके पत्तों का इस्तेमाल कई स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। शरीफा के पत्तों में विटामिन, मिनरल, कैल्शियम, पोटैशियम, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप शरीफा के पत्तों की चाय बनाकर पी सकते हैं। इसके पत्तों को उबालकर पीने से डायबिटीज, त्वचा रोग और हृदय रोगों में लाभ होता है। शरीफा के पत्ते औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। इसके पत्तों की चाय बनाकर पीने से डायबिटीज, हृदय रोग और त्वचा संबंधी समस्याओं में लाभ होता है।



## दिल की सेहत के लिए फायदेमंद

शरीफा के पत्ते दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसके सेवन से हार्ट संबंधी रोगों का खतरा कम होता है। इसमें भरपूर मात्रा में पोटैशियम और मैग्नीशियम होता है। इसके सेवन से दिल की मांसपेशियां स्वस्थ और मजबूत बनती हैं। शरीफा के पत्तों को उबालकर पीने से स्ट्रोक और कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का जोखिम कम होता है।

## ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करे

डायबिटीज के मरीजों के लिए भी शरीफा के पत्तों की चाय बहुत फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर होता है, जो शरीर में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। शरीफा के पत्तों का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल अचानक से नहीं बढ़ता है, जिससे डायबिटीज के मरीजों को लाभ होता है। रोजाना सुबह शरीफा के पत्तों की चाय पीने से शुगर कंट्रोल में रहती है।

## त्वचा को बूढ़ा होने से बचाए

शरीफा के पत्तों की चाय ना सिर्फ सेहत, बल्कि त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके पत्तों में भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट होता है, जो त्वचा को सूरज की किरणों से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। शरीफा के पत्तों की चाय पीने से बढ़ती उम्र के लक्षणों को रोकने में मदद मिलती है। इसका सेवन करने से त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है।

## शरीर की एनर्जी बूस्ट करे

शरीफा के पत्तों की चाय बनाकर पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म रेट बढ़ता है। इसका सेवन करने से शरीर में जमा विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। शरीफा के पत्तों की चाय पीने से शरीर का एनर्जी लेवल भी बढ़ता है और आप खुद को अंदर से ऊर्जावान महसूस करते हैं।

## कैसे बनाएं शरीफा के पत्तों की चाय

शरीफा के पत्तों की चाय आप आसानी से घर पर बना सकते। इसे बनाने के लिए शरीफा के दो-तीन पत्तों को पानी से अच्छी तरह धो लें। अब पैन में एक कप पानी डालकर, इसके पत्तों को अच्छी तरह से उबालें। जब यह उबल जाए, तो पानी को छान लें और इसका सेवन करें। शरीफा के पत्तों की चाय का सेवन आप रोजना सुबह कर सकते हैं।

# पीलिया होने पर आपको हो सकती है ये दिक्कत


पीलिया एक गंभीर स्थिति है, जिसके कारण शरीर में कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में आपकी आंखों का सफेद भाग पीला पड़ जाता है। उसके बाद धीरे-धीरे इसके कारण आपकी शरीर की त्वचा भी पीला पड़ना शुरु हो जाती है। आमतौर पर पीलिया शरीर में खून की कमी, हेपेटाइटिस, पित्त की पथरी और ट्यूमर आदि के कारण होता है। इसका जल्द-जल्द से उपचार किया जाना जरूरी है, क्योंकि पीलिया होने पर लोगों का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, साथ ही इसके लक्षण भी पीलिया ठीक होने के बाद भी कई-कई दिनों तक परेशान करते हैं।

## पीलिया में क्या-क्या दिक्कत होती है

- गर्मी के मौसम में ठंड लगती है।
- बुखार आता है।
- वायरल फ्लू जैसी लक्षण और परेशानियां देखने को मिलती हैं
- पेशाब के दौरान पीले या गहरे मिट्टी के रंग पेशाब आता है।
- लिवर में सूजन की समस्या हो सकती है।
- पायोडर्मा नामक त्वचा से जुड़ी समस्या हो सकती है।
- जोड़ों में सूजन देखने को मिल सकती है।
- इसके अलावा पीलिया के उपचार के दौरान ब्लोटिंग, कब्ज, उल्टी-दस्त, मतली आदि जैसी समस्याएं भी देखने को मिल सकती हैं।

## पीलिया में रोगी की देखभाल कैसे करें

- पीलिया होने पर सबसे जरूरी बात जिसका आपको ध्यान रखने की जरूरत है वह है आपका खानपान।
- स्वस्थ और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें।
- हल्का भोजन करें।
- नट्स और ड्राई फ्रूट्स डाइट में शामिल करें।
- फल और सब्जियों का अधिक सेवन करें।
- बहुत ज्यादा भारी शारीरिक गतिविधियां करने से बचें, चाहें तो योग का अभ्यास कर सकते हैं।
- पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।
- जूस और स्मूदीज पीने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है।



मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# कोर्ट में महिला बोली-मुझे आपसे न्याय की उम्मीद नहीं

## सुनवाई के दौरान कहा-आप चाहे मुझे जेल भेज दो, मामला दर्ज

**अजमेर।** अजमेर कोर्ट में एक महिला ने जज से अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद महिला के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मामल दर्ज करवाया गया है। मामला गुरुवार दोपहर का है। कोर्ड रीडर ने महिला कॉन्स्टेबल के जरिए सिविल लाइन थाने में शिकायत दी थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। महिला सुनवाई के दौरान वह कहने लगे कि मुझे न्याय की उम्मीद नहीं है।

इससे पूर्व जब महिला चिल्लाने लगी तो वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मी उसे कोर्ट परिसर से बाहर लेकर आई। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर भारती गिर्राज की ओर से की जा रही है।

### कोर्ट में कहा- मुझे आपसे न्याय की उम्मीद नहीं

सिविल लाइन थाने में दी रिपोर्ट के अनुसार- पुरानी आरपीएससी के भवन में पीसीपीएनडीटी कोर्ट है। गुरुवार को दहेज मामले में महिला सुनवाई होनी थी। इस दौरान महिला अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया।

साथ ही कहने लगे कि- मुझे आपसे न्याय की उम्मीद नहीं है। जब तक मेरी पत्रावली (शिकायत) का किसी दूसरे कोर्ट में ट्रांसफर नहीं हो जाता, तब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर सकती।

# जयपुर में अब कचरे से बनेगी बिजली:नगर निगम को हर महीने वेस्ट के बदले मिलेंगे 20 लाख रुपए

जयपुर। बढ़ता राजस्थान

जयपुर में अब जल्द ही कचरे से बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को नगर निगम हेरिटेज मुख्यालय में हेरिटेज निगम कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा और जिंदल अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के बीच प्लांट के संचालन को लेकर एमओयू साइन हुआ। कंपनी वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट में लगभग 350 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसके लिए भारत सरकार के पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड से 192 करोड़ रुपए का ऋण भी मिलेगा। वहीं प्लांट शुरू होने के बाद जिंदल ग्रुप की ओर से हेरिटेज निगम को प्रति टन के 66 रुपए दिए जाएंगे। ऐसे में महीने भर का हेरिटेज निगम को करीब 20 लाख रुपए का राजस्व की प्राप्ति होगी।

### निगम हर दिन देगा 1 हजार टन कचरा

हेरिटेज निगम कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट पर काम काफी समय से चल रहा था। अब ये प्रोजेक्ट लगभग बनकर तैयार है। ऐसे में शुक्रवार को जिंदल ग्रुप के अधिकारी और पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ प्लांट के संचालन के लिए एमओयू किया गया है। जो जयपुर शहर के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्लांट के संचालन के लिए निगम की ओर से रोजाना एक हजार टन कचरा उपलब्ध कराया जाएगा। जो कि अभी हेरिटेज निगम डोर टू डोर कचरा संग्रहण और डिपो से कलेक्ट कर रहा है।

# मुख्यमंत्री ने लिया नौवां संकल्प 'राइजिंग राजस्थान' में वेस्ट सेग्रीगेशन के जरिए ग्रीन राजस्थान की ओर बढ़ाएंगे कदम - मुख्यमंत्री

जयपुर। बढ़ता राजस्थान

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को सफल बनाने के लिए 10 दिनों तक प्रत्येक दिन एक नए संकल्प लेने की पहल की है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को नौवां संकल्प लेते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट के आयोजन में उत्पन्न अपशिष्टों का पृथक्करण एवं निपटान करके स्वच्छ और हरित राजस्थान की ओर कदम बढ़ाया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में देश-विदेश से आने वाले विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य शामिल होंगे। इस आयोजन में विकास, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत सामंजस्य दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण सुरक्षा के लिए निरंतर जरूरी कदम उठा रही है।

# विधानसभा अध्यक्ष की राज्यपाल से मुलाकात

## अध्यक्ष ने राज्यपाल को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट की , राज्यपाल से विधान सभा के आगामी सत्र, उच्च शिक्षा और संवैधानिक विषयों पर हुई चर्चा




बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से शिष्टाचार भेंट की। देवनानी ने राज्यपाल का दुपट्टा पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया। स्पीकर देवनानी ने श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति राज्यपाल को भेंट की। देवनानी ने 16वीं राजस्थान विधान सभा के जनवरी माह में प्रस्तावित सत्र, राज्य विश्वविद्यालयों से संबंधित विभिन्न मुद्दों, उच्च शिक्षा और संवैधानिक विषयों से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर राज्यपाल से चर्चा की।

राज्यपाल को विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने गत दिनों उनके द्वारा की गई चार देशों ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर और जापान की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा के दौरान उन्होंने विधायी निकायों का अवलोकन और संसदीय प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही उन्होंने वहां भारत के राजदूतों, प्रवासी राजस्थानियों, शिक्षाविदों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और सिंधी समाज के प्रबुद्धजन से भी मुलाकात की। देवनानी ने बताया कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का यह वार्षिक सम्मेलन था। यह सम्मेलन प्रतिवर्ष अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता है।

## मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने महेश नगर थानाधिकारी कविता शर्मा के खिलाफ खोला मोर्चा

# किरोड़ी बोले-मेरी सरकार में मेरे खिलाफ ही मामला दर्ज हुआ

## मुख्यमंत्री बता सकते हैं किसके इशारे पर किया; सीआई पर कार्रवाई नहीं हो रही

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में उपचुनावों के परिणाम के बाद राजस्थान की राजनीति में एसआई भर्ती परीक्षा सहित कई मुद्दों को लेकर इनदिनों घमासान मचा हुआ है। जहां भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा लगातार इस मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को उन्होंने जयपुर में प्रेसवार्ता कर राजस्थान पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस दौरान किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि सरकार मेरी है तो क्या मैं अन्याय सहन कर लूंगा? और मेरे ही खिलाफ मुकदमा दर्ज हो रहा है। लेकिन तमाम गड़बड़ियों के बावजूद महेश नगर थानाधिकारी का बाल भी बांका नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बड़े अधिकारी और नेता कविता शर्मा को बचाने में लगे हैं। ऐसे में अब वह पार्टी प्रदेश अध्यक्ष से बात करके उनके नामों का खुलासा करेंगे। मंत्री मीणा ने कहा कि कानून में यह प्रावधान है कि किसी महिला को रात को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। हिरासत में भी नहीं लिया जा सकता है। लेकिन कविता शर्मा, मंजू शर्मा और अनीता गुर्जर को न सिर्फ गिरफ्तार करने पहुंची, बल्कि गाड़ी में बैठा लिया। इस सदमे के चलते मंजू शर्मा की दादी का निधन हो गया। मैंने पुलिस के उच्च अधिकारियों को रात में कार्यवाई करने से मना किया। लेकिन वो नहीं रुकी। जिसकी वजह से मुझे मौके पर जाना पड़ा। इसके साथ ही अपने खिलाफ राजकार्य में बाधा की रिपोर्ट को लेकर उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ एफआईआर किसके इशारे पर दर्ज हुई है। यह तो मुख्यमंत्री ही बता सकते हैं। गौरतलब है कि किरोड़ी लाल मीणा ने बीते मंगलवार की रात उप निरीक्षक परीक्षा रद्द करवाने की मांग कर रहे छात्र-छात्राओं को रोकने के लिए पुलिस द्वारा घरों पर दी गई दबिश का भी मुद्दा उठाया। इससे पहले मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने अपनी ही सरकार पर जासूसी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने ये आरोप गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम के सरकारी आवास पर पहुंचकर एक प्रेस कांफ्रेंस कर लगाए थे। मंत्री किरोड़ी मीणा ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि इंटेलीजेंस की तरफ से सरकार को यह रिपोर्ट भेजी गई है कि मैं राजस्थान की इनवेस्टमेंट समिट में विघ्न डालना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि यह बड़ा शर्मनाक है। क्या एक मंत्री होकर मैं ऐसा करूंगा।

### मुकदमे से नाम हटाने वालों पर भी हो एक्शन

उन्होंने कहा कि थानाधिकारी कविता शर्मा बड़ी असरदार पुलिस अधिकारी हैं। उनका न तो पिछले राज में बाल बांका हुआ और अब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। थानाधिकारी कविता शर्मा के खिलाफ 2017 में झोटवाड़ा थाने में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। जहां बुजुर्ग महिला ने यह मुकदमा दर्ज करवाया था। इसकी जांच हुई और चार्जशीट कोर्ट में पेश होने से पहले ही डीजीपी ने रोक दी। उन्होंने कहा कि बाद में दोबारा जांच के नाम पर थानाधिकारी कविता शर्मा का नाम इस मुकदमे से हटा दिया गया। जबकि कानूनी रूप से ऐसा नहीं किया जा सकता। जिन अधिकारियों ने ऐसा किया है। उनके खिलाफ भी केस दर्ज होने का मामला बनता है।

### पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम कर चुके तबादले की सिफारिश

मंत्री मीणा ने दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने इस साल जनवरी में कमिश्नर को पत्र लिखा है। इसमें कई गंभीर मामलों में एफआईआर और कार्रवाई नहीं करने के आरोप हैं। इसी के चलते उन्होंने थानाधिकारी कविता शर्मा का तबादला जयपुर से बाहर करने और नॉन-फील्ड पोस्टिंग करने की सिफारिश की थी।

### कविता शर्मा को बचाने वालों पर भी हो कार्रवाई

उन्होंने कहा कि बीएनएसएस का कानून कहता है कि किसी महिला से पूछताछ उसके निवास स्थान के अलावा किसी दूसरी जगह पर नहीं की जा सकती है। जबकि मंजू शर्मा को वहां से करीब 20 किमी दूर अपहरण कर गाड़ी में ले जाकर यातना दी जा रही थी। इसके बाद वे मौके पर गए थे। उन्होंने कहा कि रात के समय में रात के समय महिलाओं की गिरफ्तारी नहीं की जा सकती और न ही हिरासत में लिया जा सकता है। कविता शर्मा ने इस कानून का भी उल्लंघन किया है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और उन्हें बचाने वाले अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई हो।

### पीएम मोदी ने दिया था ये बयान

किरोड़ीलाल मीणा ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान थानाधिकारी कविता शर्मा द्वारा आधी रात को की गई कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पीएम मोदी के इस भाषण का जिक्र किया। पीएम मोदी ने हाल में चंडीगढ़ में कहा था कि अब पुलिस किसी भी व्यक्ति को अपनी मर्जी से हिरासत में नहीं ले सकेगी।

# उपराष्ट्रपति ने शिवराज सिंह को कहा- किसान के लाड़ले

## मुंबई में मंच से पूछा था- किसानों से किए वादे क्यों नहीं पूरे किए

भोपाल।बढ़ता राजस्थान

दो दिन पहले मुंबई में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भरे मंच पर किसानों से किए वादों को लेकर सवाल पूछने वाले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अब उन्हें नया नाम दिया है। संसद की कार्यवाही के दौरान उपराष्ट्रपति ने शिवराज सिंह को किसान के लाड़ले कहा है। शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने कृषि मंत्री को ये नाम तब दिया, जब कृषि मंत्रालय से संबंधित सवाल पूछे जा रहे थे। उन्होंने शिवराज सिंह से कहा कि मैंने आज आपका नामांकन कर दिया है।

दरअसल, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने संसद में सवाल उठाया कि कई किसान संगठन संसद मार्च कर रहे हैं। तीन दिन पहले एक उच्च संवैधानिक पदाधिकारी ने किसानों का दर्द जनता के सामने रखा। उसी पर जानना चाहता हूं कि सरकार क्या कर रही है और कृषि मंत्री की क्या राय है।



### मुंबई में धनखड़ ने शिवराज से ये क्या पूछा था

मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुंबई में केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में शिवराज सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने शिवराज की ओर इशारा करते हुए कहा- कृषि मंत्री जी, आपका एक-एक पल भारी है। मेरा आपसे आग्रह है और भारत के संविधान के तहत दूसरे पद पर विराजमान व्यक्ति आपसे अनुरोध कर रहा है कि कृपया करके मुझे बताइए कि किसान से क्या वादा किया गया था और जो वादा किया गया था।

### शिवराज सिंह को लेकर ये बोले उपराष्ट्रपति

जयराम रमेश की बात सुनकर धनखड़ ने कहा ये कुछ भी रिकॉर्ड नहीं होगा। फिर उन्होंने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को लेकर कहा- मंत्री जी आते-जाते समय मेरे साथ थे। मैंने मंत्री जी से कहा और मैं आश्वस्त हुआ, जिस आदमी की पहचान देश में लाड़ली के नाम से थी वो किसान का लाड़ला होगा। मैं पूरी तरह आशावान हूं कि ऊर्जावान मंत्री अपने नाम शिवराज के अनुरूप, ये करके दिखाएंगे। आज मैंने आपका नामांकन कर दिया है किसान के लाड़ले।

धनखड़ ने कहा- जयराम रमेश से मुझे उम्मीद थी कि वो कोई प्रश्न पूछेंगे। बड़ा अच्छा लगता अगर एक बार भी एडजर्नमेंट मोशन आता। लेकिन एक भी प्रश्न आया नहीं।

# महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र 7 दिसंबर से

## कालिदास कोलंबकर प्रोटेम स्पीकर बने सीएम बोले- सत्र से पहले मंत्रियों की शपथ होगी

मुंबई। बढ़ता राजस्थान

महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र 7 दिसंबर से शुरू होने वाला है। नई सरकार के गठन के बाद भाजपा विधायक कालिदास कोलंबकर शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर होंगे। नौ बार विधायक रह चुके कोलंबकर को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दोपहर 1 बजे राजभवन में शपथ दिलाई।

प्रोटेम स्पीकर बनने के बाद कोलंबकर विधासनसभा सत्र के पहले दिन 288 नव-निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। साथ ही 9 दिसंबर को 15वीं विधानसभा के लिए अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। इसके बाद सीएम फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार विश्वास मत हासिल करेगी।

इससे पहले 5 दिसंबर को देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदेअजित पवार ने उप मुख्यमंत्री की शपथ ली। 23 नवंबर को चुनाव परिणाम आने के 13वें दिन महाराष्ट्र ष्ट्रका शपथ ग्रहण हो सका। काफी मान-मनौव्वल के बाद डिप्टी ष्ट्र पद स्वीकार करने वाले शिंदे महाराष्ट्र के दूसरे ऐसे नेता बने, जो ष्ट्रसे डिप्टी ष्ट्रबने। एनसीपी नेता अजित पवार छठी बार डिप्टी ष्ट्रबने। वे कांग्रेस, महायुति और महाविकास अघाड़ी सरकार में डिप्टी ष्ट्र रहने वाले महाराष्ट्र के पहले नेता बन गए हैं।

# ऑपरेशन अर्श से फर्श: सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो-वीडियो अपलोड करने वाले इक्कीस बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने ऑपरेशन अर्श से फर्श तक के तहत शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए इक्कीस बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए बदमाशों ने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो-वीडियो अपलोड किए थे। पुलिस ने दस मुकदमे दर्ज कर अवैध हथियार भी बरामद किए है।

पुलिस महानिरीक्षक (जयपुर रेंज) अजय पाल लाम्बा ने बताया कि पिछले काफी समय से सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम-फेसबुक) हैंडल पर हथियारों के साथ फोटो-वीडियो अपलोड करने वाले लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। इसके बाद जयपुर रेंज कार्यालय की सोशल मीडिया सैल और जयपुर रेंज के जिलों की सोशल मीडिया सेल की ओर से लगातार सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो-वीडियो डालने वाले यूजर की जानकारी जुटाई गई।

इसके बाद पुलिस की ओर से दस आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त ग्यारह असामाजिक तत्वों को हथियारों के साथ फोटो-वीडियो अपलोड करने पर कार्रवाई कर अरेस्ट किया गया है। आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी अंशु सिंह (24) निवासी मांढण कोटपूतली बहरोड़, अशोक उर्फ एसपी (21) निवासी सरूण्ड कोटपूतली बहरोड़, अमित सिंह (32) निवासी प्रागपुरा कोटपूतली बहरोड़, दीपक बुनकर उर्फ डी.के शूटर (19) निवासी गुलाबबाड़ी अमरसर जयपुर ग्रामीण, रविन्द्र उर्फ बिलला उर्फ बिल्लू बालास (29) निवासी बासदयाल कोटपूतली बहरोड़, धर्मपाल सैनी (26) निवासी कुशल सती विराट नगर कोटपूतली, राजेश गुर्जर उर्फ कालू उर्फ लादेन (34) निवासी बानसूर कोटपूतली, करण सिंह (19) निवासी बासदयाल कोटपूतली, सचिन यादव (20) निवासी तसींग बहरोड़ सदर व मोती पहलवान (21) निवासी सरूण्ड कोटपूतली को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 2 देसी कट्टा, 1 पिस्तौल व 1 देसी पौना बरामद किया गया है। वहीं हथियारों के साथ फोटो-वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी जगदीश प्रसाद (31) निवासी अमाई कोटपूतली, अशोक कुमार (26) निवासी पंडितपुरा कोटपूतली, करण सिंह (19) निवासी बासदयाल कोटपूतली, नितिन गुर्जर (19) निवासी कोटपूतली, ओमप्रकाश गुर्जर (35) निवासी टापरी कोटपूतली, राहुल गुर्जर (20) निवासी बामनवास कोटपूतली, राकेश गुर्जर (24) निवासी सुंदरपुरा कोटपूतली, राहुल सैनी (19) निवासी भाबरू कोटपूतली, सचिन यादव (20) निवासी तसींग बहरोड़ सदर, राज कसाना (20) निवासी सुंदरपुरा कोटपूतली और राहुल उर्फ महिपाल गुर्जर (20) निवासी बुहारू बांदरसिंदरी अजमेर को गिरफ्तार किया गया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com